e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 143

# प्रभात मंत्र

शनिवार
27.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

व्यक्ति को अपने जीवन परछाई और आईने के जैसे दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40° |
| न्युनतम | 24° |

## क्विक न्यूज

### डोभा में डूबने से दो भाइयों की मौत

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना क्षेत्र के टोटो बड़का टोली गांव में भुतहा डोभा में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई है। इस घटना के बाद दोनों बच्चों के घर में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जिले में लगातार इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय निवासी कार्तिक उरांव के पुत्र श्रीकांत (8 वर्ष) और श्रीनाथ (10 वर्ष) के रूप में दोनों की पहचान हुई है। दोनों भाई नहाने के लिए डोभा में गए हुए थे। इसी दौरान दोनों की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### ऑल्टो कार खाई में गिरी, 05 लोगों की मौत

**देहरादून/टिहरी :** टिहरी जिले के कोठियाड के पास शुक्रवार को एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में 05 लोगों की मौत की खबर है। घटना लगभग साढ़े 03 बजे की बताई जा रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून से मिली जानकारी के अनुसार कार में पांच लोग सवार थे। पांचों की मौत हो गई है। मौके पर पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम मौजूद है।

### सिद्धारमैया ने की सोनिया गांधी से मुलाकात

**नई दिल्ली :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि कर्नाटक में कैबिनेट विस्तार के मद्देनजर सिद्धारमैया पार्टी आलाकमान से चर्चा के लिए दिल्ली आए हैं। जब वे सोनिया गांधी से मिलने उनके आवास 10 जनपथ पहुंचे तो वहां राहुल गांधी भी मौजूद थे। सिद्धारमैया ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात के पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ राज्य के मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान और विधायक बैराथी सुरेश भी थे। यह माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर जल्द ही कैबिनेट विस्तार कर सकती है।

### कांग्रेस ने उठाए सेंगोल पर सवाल, स्मृति ईरानी ने कहा- कांग्रेस हिन्दू विरोधी पार्टी

**नई दिल्ली :** नई संसद के उद्घाटन समारोह का कांग्रेस के बहिष्कार और सेंगोल पर उठाए गए सवाल पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पलटवार करते हुए उन्हें हिन्दू विरोधी बताया। स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस की हताशा साफ तौर पर देखी जा सकती है। सेंगोल धर्म का दंड है, वह प्रतीक है संवैधानिक प्रणाली का, भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था का विशिष्ट अंग है। गांधी परिवार ने उस सेंगोल को अंधेरे कोने में नेहरूजी की एक छड़ी के रूप में सालों तक संग्रहालय में रखा। ऐतिहासिक सेंगोल को नई संसद में स्थापित कर इतिहास के पन्ने को सभी के लिए उजागर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार अभी भी औपनिवेशिक मानसिकता में लिप्त है। वे राजनीति को परिवार नीति मानते हैं। सत्ता के हस्तांतरण के इस परंपरा को संवैधानिक धरा पर यह प्रतीक विशेष महत्व रखता है। लेकिन विरोध करना कांग्रेस का स्वभाव है। इतिहास के इस पन्ने को वर्तमान में उजागर करने के सरकार के इस प्रयास पर राजनीति करना उनका चरित्र है।

# संसद भवन के उद्घाटन संबंधी याचिका सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा : अनुच्छेद 79 में कहीं भी इस बात की अनिवार्यता नहीं दी गई है कि कोई उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों ही करवाना जरूरी है**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से करवाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ठुकरा दी. कोर्ट ने कहा है कि इस तरह का आदेश देना उसका काम नहीं. सुनवाई के दौरान जजों ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता का कोई अधिकार इस मामले में अधिकार प्रभावित नहीं हो रहा है. तमिलनाडु के रहने वाले वकील सीआर जयासुकिन ने प्रधानमंत्री के हाथों नए संसद भवन का उद्घाटन करवाए जाने का विरोध किया था.

लोकसभा सचिवालय की तरफ से इस कार्यक्रम को लेकर जारी निमंत्रण पत्र को असंवैधानिक बताते हुए उन्होंने दलील दी थी कि राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख हैं. इसलिए नए संसद भवन का उद्घाटन उन्हीं से करवाया जाना चाहिए.

### हर्जाना लगाते हुए खारिज क्यों नहीं करना चाहिए याचिका ?

सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच के जस्टिस जेके माहेश्वरी और पीएस नरसिम्हा की बेंच के सामने यह मामला लगा. जजों ने शुरू में ही पूछा कि इस तरह की याचिका को हर्जाना लगाते हुए खारिज क्यों नहीं करना चाहिए ? इस पर वकील ने अपनी बात रखने की अनुमति मांगी. याचिकाकर्ता ने कहा कि राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख हैं. संविधान के अनुच्छेद 79 में संसद का जो गठन बताया गया है, उसके तीन हिस्से हैं - राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा. इस तरह राष्ट्रपति संसद का एक हिस्सा है जबकि प्रधानमंत्री सिर्फ संसद के सदस्य हैं. इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि अनुच्छेद 79 सिर्फ एक व्यवस्था की व्याख्या करता है. इसमें कहीं भी इस बात की अनिवार्यता नहीं दी गई है कि कोई उद्घाटन भी राष्ट्रपति के हाथों ही करवाना जरूरी है.



### याचिका अनुच्छेद 32 के तहत कैसे दाखिल की गई

जस्टिस जेके माहेश्वरी ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि इस तरह की याचिका अनुच्छेद 32 के तहत कैसे दाखिल की गई ? मामले में याचिकाकर्ता या किसी भी व्यक्ति का कौन सा अधिकार प्रभावित हो रहा है? वकील ने एक बार फिर कहा की अनुच्छेद 85 के तहत राष्ट्रपति ही संसद का सत्र बुलाते हैं और 87 के तहत वह दोनों सदनों को संबोधित करते हैं. जजों ने कहा कि हमने याचिकाकर्ता को काफी देर तक अपनी बात रखने की अनुमति दी. वह यह साबित नहीं कर पा रहा है कि मामले में सुप्रीम कोर्ट को क्यों दखल देना चाहिए ? संविधान के जिन अनुच्छेदों का उल्लेख उन्होंने किया, उनसे कहीं भी यह साबित नहीं होता कि किसी इमारत का उद्घाटन राष्ट्रपति को ही करना चाहिए.

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज होने से विपक्ष को लगा झटका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे. इस पर जमकर सियासत हो रही है. तमाम विपक्षी दल केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं. विपक्षी दलों का कहना है कि देश की संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों होना चाहिए, प्रधानमंत्री के हाथों नहीं. इतना ही नहीं अब तक 21 विपक्षी दलों ने उद्घाटन समारोह के बायकॉट का ऐलान भी किया है. हालांकि, एनडीए के घटक समेत 25 दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का ऐलान किया है. इधर सुप्रीम कोर्ट में मामला खारिज होने के बाद विपक्ष के मुहिम को झटका लगना स्वाभाविक है।

# आंधी-पानी से बदला मौसम का मिजाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी समेत झारखंड के कई इलाकों में शुक्रवार दोपहर तेज हवा के साथ बारिश हुई. इस कारण राजधानी समेत कई जिलों में पेड़ कबड़ कर रोड पर आ गिरे. पिछले चार दिनों से आंधी-पानी से रांची समेत कई जिलों में उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली है. तापमान में गिरावट आयी है. मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को सबसे ज्यादा बारिश 7.2 मिमी रांची में रिकॉर्ड की गई थी. वहीं गुरुवार को सबसे अधिक वर्षा 78.8 मिमी गढ़वा जिले में रिकॉर्ड की गई है. बारिश होने से गर्म हवा से राहत तो मिली है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई. जबकि एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा, ओलावृष्टि तथा तेज हवा दर्ज की गयी है. राज्य में सबसे अधिक तेज सतही हवा 81.4 केएमपीएच हजारीबाग में दर्ज किया गया है. वहीं सबसे अधिक वर्षा 78.2 मिमी गिरिडीह में दर्ज किया गया. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 42.5एसे. डालटनगंज, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.2एसे. चाईबासा में दर्ज किया गया.

रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम अब ऐसा ही रहने की उम्मीद है. रांची में 29 और 30 मई को मौसम शुष्क रहेगा. उसके बाद पूरे हफ्ते बादल छाए रहेंगे.

### इस साल सामान्य से कम होगी बारिश

**नई दिल्ली :** मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अल नीनो प्रभाव के बावजूद 2023 में मानसून सामान्य रहेगा। देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से यह बेहद अहम खबर है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, चार जून को मानसून केरल में दस्तक दे देगा। बता दें कि यह लगातार पांचवां साल है, जब भारत में मानसून सामान्य रहेगा। बता दें कि देश में जून से लेकर सितंबर तक मानसून का मौसम रहता है। इस साल औसत के 96 प्रतिशत तक बरसात होने की संभावना है।मौसम विभाग का कहना है कि जून महीने में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के एनवायरमेंट मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर के चीफ डी शिवानंद पई ने कहा कि जून में देश के अधिकतर स्थानों पर सामान्य से कम बारिश हो सकती है और सिर्फ दक्षिण पेनिनसुला, उत्तर पश्चिम भारत, उत्तर पश्चिम और उत्तर भारत के कुछ इलाकों में बारिश सामान्य रह सकती है। शिवानंद पई ने कहा कि अल नीनो प्रभाव के बावजूद दक्षिण पश्चिम मानसून सामान्य रहेगा।इससे पहले आशंका जताई जा रही थी कि आगामी दक्षिण पश्चिमी मानसून सीजन में बारिश औसत से कम होने की आशंका थी।

# नक्सलियों ने फूंके पांच वाहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरनाडीह चटकपुर मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 2 करोड़ 85 लाख 40 हजार रुपए की लागत से हो रही पुलिया निर्माण कार्य पर बीती रात उग्रवादियों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान एक पोकलेन समेत चार ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर दिया।

घटना के संबंध में यहां के मजदूरों ने बताया कि चेहरे पर कपड़ा बांधकर 10 की संख्या में आधुनिक हथियारों से लैस होकर उग्रवादी पहुंचे। सबसे पहले जनरेटर को बंद कर दिया और मज़दूरों को अपना अपना फोन जमा करने के लिए कहा।

साथ ही मजदूरों को पीटना आरंभ कर दिया। नक्सलियों ने पास में खड़े ट्रैक्टर से तेल निकालकर पोकलेन समेत चार ट्रैक्टरों में तेल छिड़क कर उसे आग के हवाले कर दिया। उनलोगों ने मजदूरों को संगठन के आदेश के बिना काम आरंभ नहीं करने की चेतावनी दी। आग लगाने के बाद मजदूरों को अपने साथ कुछ दूरी तक लेकर गए। जहां पूरी गाड़ी जलने तक इंतजार किया। जिसके बाद मजदूरों को उनका मोबाइल वापस करते हुए तुरंत इसकी सूचना नहीं देने का सख्त निर्देश देते हुए वापस जंगल की ओर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

# राष्ट्रपति का समाप्त हुआ तीन दिवसीय झारखंड दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का तीन दिवसीय झारखंड दौरा समाप्त हो गया। वे शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गई। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को पूरे सम्मान के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और हेमन्त सोरेन ने विदा किया। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर उनको धन्यवाद कहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उनको शाल ओढ़ाकर उनका अभिवादन किया और भगवान बिरसा मुंडा की एक तस्वीर भेंट की। राजभवन से विदा होते वक्त राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू काफी भाव विभोर दिखी। उन्होंने कहा कि उन्हें राजभवन में छह वर्षों तक रहने का मौका मिला है। यहां आने के बाद सब कुछ उनके जेहन में ताजा हो गया। उन्होंने कहा कि झारखंड में मिले प्यार से वे अभिभूत हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राष्ट्रपति का धरती आबा भगवान बिरसा की पावन भूमि पर अभिनंदन और जोहार किया।उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आगमन हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बीच कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में इनकी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ने झारखंड के नए उच्च न्यायालय भवन का भी उद्घाटन किया। वे बाबा नगरी देवघर से होते हुए खूंटी तक पहुंचीं। इस दौरान हम लोग भी इनके साथ साथ रहे। राष्ट्रपति ने आम जनों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना तथा समझा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजभवन में भी माननीया राष्ट्रपति महोदया ने देश के सबसे दुर्गम इलाके में रहने वाले आदिम जनजाति समुदाय की समस्याओं को सुना-समझा तथा निराकरण हेतु प्रयास किया। आदरणीय राष्ट्रपति महोदया के साथ इतने घंटे बिताने के बाद भी यह एहसास नहीं हुआ कि हम देश की राष्ट्रपति के साथ हैं बल्कि यह एहसास हुआ कि हम अपने अभिभावक एवं मार्गदर्शक के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। राष्ट्रपति का अचानक गाड़ी से उतर कर महिलाओं के बीच जाना उन्हें तमाम संघर्षों के बीच आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना एक अपनत्व का बोध दिलाता है। निश्चित रूप से राष्ट्रपति का 6 वर्ष झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्यकाल एक अभिभावक और मार्गदर्शक का रहा। झारखंड के राज्यपाल के रूप में इनका कार्यकाल राज्य वासियों के लिए सदैव यादगार रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राष्ट्रपति की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमलोगों के लिए गर्व की बात है कि आप देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित कर रही हैं। आप एक मार्गदर्शक के रुप में जो संदेश देते हैं उसका अनुसरण हम सभी लोग करेंगे। हमारी सरकार आपकी सोच के अनुरूप दबे-कुचले लोग जो चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। आप हमेशा हमारे बीच एक मार्गदर्शक के रूप में रहेंगी। आपकी सोच के अनुरूप ही राज्य में विकास को हम गति देने का काम करेंगे। हमारा प्रयास है कि विकास की राह में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजना के साथ-साथ सरकार की नजरें भी पहुंचे।



**रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल और सीएम ने किया विदा**

# लोगों का स्नेह और विश्वास मुझे देश की सेवा करने की ऊर्जा देता है: पीएम

**एजेंसी**

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों के प्यार और स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया है। वह तीन देशों के दौरे से प्रधानमंत्री की वापसी पर लोगों के उत्साह के बारे में न्यूज एंकर के ट्वीट का जवाब दे रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट किया, ये करोड़ों देशवासियों का प्रेम और विश्वास ही है, जो मुझे नई ऊर्जा से भर देता है और हर पल देश सेवा के लिए प्रेरित करता है।



### नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा : पीएम

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित संसद भवन परिसर का एक वीडियो साझा करते हुए शुक्रवार को कहा कि नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। मोदी ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करते हुए, लोगों से 'माई पार्लियामेंट माई प्राइड' हैशटैग का उपयोग करते हुए अपने वॉयसओवर के साथ वीडियो को साझा करने का भी आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट में कहा, नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। यह वीडियो इस प्रतिष्ठित इमारत की एक झलक पेश करता है।

मेरा एक विशेष अनुरोध है- इस वीडियो को अपने वॉयस-ओवर के साथ साझा करें, जो आपके विचारों को व्यक्त करता है। मैं उनमें से कुछ को री-ट्वीट करूंगा #MyParliamentMyPride का इस्तेमाल करना न भूलें। उल्लेखनीय है कि नए संसद भवन का उद्घाटन समारोह 28 मई को सुबह हवन और सर्व-धर्म प्रार्थना के साथ शुरू होगा।

### प्रधानमंत्री ने देश के सबसे लंबे समुद्री पुल मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक पर प्रसन्नता व्यक्त की

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे समुद्री पुल मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह अगली पीढ़ी का बुनियादी ढांचा है जो लोगों के लिए ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देगा। एमटीएचएल की विशेषता के बारे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को ट्वीट किया, अगली पीढ़ी का बुनियादी ढांचा जो लोगों के लिए ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में इसकी नींव रखी थी। सेवरी से न्हावा के बीच 22 किमी लंबा 6-लेन समुद्री पुल है। इस पुल से ईंधन, परिवहन लागत और यात्रा के 1 घंटे के समय की बचत होगी।

### आयशा मकरानी और तुषार के दावे झूठे : यूपीएससी

**नई दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के संज्ञान में आया है कि दो व्यक्ति फर्जी तरीके से दावा कर रहे हैं कि यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा, 2022 में सही मायने में अनुशंसित उम्मीदवारों के दो रोल नंबरों के खिलाफ अंतिम रूप से सिफारिश की है। दोनों व्यक्तियों के दावे झूठे हैं। उन्होंने अपने दावों को साबित करने के लिए अपने पक्ष में जाली दस्तावेज बनाए हैं। यूपीएससी का सिस्टम मजबूत होने के साथ-साथ फुल प्रूफ भी है और ऐसी त्रुटियां संभव नहीं हैं। यूपीएससी ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि आयशा मकरानी और तुषार दोनों ने परीक्षा नियमों के विपरीत काम किया है। यूपीएससी दोनों उम्मीदवारों के खिलाफ उनके धोखाधड़ी कृत्यों के लिए आपराधिक और अनुशासनात्मक दंडात्मक कार्रवाई पर विचार कर रहा है।आयशा मकरानी ने 5 जून, 2022 को प्रारंभिक परीक्षा दी थी और उसमें वह उत्तीर्ण नहीं हो सकी थीं। प्रारंभिक परीक्षा के चरण में ही विफल होने के कराण वह परीक्षा के अगले चरणों में आगे नहीं बढ़ सकीं। इसके बावजूद वह अपनी अंतिम सिफारिश का दावा कर रही हैं।

## अवैध बालू उत्खनन से पंडा नदी का अस्तित्व खतरे में, माफिया है सक्रिय

# केतार क्षेत्र के पंडा नदी से रात भर बिना रोक टोक हो रही है अवैध बालू की ढुलाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** केतार (गढ़वा) प्रखंड के पंडा नदी विभिन्न घाटों से इन दिनों अवैध बालू का उत्खनन और कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। ज्ञात हो कि दर्जनों बालू माफिया शाम 6 बजे से सुबह 4 बजे तक बिना रोक टेक के ताली, मुकुन्दपुर, केतार, दासीपुर, बलिगढ़ के पंडा नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की माने तो प्रखंड क्षेत्र के नदियों से बालू के अवैध उत्खनन का यह कारोबार प्रशासन की शह पर अथवा संरक्षण में हो रहा है। तभी तो इस क्षेत्र में बालू चोरी का यह कारोबार आसानी से फल फूल रहा है और झारखंड सरकार को हर दिन लाखों रुपए राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। प्रशासन इन बालू चोरों पर कार्रवाई करने की बजाय चुप्पी साधे हुए है। वही दबंग बालू चोर अवैध रूप से पंडा नदी की बालू का उठावकर केतार क्षेत्रों के अलावे भवनाथपुर सहित नगर उंटारी क्षेत्र में ले जाकर महंगे दामों में बेच कर मोटी कमाई करते हैं। लोगों का कहना है कि अवैध बालू का उठाव पर पूर्णतः रोक है। इसके बावजूद कैसे इन दबंग बालू माफिया आसानी से उक्त बालू घाट से बालू का उठाव कर ले रहे हैं और प्रशासन हाथ पर हाथ धरकर बैठी है यह समझ से परे है।साथ ही कहा कि प्रशासन जल्द बालू माफियाओं पर अंकुश नही लगाती है तो ये बालू माफिया सरकार को लाखों रुपये का राजस्व का चूना तो लगाएंगे ही परंतु



बड़ी घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि बालू माफिया का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह बालू चोरी के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहते हैं। जब कि विशुनपुरा का जतपुरा बालू घाट की घटना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। नाम नहीं छापने की शर्त पर ताली, मुकुंदपुर, केतार, दासीपुर, बलिगढ़ के ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही दर्जनों बालू कारोबारी अवैध बालू उठाव के लिए विभिन्न गांव के पंडा नदी घाट की ओर कूच करते है। और प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू उठाव करते हैं। जिसे प्रति ट्राली बालू 3500 सौ से 5000 रुपए में बेचकर मोटी कमायी करते है। इसकी रोकथाम के लिए कई बार प्रशासन से शिकायत भी किया जाता है। लेकिन प्रशासन भी कार्रवाई नहीं करती है। तभी तो बालू कारोबारियों का अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार बालू माफिया तथा ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प भी हो चुका है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि बालू लेकर जाते समय ट्रैक्टर की रफ्तार इतनी तेज रहती है कि हमेशा बड़ी दुर्घटना घटने की अशंका बनी रहती है। इसके भय से हमलोग ट्रैक्टर को नहीं रोक पाते है। लेकिन प्रशासन की मिलीभगत से दबंग बालू माफिया प्रखंड के विभिन्न पड़ा नदी घाट से आसानी से अवैध बालू का उठाव कर ले रहे है। जिसका खामियाजा है की सदाबह कहे जाने वाली पंडा नदी का अस्तित्व दिन प्रतिदिन दम तोड़ रही है। इस संबंध में केतार बीडीओ सह सीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि समय-समय पर छापेमारी की जा रही है जो भी ट्रैक्टर अवैध बालू उठाव या सप्लाई करते पकड़ा जायेगा। उसके विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करते हुए एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी।

## चोरी के पांच मोटरसाइकिल के साथ दो चोर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** पलामू पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ दो चोर सैफ अंसारी और अमन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि दिनांक 25 मई की संध्या में चैनपुर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि तीन व्यक्ति ग्राम गांधीपुर थाना चैनपुर मे चोरी का मोटरसाईकिल बेचने के लिए जुटे हुए हैं। इस गुप्त सूचना के आधार पर एक छापामारी टीम का गठन किया गया । छापामारी के क्रम में ग्राम गांधीपुर स्थित पथरा रोड के पास तीन व्यक्ति को एक काला रंग का पल्सर मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन नंह जेएच03एल 6975 के साथ देखा गया छापामारी टीम के सदस्यों के द्वारा एक काला रंग का पल्सर रजिस्ट्रेशन नं0 जेएचह3एल-6975 एवं दो लोगो को पकड़ा




गया। दोनो लोगो से उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम 1 सैफ अंसारी पिता जैदुल अंसारी ग्राम बंजारी 2. अमन कुमार पिता अजय शर्मा ग्राम गांधीपुर दोनो थाना चैनपुर बताये एवं भागे हुए साथी का नाम अभिषेक विश्वकर्मा पिता स्व0 उमा शंकर साव ग्राम गांधीपुर थाना चैनपुर जिला पलामू बताये । पुछताछ में पकडाये व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि उक्त मोटरसाईकिल एचडीएफसी बैंक रंका राज कम्पलेक्स के पास से चुराये थे । उक्त पकड़ाये व्यक्तियों के निशानदेही पर कुल पाँच मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। इसके बाद दोनों मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी अभियान में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता, एएसआई सुधीर कुमार एवं चैनपुर थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## पलामू उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या, दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया.जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा.उपायुक्त दोड्डे ने क्रमवार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।शहर के जेलहाता निवासी ललिता शर्मा को इलाज हेतु 20 हज़ार रुपये की उपायुक्त ने की मदद जनता दरबार में मेदनीनगर शहर के जेलहाता से आये ललिता शर्मा ने उपायुक्त को बताया कि उनके पेट में काफी लंबे समय से गांठ होने संबंधी बीमारी है जिसका लगातार



इलाज चल रहा है जिसमें उनके काफी अधिक पैसे खर्च हो गए हैं अब वह आगे इलाज कराने हेतु आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है अतः उन्होंने उपायुक्त से आर्थिक मदद करने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति को 20 हज़ार रुपये की मदद की.इसी क्रम में चैनपुर से आये धर्मदेव तिवारी ने उनके रैयती जमीन पर एनआरईपी अंतर्गत बन रहे सड़क निर्माण पर रोक लगाने हेतु अनुरोध किया.शुक्रवार को जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, राशन, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## नाबालिक बच्ची को मारपीट कर किया घायल

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चित्रा गांव में आपसी विवाद में चाची ने नाबालिग भतीजी के साथ की मारपीट,रामगढ़ थाना में दर्ज हुआ मामला। रामगढ़ थाना क्षेत्र के चित्रा गांव में आपसी विवाद को लेकर चाची ने अपने 17 वर्षीय नाबालिग भतीजी को पीट दिया और गाली गलौज किया। इस संदर्भ में पीड़ित नाबालिग बच्ची ने रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया है। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर रामगढ़ थाना में मामला दर्ज करते हुवे अनुसंधान किया जा रहा है नाबालिग बच्ची ने बताया है कि किसी बात पर उसकी चाची ने ही उसे मारपीट कर घायल कर दिया जिसके कारण वह इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती रही और उसकी स्थिति ठीक रही थी इस संदर्भ में उसने करवाई की मांग की है उप्तआवेदन के आधार पर रामगढ़ थाना में मामला दर्ज किया गया और अनुसंधान किया जा रहा है।

## फेयर माइंस कार्बन कंपनी द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारंभ : निलेश

**पंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेयर माइंस कार्बन कंपनी के उप महाप्रबंधक निलेश कुमार सिंह व उनके टीमआवास के सदस्यों ने निजी क्षेत्र का किया निरीक्षण। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा स्थित फेयर माइंस कार्बन कंपनी के उप महाप्रबंधक निलेश कुमार सिंह व उनके टीम के सदस्यों ने निजी क्षेत्र एरिया का किया निरीक्षण।निजी क्षेत्र एरिया में कोल कंपनी द्वारा आवास निर्माण कार्य को शुरू करा दिया है। कंपनी के उप महाप्रबंधक निलेश कुमार सिंह ने कहा कि आवास के साथ साथ ऑफिस का कार्ज भी इस स्थल पर बनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही कंपनी इस क्षेत्र में कोयले का उत्खनन का कार्य शुरू करेगी 7इस मौके पर कंपनी के रिसीविंग ऑफिसर सी.के तिवारी के अलावा राहुल कुमार ,पंडवा के रैयतों में सामाजिक कार्यकर्ता मंदीप कुमार,धीरेंद्र चौहान,दिनेश मेहता साहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## शादी कार्ड बांटने गए शख्स के साथ मारपीट

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ी गांव में बेटी के शादी का कार्ड बाटने गए शख्स से उसके समधी ने की मारपीट,चैनपुर थाने में 7 लोगो पर दर्ज हुआ मामला। चैनपुर थाना क्षेत्र के बोड़ी गांव में अपने बेटी का शादी का कार्ड बाटने गए जुमरती अंसारी को उसके समधी अन्य परिजनों ने ही पीट दिया। इस संदर्भ में लिखित आवेदन देकर जुमरती अंसारी ने 7 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मामले में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर नईमुदीन अंसारी,ताहिद अंसारी,जबार अंसारी,मुजाहिद अंसारी, सविना बीबी, समिला बीबी, अमिना बीबी के खिलाफ चैनपुर थाना में कांड संख्या 135 दर्ज करते हुवे अनुसंधान किया जा रहा है।काफी मशक्क्त के बाद दोनों पक्षों को शांत कराया गया. इसके बाद दोनों पक्ष थाना पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ परस्पर विरोधी शिकायत दर्ज कराई है. जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है।

## किसान पशुओं के गोबर से बढ़ा सकते हैं आय : बीटीएम

**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड सभागार में दिन शुक्रवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण( आत्मा) पलामू की ओर से भारत सरकार कृषि मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना गोबर धन के ऊपर किसान गोष्ठी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार ने उपस्थित किसानों गोपालको एवं किसान मित्रों को बतलाया की गोबर धन योजना फरवरी 2018 को लागू किया गया था। एक बार फिर से केंद्र सरकार इस योजना को आगे बढ़ा रही है। इस योजना तहत गोबर के प्रबंधन, खाद एवं बायोगैस बनाने की योजना है ।गोबर धन योजना स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा है। 2012 मे हुई पशुओं की जनगणना के अनुसार भारत में 300 करोड़ से अधिक पशु है। गोबर से बायोगैस एवं जैविक खाद का निर्माण किया जा सकता है ।ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना से रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

## चट्टीपार में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट,चार लोगो पर मुकदमा दर्ज

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चट्टीपार में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई,मारपीट एक पक्ष से पीड़ित ने चार लोगो पर थाने में दर्ज कराया मामला। चैनपुर थाना क्षेत्र से बड़गांव पंचायत के चट्टीपार गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस संदर्भ में चंद्रिका मांझी शक्स ने लिखित आवेदन देकर चैनपुर थाना में सुदामा बैठा,अरविंद बैठा,दिलीप बैठा,धर्मेंद्र कुमार और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। लिखित आवेदन के आधार पर चंद्रिका मांझी ने बताया है कि उसके साथ आरोपियों ने जेसीबी लाकर उसके घर को तोड़ने की कोशिश किए और जमीन में गड्ढा कर दिया साथ ही लाठी डंडे और टांगी से मारकर उसे घायल कर दिया और उसके खेत में लगे मूंगा के फसल को भी बर्बाद कर दिया।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने लगाई फांसी, स्थिति गंभीर

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददता):** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सिगसिगी गांव निवासी मानदेव चौधरी की 22 वर्षीय पत्नी सोनी देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसकी विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बेहतर इलाज के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद से दुखी सोनी देवी ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। पारिजनो ने घर का दरवाजा तोड़ कर उसे नीचे उतारते हुए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु उसे मेदिनीनगर एमएमसीए रेफर कर दिया गया।

## पुलिस इन्स्पेक्टर ने किया थाना का औचक निरीक्षण

**नौडीहा(प्रभात मंत्र संवादता):** बाजार (पलामू) छतरपुर अंचल पुलिस निरीक्षकवीर सिंह मुंडा के द्वारा आज नौडीहा बाजार थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस इन्स्पेक्टर वीर सिंह ने सभी अनुसंधानकर्ता को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व या वर्तमान मे सभी लंबित मामला को जल्द से जल्द निष्पादन करें । उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि समय के अनुसार लबित मामले की निष्पादन नहीं करने वाले केस अनुसंधानकर्ता पुलिस अफसरों के खिलाफ अग्रेतर करवाई के वरीय पदाधिकारी को पत्र लिख दिया जाएगा। थाना प्रभारी अमन कुमार,पुलिस अवर निरीक्षक सीता राम मुर्मू,सहायक पुलिस निरीक्षक महादेव उरांव -टुनटुन कुमार राय सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## जिला में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मैट्रिक परीक्षा-2023 में पलामू जिला के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के.रवि कुमार ने पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे को बधाई दी है।भविष्य में इस दिशा में और अधिक बेहतर प्रयास करने की अपेक्षा की है ताकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सके।बता दें कि मैट्रिक परीक्षा 2023 में पूरे जिले के 91.100 प्रतिशत बच्चों ने उतीर्ण कर जिले का नाम रौशन किया है।उपायुक्त श्री दोड्डे ने उतीर्ण करने वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है साथ ही उच्च शिक्षा हेतु हर संभव मदद करने की बात कही है। उपायुक्त दोड्डे ने कहा कि बच्चों के बेहतर परिणाम से पूरा जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उम्मीद है अगले वर्ष भी बच्चे और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।जिले में शिक्षा का स्तर और अधिक बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी,यहां के विद्यार्थी राज्य में शत प्रतिशत अंक लाकर राज्य में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को यहां बेहतर शैक्षणिक माहौल दिया जा रहा है ताकि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जा सके।

## तेज आंधी में पलटी ऑटो, भाई की घटना स्थल पर मौत, बहन घायल

### शादी समारोह से परिजनों के साथ लौट रहे थे भाई बहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा गांव स्थित फोरलेन पर शुक्रवार को आई तेज आंधी तूफान में ऑटो पलट गई। जिसमें घटना स्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जो युवक का बहन बताई जाती है। मृत युवक की पहचान कमता गांव निवासी 15 वर्षीय गोलू कुमार के रूप में हुई। वही घायल 12 वर्षीय युवती शोभा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई है। परिजन युवक व युवती को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सको ने भाई को गोलू कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं बहन सुबह कुमारी का प्राथमिक उपचार के तुरंत बाद 108 एंबुलेंस की मदद से मेदनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों भाई बहन गढवा जिला के डंडा गांव स्थित अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह संपन्न होने के बाद ऑटो से अपने कमता गांव स्थित अपने घर लौट रहे थे। गुरहा गांव स्थित फोरलेन के समीप जैसे ही ऑटो पहुंची तेज आंधी तूफान के साथ बर्फबारी शुरू हो गई। तेज हवा आंधी तूफान के झोंकों में ऑटो पलट गई। जिसके नीचे दोनों भाई बहन आ गए। इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बूरा हाल है।

## ओलावृष्टि के साथ आए तेज आंधी-तूफान ने मचाई कोहराम, कई पेड़ गिरे, रेल सेवा भी प्रभावित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला व विश्रामपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज आंधी-तूफान के साथ हुई ओलावृष्टि ने खूब कोहराम मचाया। दोपहर 11ः30 बजे से 12ः30 बजे तक लगभग एक घंटे तक ओलावृष्टि के साथ तेज आंधी-तूफान चला। जिससे लोगों को काफी क्षति हुई है। कई कच्चे मकान ध्वस्त हो गए। वहीं कई मकानों के एसबेस्टर का छत उड़ गया। इतना हीं नहीं कई पेड़-पौधा भी गिर गया। जिसमें तार-पोल को भी काफी क्षति पहुंची है। जिसके चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो चुका है। हलाकि विद्युत विभाग की ओर से आपूर्ति बहाल करने को ले कर्मियों को लगाए हुए है। इधर बरवाडीह डेहरी रेल खंड के गढ़वा रोज जंक्शन पर एक पेड़ रेलवे ट्रैक पर गिर गया। जिससे रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। रेलवे ट्रैक पर गिरे पेड़ के कारण लगभग दो घंटे तक रेल परिचालन ठप रहा। रेलवे ट्रैक से पेड़ हटाए जाने के बाद रेल परिचालन बहाल हुआ।

## उत्पाद विभाग ने की छापेमारी, 105 लीटर स्पिरिट बरामद

**हरिहरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ गुरुवार की देर रात्रि हरिहरगंज में छापेमारी अभियान चलाया। इस संबंध में उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेलौदर पहाड़ी तर निवासी रवि रंजन पासवान उर्फ लड्डू के घर से 105 लीटर स्पिरिट बरामद की गई।



वहीं अररूआ खुर्द निवासी पवन पासवान के घर पर भी छापेमारी कर अवैध देसी शराब बरामद किया गया है। हालांकि छापेमारी की सूचना मिलते ही अभियुक्त फरार हो गए । छापेमारी के दौरान शराब बनाने के कई सामग्री बरामद किया गया है। बताया कि उक्त दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में स्थानीय थाना पुलिस भी शामिल थी।

# महिला की हत्या में शामिल पांच आरोपी गिरफ्तार भेजे गए न्यायिक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पलामू :** पुलिस ने महिला की हत्या में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि दिनांक-22.07.2021 को छतरपुर थाना अन्तर्गत ग्राम लोहराही स्थित दबघटवा पोखर के पास एक महिला का शव बरामद हुआ था, जिसका नाम शांति देवी उम्र 35 वर्ष पति-सुदेश्वर परहिया, ग्राम-महुदण्ड, थाना-हुसैनाबाद, जिला-पलामू का निवासी थी जो छतरपुर थाना अन्तर्गत उटवाढोडा के पास अपना मकान में अपनी एक पाँच साल की बेटी के साथ रहती थी। गुजर बसर के लिये अपने घर पर ही महुआ का दारू बनाकर घर पर ही बेचती थी। शव मिलने के बाद उनके पिता वादी



रामप्रवेश परहिया के द्वारा थाना में लिखित आवेदन अज्ञात के विरूद्ध दिया गया था। जिसके आलोक में छतरपुर थाना काण्ड सं0-142/2021 दिनांक 22.07.2021 धारा-302/201 भा0द0वि0 अज्ञात के विरूद्ध दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था, अनुसंधान के क्रम में छतरपुर थाना की पुलिस द्वारा स्थानीय विश्वसनीय गुप्तचर तैयार का इस काण्ड में संलिप्त अपराधियों के बारे में लगातार जानकारी प्राप्त किया जा रहा था।इसी बीच दिनांक 25.मई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि उक्त घटना को छतरपुर थाना अन्तर्गत उटवाढोड़ा निवासी अजय राम एवं उनके सहरज बैजन्ती देवी के द्वारा षडयंत्र रच कर ग्राम खाटिन के 1. इम्तेयाज अंसारी उम्र 27 वर्ष पे0-कईल मियाँ सा0- खाटीन, थाना-छतरपुर जिला-पलामू एवं 2. सहजाद पॉवरियाँ उर्फ अंसारी उम्र 22 वर्ष पे0- हफिज पॉवरियाँ सा0- खाटिन, थाना-छतरपुर जिला-पलामू 3. कन्हाई कुमार उर्फ मेसर साव उम्र 22 वर्ष पे0-पच्चु साव सा0-खाटिन, थाना-छतरपुर जिला-पलामू के साथ मिलकर शांति देवी की हत्या का शव को पोखर में फेंक दिया गया था। उक्त सूचना पर छतरपुर थाना की पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए उपरोक्त व्यक्तियों को अलग अलग जगह से गिरफतार कर गहराई से पूछताछ करने पर उनलोगों द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार किया गया है। जिन्हें गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उक्त घटना में मुख्य रूप से अजय राम की सरहज बैजन्ती देवी के द्वारा दारू बेचने को लेकर हत्या किया गया था।

# विवाहिता के साथ युवक ने किया दुष्कर्म का प्रयास ग्रामीणों ने आरोपी को किया पुलिस के हवाले

### लड़की के पिता ने पांकी थाना में मामले को दबाने का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहे युवक को ग्रामीण में पकड़कर उसे पांकी पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी युवक सरताज खान तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा का रहने वाला है। आरोपी युवक विवाहिता पर अपने साथ रहने के लिए दबाव बना रहा था।मामले की जांच में जुटी पांकी पुलिस वहीं पांकी थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। लड़का और लड़की अलग-अलग समुदाय से आते हैं। वहीं बजरंग दल भी पूरे मामले को लेकर एक्शन मूड में आ गया है। बजरंग दल के नेताओं का कहना है कि आरोपी युवक को पुलिस तुरंत जेल भेजें , वरना बजरंग दल चुप बैठने वाला नहीं हैं। पूरे घटनाक्रम को लेकर लड़की के पिता ने पांकी थाना को लिखित आवेदन देकर युवक के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में लड़की के पिता ने कहा है कि तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा निवासी सरताज खान धमकी देकर पिछले 6 - 7 साल से उनकी बेटी के साथ यौन शोषण करते आ रहा है। इसका विरोध करते हैं तो आरोपी युवक सरताज खान धमकी देते हुए कहता है कि तुम हमारे बारे में जानते नहीं हो, तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। जिसके डर से लड़की के पिता आरोपी युवक के खिलाफ कुछ बोलने से डरते थे। लड़की के पिता का आरोप हैं कि आरोपी युवक से तंग आकर वे अपनी बेटी की शादी दूसरे गांव में किया। लेकिन आरोपी युवक सरताज खान ने वहां भी उनकी बेटी को धमकी दिया। बेटी के साथ-साथ उनके दामाद को भी आरोपी युवक ने कई बार धमकी दी। लड़की के पिता की बात मानें तो आरोपी युवक के द्वारा लड़की को अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया। शुक्रवार की सुबह आरोपी युवक लड़की के घर में घुसकर उसे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। लड़की द्वारा हल्ला करने पर उनके माता-पिता और गांव के लोग दौड़े। लड़की के माता-पिता और गांव के लोग पहुंचे तो पाया कि आरोपी युवक लड़की के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास कर रहा है। तभी ग्रामीणों के सहयोग से आरोपी युवक को पकड़ पांकी थाना पुलिस को जानकारी दी। जहां पांकी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। लड़की के पिता का कहना है कि आरोपी युवक गुंडा किस्म का व्यक्ति हैं। कभी भी वह जान मार सकता है। लड़की के पिता ने पलामू एसपी से भी न्याय की गुहार लगाई है। लड़की के पिता ने पांकी थाना पुलिस के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। लड़की के पिता का कहना है कि पांकी थाना पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है। पुलिस उन्हें न्याय दिलाने के बदले मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। हालांकि पांकी थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने बताया कि लड़की के पिता के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली समस्या को लेकर संजीव विजयवर्गीय से मिले

**रांची।** नगर निगम रांची इन दिनों बिजली की समस्या से जुझ रही हैं। कोकर लालपुर क्षेत्र के आस पास वार्डो के स्थानीय निवासियो के द्वारा बिजली की समस्या से निवर्त्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय को अवगत कराया। बिजली की गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए निवर्त्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने गौरव कुमार कार्यपालक अभियंता विद्युत आपुर्त्ति विभाग के साथ कोकर स्थित विभागीय कार्यालय में बैठक कर निम्नलिखित मांगो पर मांगपत्र सौप। सभी गंभीर विषयों पर जल्द कारवाई करने हेतु विस्तरित चर्चा किए। गौरव कुमार कार्यपालक अभियंता विद्युत आपुर्ति विभाग ने जल्द से जल्द सभी मांगो पर कार्य कराने का आश्वासन देते हुए 10 से 15 दिनो में कार्य धरातल में दिखने की बात कही।

### अब शिक्षा विभाग कराएगा एसजीएफआई से जुड़े कार्यक्रम सरोजनी लकड़ा

**रांची :** खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने कहा कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन और टीम भेजने का काम अब खेल विभाग नहीं करेगा। अब एसजीएफआई से जुड़े सारे कार्यक्रम शिक्षा विभाग ही आयोजित करेगा। उन्होंने यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि खेल संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद निदेशालय ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वह एसजीएफआई के आयोजन से दूर रहेगा। पिछले दो दिनों से खेल विभाग और शिक्षा विभाग के बीच एसजीएफआई के झारखंड अंडर 19 बालक व बालिका टीम के चयन को लेकर विवाद की स्थिति आ गई थी। दोनों विभाग टीम गठन को लेकर कमर कस चुके थे। 27 मई को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले ओपन ट्रायल को कैंसिल कर दिया गया है।

# राष्ट्रपति ने राजभवन के विजिटर बुक में लिखा, यहां जीवंत हो गईं मधुर स्मृतियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राजभवन रांची के सुंदर परिसर में आकर मुझे बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। राष्टपति दिल्ली रवाना होने से पहले राजभवन रांची के विजिटर बुक में लिखा की यहां पर प्रवेश करते ही इस भवन में बिताए छह वर्षो की मधुर स्मृतियों फिर से जीवंत हो गई। राष्टपति ने लिखा कि मैं झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और यहां के लोगों को मेरे स्नेहपूर्ण आतिथ्य के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूं। यहां की टीम के सभी सदस्यों और कर्मचारियों को सराहना करती हूं। इनसे मिलकर मुझे ऐसा लगा मैं अपने घर वापस आयी हूं। उन सभी के उज्जवल भविष्य के लिए मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



राष्टपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय दौरे का शुक्रवार को समापन कर रांची से नई दिल्ली के लिए रवाना हुई। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें विदा किया। इस क्रम में राष्टपति ने हाथ हिलाकर जोहार बोलते हुए सभी का अभिवादन स्वीकार किया और दिल्ली रवाना हो गई।

इससे पहले शुक्रवार सुबह राजभवन में राष्टपति कई गणमान्य लोगों से मिलीं। उन्होंने 25 मई को देवघर में पूजा-अर्चना कर अपने तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत की थी। इस दौरान रांची में नवनिर्मित झारखंड हाई कोर्ट भवन का उद्घाटन किया था। दूसरे दिन उन्होंने बिरसा मुंडा कॉलेज में आयोजित महिला स्वयं सहायता सम्मेलन में 25 हजार महिलाओं से संवाद किया। जबकि शाम चार बजे नामकुम में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

फिर देर शाम राजभवन में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आज अपनी यात्रा का समापन कर वे दिल्ली लौट गईं।

# पुलिस बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अरगोड़ा चौक से कुछ मीटर दूरी पहले ब्लू रंग की बास के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। मोटरसाइकिल का नंबर जेएच-01बीएफ 7720 है। बताया जा रहा है कि ब्लू रंग का बस पुलिस का है , और बस बड़ी तेजी के साथ जा रही थी इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में ले लिया। घटना के तुरंत बाद वहां पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गए, और मृतक को उठाकर रिम्स भेजा दिया है। अरगोड़ा थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अरगोडा चौक से थोड़ा सा पहले बस की चपेट में आने से



मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई है । युवक की पहचान राजीव कुमार के रूप में हुई है । वह हरमू साकेत विहार कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस अपने स्तर से पता कर रही है, वहीं बस को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है।

## छोटानागपुर डियोसिस संडे स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** छोटानागपुर डियोसिस संडे स्कूल शिविर में लगभग 900 बच्चे पूरे छोटानागपुर के 50 पेरिस भाग ले रहे है। कार्यक्रम का आरंभ सुबह की अराधना- के साथ शुरू हुई जिसका संचालन रॉय, सैमुएल भुजन एवं संदेश रेव. डेविड के द्वारा किया गया इसके बाद एचपीडीसी हॉल में मुख्य अतिथि रेव. डोरमा भटकर के संदेश जिसके साथ यीशु रहता है उसकी कोई हानि नहीं होती है प्रदान किया गया, इसके पश्चात् हरेक पेरिस के बीच गाना, डॉल, कवीज एवं फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन रखा गया।

## कसमार के हज यात्री एक जून को कोलकाता से उड़ान भरेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कसमार बोकारो की सरजमीं पर एक अजीम ओ शान जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दुस्तान के कई मशहूर खतीब और नात खाँ सिरकत किए और हज के इस मौके पर हज से तालुक बेहतरीन तकरीर पेश किया और हज का क्या मर्तबा है इस पर जोर दिया। इस अवसर पर गोमिया के पूर्व विधायक योगेन्द्र महतो राज्य मंत्री ने हाफिज को मुसाफा पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर कसमार और पास के जितने पूर्व हाजी थे सभी का सम्मानित किया गया । इस बाद 2023 में कसमार के चार आजमीन हज के लिए रवाना होंगे, जिनमें शाकीर हुसैन अन्सारी , गुलशन आरा,गुलाम ख्वाजा, मदीना बीबी शामिल है और ये सब 1 जुन 2023 कोलकता से मदीना के किए रवाना होंगे।

# नमो क्रिकेट कैंप एक से 10 जून तक कांके में, 28 को होगा ट्रायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ की ओर से नमो क्रिकेट कैप का आयोजन किया गया है। कैंप एक जून से 10 जून तक शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू (कांके) में लगेगा। इस खेल के संयोजक संजय पोद्दार ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक रांची के विभिन्न स्कूलों से 200 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसे लेकर 28 मई को शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू कांके में सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों का ट्रायल आयोजित किया गया है। सभी बच्चों को सुबह 7:30 बजे रिपोर्टिंग करनी है। प्रातः 8:00 बजे से ट्रायल शुरू किया जाएगा। ट्रायल



के आधार पर 50 बच्चों का चयन किया जाएगा । प्रशिक्षण में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की उम्र सीमा 15 से 17 वर्ष निर्धारित की गई है। झारखंड के भूतपूर्व रणजी खिलाडी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में कैंप संपन्न होगा । यहां बच्चों को क्रिकेट के बेहतर गुर सिखाया जाएंगे। इस क्रिकेट कैप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

## जस्टिस शाहदेव फाउंडेशन ने अपने कार्यों से राष्ट्रपति को कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जस्टिस एलपीएन शाहदेव फाउंडेशन के निदेशक प्रतुल शाहदेव और डॉक्टर विद्या झा ने राष्टपति द्रौपदी मुरमू से राजभवन में मुलाकात की।उन्होंने जस्टिस शाह देव फाउंडेशन के द्वारा झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में किए जा रहे समाजिक कार्यों की जानकारी दी। इससे संबंधित एक बुकलेट भी राष्टपति मैडम को भेंट किया।ज्ञातव्य है शाहदेव फाउंडेशन झारखंड के ग्रामीण इलाकों विशेषकर पलामू प्रमंडल में गरीब आदिवासियों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करता है। प्रतुल शाहदेव ने राष्टपति को गुमला के नागवंशी साम्रज्य की राजधानी रहे नवरत्न गढ़ का तैल चित्र भेंट किया।इसे भारत सरकार



के द्वारा हाल ही में देश के बारह हेरिटेज साइट में शामिल किया गया है।वहीं डॉ विद्या झा ने खुद से बनाई हुई भगवान जगन्नाथ की मिथिला पेंटिंग राष्टपति को भेंट की।

# भाजपा के मिलन समारोह में कई लोगों ने थामा पार्टी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला द्वारा आयोजित मिलन समारोह में भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा और मिलन समारोह की अध्यक्षता कर रहे भाजपा राँची महानगर जिलाअध्यक्ष के.के.गुप्ता की मौजूदगी में युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अजय साह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। साह विगत दस वर्षो से झारखंड और महाराष्ट्र में युवा कांग्रेस



और एनएसयूई के कई अहम पदों पर रहे है तथा वर्तमान में चाणक्य आईएएस अकैडमी में राजनीति विज्ञान और नैतिक विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक है। पूर्व में साह भारत सरकार के ऑडिट विभाग में भी कार्य कर चुके है जहां से इस्तीफ़ा देखकर उन्होंने युवा कांग्रेस जॉइन किया था। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ रहा है और आम जनमानस पार्टी को एक अटूट विश्वास के साथ देख रहे है। महानगर अध्यक्ष के.के. गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में भारी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ने वाले है। मिलन समारोह का संचालन महानगर महामंत्री बलराम सिंह एवं संचालन इंद्रजीत यादव ने किया। इस अवसर पर अमित सिंह ,अनिता वर्मा, बिना मिश्रा, राजकुमार महतो, बालशाई महतो पार्टी की ओर से उपस्थित रहे।

# रिम्स और सीआईपी में हुआ एमओयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), रांची और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकेट्रिक (सीआईपी), रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर शुक्रवार को हस्ताक्षर हुआ।

इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के चिकित्सकों और कर्मियों के साथ नैदानिक सेवाओं, जनशक्ति प्रशिक्षण और उच्च



अनुसंधान के उन्नयन के लिए आपसी सहयोग सुनिश्चित करना है। रिम्स के निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद और सीआईपी के निदेशक डॉ. बासुदेब दास ने संबंधित संस्थानों के नोडल अधिकारियों डॉ. अजय बाखला और डॉ. संजय कुमार मुंडा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन को निष्पादित किया।

इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, डॉ अविनाश शर्मा और डॉ निशांत गोयल उपस्थिति रहीं।

# संगठन मजबूती को लेकर अविनाश पांडेय के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से एआईसीसी कार्यालय,दिल्ली में मिलकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने संगठनात्मक मजबूती को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को धारदार,सशक्त व मजबूत बनाने के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों में प्रदेश अनुशासन समिति के द्वारा संगठन में अनुशासन को प्रभावी बनाने संबंधित विषयों को लेकर विस्तृत-चर्चा की गई।मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की प्रभारी के साथ संगठनात्मक मजबूती एवं प्रदेश के सभी जिलों में गंभीरता के साथ संगठन में अनुशासन को प्रभावी बनाने को लेकर एवं मिशन 2024 के तहत लोकसभा चुनाव संबंधित बिस्तृत चर्चा-परिचर्चा हुई,उक्त क्रम में माननीय प्रभारी ने प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों में बूथ स्तर पर संगठन को धारदार,सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में सभी कांग्रेसजनों से एकजूटता के साथ संगठनहित में कार्य करने को लेकर निर्देशित किया गया। सिंह ने कहा कि प्रभारी से मिलने के क्रम में उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाते हुए मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर एकजुटता के साथ सभी कांग्रेसजनों को तैयारी में लग जाने का निर्देश दिया।

## दुर्गा वाहिनी -मातृशक्ति का प्रशिक्षण वर्ग तीन से

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी -मातृशक्ति का प्रशिक्षण वर्ग तीन जून से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया गया है। इस संबंध में प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी कुंज ने शुक्रवार को बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में हिंदू युवतियों और महिलाओं को शौर्य, साहस, स्वाभिमान, देश ,धर्म एवं समाज के प्रति निष्ठा का भाव जागृत कराने और आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी के लिए 15 से 35 वर्ष की युवतियां और मातृशक्ति के लिए 35 से 60 वर्ष की महिलाएं पूरे राज्य भर से प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगी।

# शिव शिष्य परिवार से जुड़े शिव शिष्यों की आम सभा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इस धरा पर महेश्वर शिव की शिष्यता का अलख जगाने वाले साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के द्वारा स्थापित न्यास शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फ़ाउंडेशन वैश्विक शिव शिष्य परिवार एवं संस्था शिव शिष्य परिवार से जुड़े शिव शिष्यों/शिष्याओं कि एक संयुक्त बैठक( आमसभा ) हुई।

साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के शिवलीन होने के उपरांत यह पहली आमसभा उनके अधिकृत आवास उपवन एचईसी,धुर्वा में हुई। आमसभा की शुरुआत में साहब श्री हरीन्द्रानंद जी को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी तत्पश्चात् वरीय सदस्यों ने सभा को संबोधित



किया।श्रीमति बरखा आनंद (अध्यक्ष) शिशिह फ़ाउंडेशन, रामेश्वर मंडल, (अध्यक्ष)शिशिप, अभिनव आनंद, (सचिव) शिशिप, अनुनीता( अध्यक्ष), वेशिशिप, सभी ने साहब हरीन्द्रानंद जी एवं दीदी नीलम के बताये पथ पर चलने का संकल्प लिया। बरखा आनंद ने कहा की साहब और दीदी ने अपना पूरा जीवन लोगों को महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ने में लगा दिया,अब हम सभी का कर्तव्य है कि उनके उद्देश्य पर हम सभी चलते हुए पूरी श्रृष्टि को महागुरू महादेव का शिष्य बनाकर अपना और जनमानस का भी कल्याण करें। इस बैठक में मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने कहा कि साहब हरीन्द्रानंद जी और दीदी नीलम अब शरीर में नहीं हैं परंतु उनकी पल प्रतिपल उपस्थिति हम सब के साथ है उनके आशीर्वाद और महादेव की दया से ही हमसब गुरुकार्य कर रहे हैं और आजीवन करते रहेंगे।

इस बैठक में पूरे देश से करीब पाँच हजार लोगों ने शिरकत की,बैठक का समापन श्री रामेश्वर मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

श्री शिव कुमार,श्री राजेश,श्री सोमेन्द्र,श्री गौतम,श्री भूषण, श्री आदित्य आदि का इस आयोजन में महती योगदान रहा.बैठक 15 मई को प्रारम्भ हुई थी.

# झारखंड में एक जून से चलेगा चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ड्राइव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बाल मजदूरी की रोकथाम और उन्मूलन के लिए एक से 30 जून तक चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ड्राइव चलेगा। यह अभियान रेलवे एरिया में चलेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने बताया कि बाल श्रम के मामले में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के स्टेटमेंट के आधार पर ही पुलिस प्राथमिकी दर्ज करेगी। अलग से पुलिस को किसी भी तरह का बयान लेने की जरूरत नहीं होगी। इस संबंध में एनसीपीसीआर डीजीपी को पत्र लिखेगा। पुलिस के साथ ही आम लोग भी चाइल्ड लेबर का रेस्क्यू कर सकते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की परमिशन की जरूरत नहीं होगी। यदि कोई भी व्यक्ति किसी बच्चे को रेस्क्यू करता है तो फिर उसके बाद उसे सीडब्ल्यूसी के सामने प्रस्तुत करना होगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड में भी बाल मजदूरी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। राज्य में बीते 10 वर्षों में बाल मजदूरी की संख्या में कमी तो आई है लेकिन अब भी उनकी संख्या 90 हजार से



ज्यादा है।

हालांकि, 2001 की जनगणना के मुताबिक झारखंड में 4.7 लाख बाल मजदूर थे। राज्य से बड़े पैमाने

**इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने बताया कि बाल श्रम के मामले में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के स्टेटमेंट के आधार पर ही पुलिस प्राथमिकी दर्ज करेगी।**

पर मानव तस्कर भी बाल मजदूरी का बड़ा कारण बने हुए हैं। मानव तस्कर गरीब बच्चों को बहला-फुसला कर तथा नौकरी का झांसा देकर दूसरे राज्यों में बेच देते हैं।

# आशुतोष द्विवेदी का महाकाल के दीवाना भजन हुआ लॉन्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का शुक्रवार को महाकाल के दीवाना भजन लॉन्च किया गया। लॉन्चिंग सामाजिक संस्था विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने बरियातू रोड स्थित आरोग्य भवन में किया। पोस्टर का अनावरण एवं यूट्यूब में गीत को अपलोड कर भजन की लॉन्चिंग की गई। भगत ने आशुतोष द्विवेदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर राम सेवक शाही एसोसिएट कंपनी के निदेशक आनंद शाही, पंकज कुमार साहू, मनोज कुमार, यशवंत कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

राजधानी वीडियो फिल्म स्टूडियो की ओर से निर्मित इस भक्ति एलबम में एक गीत है, जिसका नाम महाकाल के दीवाना है। इसके प्रोड्यूसर आनंद शाही, निर्माता प्रमोद राय, निदेशक रिलेशंस इवेंट्स एंड पीआर मैनेजमेंट



सह निर्देशक बीके राजमती , गीत ऋषभ सिंह, संगीत मुकुल शर्मा ने दिया है। यह जानकारी पीआरओ संजय पुजारी ने दी।

## बिरसा मुंडा टेलेंट हंट अर्चरी समर कैंप समापन समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी में आयोजित 14 मई से 26 मई तक तीरंदाजी समर कैंप का समापन शुक्रवार को हुआ। इस मौके पर एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एकेडमी के उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, डॉ मोना आनंद एवं समाज सेवी श्याम महतो शामिल हुए। सभी अतिथियों का पूष्प गूच्छ देकर स्वागत किया गया। इस कैम्प में दिल्ली, बोकारो, धनबाद, रांची, खूंटी, हजारीबाग, जमशेदपुर आदि जगहों के कुल 40 बच्चे शामिल हुए। कैंप में बच्चों के बिच 10 मी, 15 मी एवं 30 मी दुरी के तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सफल तीरंदाजों को अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## वज्रपात से पांच बकरी की मौत व एक ही परिवार के तीन लोग झुलसे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड हुलसी गांव में शुक्रवार को लगभग 12 बजे अचानक बारिश के साथ वज्रपात पड़ने से जंगल में बकरी चराने गये एक ही परिवार के तीन लोग बिरसा उरांव 40 वर्ष, पत्नी दिला उरांव 38 वर्ष और पुत्र अनिल उरांव 5 वर्ष झुलस गये। वहीं उनके पांच बकरी की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। बिरसा उरांव बतलाते हैं कि हुलसी जंगल में अपने पांच बकरियों को लेकर चराने गए हुए थे। अचानक मौसम खराब हुआ और गर्जन के साथ बारिश होने लगी। बचने के लिए कोई जगह नहीं था। तभी वज्रपात के चपेट में ले लिया। जिससे मेरे पांच बकरी की मौत हो गयी वहीं हमलोग भी वज्रपात से झुलस गये। घटना की जानकारी मिलते ही जरिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बिशेश्वर उरांव ने ग्रामीणों के सहयोग से वज्रपात से घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। और पीड़ित परिवार को आपदा विभाग से उनके मुआवजा दिलवाने का आवश्वशन दिया। मौके पर मुखिया पति सुखदेव भगत, समाजसेवी अजीत लकड़ा, संतोष लकड़ा, सुबोध किस्पोट्टा साथ में थे।

## बेड़ो के हुटार में हाथी पीड़ित परिवारों से मिले बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बेड़ो :** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के जंगली हाथी प्रभावित हुटार गाँव में शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने दौरा किया। जंगली हाथियों द्वारा तोड़े गये घर के परिवार वालों से मिले। पीड़ित परिवारों को श्री तिर्की ने आर्थिक सहायता भी की। इस दौरान पीड़ित परिवारों को वन विभाग की ओर से चावल के साथ ही टॉर्च, पटाखे जैसी सामग्री मुहैया करायी गयी। इस अवसर पर ग्रामीणों की बैठक को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि ग्रामीणों को वैसी किसी भी कार्रवाई से बचना चाहिए जिससे हाथियों को भड़कने और उग्र होने का मौका मिले। श्री तिर्की ने जंगल की अंधाधुंध कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से वन विभाग के लोगों से कहा कि वे इस क्षेत्र में हाथियों की बढ़ती गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापक योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हाथियों का झुंड कॉरिडोर की तरह इस रास्ते से गुजरता है और ग्रामीणों को जान-माल का नुकसान पहुंचाता है या उनकी फसलों को नष्ट करता है, उसे देखते हुए ग्रामीणों के बीच व्यापक स्तर पर पटाखे, टॉर्च एवं अन्य सामग्रियों का व्यापक स्तर पर वितरण किया जाना चाहिये। बंधु तिर्की ने आगे कहा कि इस क्षेत्र में बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त होनी चाहिये और हैलोजन लाइट वगैरह लगाकर हाथियों को इस क्षेत्र से दूर रखने का प्रयास किया जाना चाहिये क्योंकि वर्तमान स्थिति में ग्रामीणों के सिर पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है।

## नेशनल एक्यूप्रेसर डे धूम धाम से संपन्न



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर दिवस झारखंड शाखा टाटीसिल्वे में धूमधाम से मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि जॉनी साइंस क्लब के आनंद चक्रवर्ती विशिष्ट अतिथि दिनेश सिंह ।अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉक्टर मधु सुदं के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोने साइंस क्लब के आनंद चक्रवर्ती ने समस्त देशवासियों को एक्यूप्रेशर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।साथ ही साथ एक्यू प्रेशर को घर-घर पहुंचाने का सुलभ आवश्यकता इलाज बताया विशिष्ट अतिथि डॉक्टर दिनेश सिंह चेयरमैन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड ने एक्यूप्रेशर द्वारा जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज संभव है उन्होंने बताया क्षेत्र में आमजन तक एक्यू प्रेशर को पहुंचाना अति आवश्यक है मधुसूदन पांडे सचिव एक्यूप्रेशर परिषद इन्होंने एक्यूप्रेशर परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला झारखंड के 24 जिला में एक्यूप्रेशर सेवा केंद्र जल्द चालू करने का साथ ही साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को अपने अपने क्षेत्र में एक्यूप्रेशर पर काम करने की तलाशी उन्होंने कहा कि एक्यू प्रेशर को जन आंदोलन के रूप में अपनाने की जरूरत है एक्यूप्रेशर अथवा के अंतर्गत मासू पक्का टाटीसिलवे लालगंज साईं धाम कुंडा बूटी मोर हजारीबाग रामगढ़ चतरा खूंटी सिमडेगा इत्यादि कहिए का स्थानों पर निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

## चान्हो में इफको कंपनी ने किसान सभा का किया आयोजन



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को चान्हो के गणेशपुर में एक किसान सभा का आयोजन इफको राँची द्वारा किया गया ह्व इस सभा में गाँव के 100 किसानों ने भाग लेकर खरीफ की खेती में धान और मक्का के फ़सल में खाद बीज़ एवं अन्य रसायन के बारे मे जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर इफको के अधिकारी चन्दन कुमार ने मिट्टी में लगातार यूरिया एवं अन्य रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग करने से उसर एवं उपजाऊपन में कमी होने के बात को बताते हुए कहा की आज किसानों को अपनी खेती में कम से कम रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग करने की आवश्यकता है और अधिक से अधिक गोबर, हरित खाद, केंचुआ खाद एवं अन्य जैव श्रोतों वाला खाद का प्रयोग करना चाहिए ह्व वर्तमान में इफको ने नैनो यूरिया एवं डी ए पी तरल खाद किसानों के लिए बाजार में लाया है जो पूरी तरह से दानेदार यूरिया एवं डी ए पी की तरह कार्य करता है और फसलों में अधिक उपज भी देता है । चूंकि यह फसलों के पत्तियों में छिड़काव करना होता है तो यह जमीन में रासायनिक उर्वरकों के कारण गिरते उर्वरता को भी रोकने में मदद करता है ।

## बंदी को सफल बनाने के लिए मोर्चा ने बनाई रणनीति



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक शुक्रवार को डकरा में हुई।जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता एव संचालन राम लखन गंझू ने किया।बैठक में 29 मई को बंदी को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार किया गया।साथ ही सभी परियोजना शाखा को बंदी के लिए पूरी तरह से जोर शोर से लगने का निर्देश दिया गया।बंदी की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित रैयत विस्थापितो ने कहा कि प्रबंधन का केवल दिखावा है।जबकि धरातल पर प्रबंधन के द्वारा रैयत विस्थापितो के समस्याओं पर आजतक कोई कार्य दिख नही रहा है।प्रबंधन को काफी समय दिया गया लेकिन आजतक प्रबंधन ने कोई ऐसा कार्य नही किया जिससे रैयत विस्थापितो को प्रबंधन की बातों पर यकीन हो।प्रबंधन केवल आश्वासन देकर अपना काम निकालने का काम करता है लेकिन रैयत विस्थापितो के प्रति संवेदनशील नही है।

## 60 छात्र छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाइफ मिशन कार्यक्रम के तहत पुरनी राय मध्य विद्यालय में वन विभाग मांडर रांची के द्वारा पुरनी राय कोचिंग सेंटर के 60 छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल खलारी लपरा के वनरक्षी मुकेश मुंडा द्वारा बच्चों को पर्यावरण बचाव , जंगल बचाव, जल बचाव, प्लास्टिक का उपयोग कम करने, एलईडी लाइट का प्रयोग,कम विद्युत ऊर्जा का प्रयोग करने, सड़क सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कोचिंग के संचालक तारकेश्वर महतो,वन संरक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश महतो, एवम कोचिंग के पूनम कुमारी, दीपाली कुमारी,पिंकी, रिंकी कुमारी, हनि कुमारी, भूमि कुमारी, पवन कुमार, संजना कुमारी के साथ 60 स्टूडेंट्स को प्रशिक्षण दिया गया।

## रात्री भक्ती जागरण का किया गया आयोजन

**खलारी :** श्री शिव मंदिर राय बस्ती मे श्री श्री 1008 पंचदिवसीय रूद्र महायज्ञ के अंतिम दिन भंडारा का कार्यक्रम रखा गया। भंडारा कार्यक्रम मे कांके विधान सभा क्षेत्र के विधायक माननीय श्री समरीलाल जी, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर शर्मा, रीतेश केशरी ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए, एवं रात्री मे भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे धनबाद, रांची एवं रामगढ से आए हुए एक से एक कलाकारो ने भक्ति गीत गाकर लोगो को रात भर झूमाए साथ मे झांकी भी प्रस्तुत किए। जागरण कार्यक्रम के उद्घाटन समाज सेवी नागेश्वर महतो के द्वारा फीता काट कर किया गया।

## मैक्लुस्कीगंज बिजली सब स्टेशन का एक ट्रांसफॉर्मर महीनों से खराब, हो सकता है ब्लैक आउट

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खलारी :** मैक्लुस्कीगंज बिजली सब स्टेशन में लगे पांच एमवीए ट्रंसफॉर्मर महीनों पहले (लगभग 8 महीने) ÷बीते वर्ष के बारिस के समय÷ आसमानी बिजली गिरने से (ठंडरिंग) से खराब हो गया। पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से सब स्टेशन में लगे दूसरे ट्रंसफॉर्मर से पूरे मैक्लुस्कीगंज सहित आसपास क्षेत्रों बिजली दिया जा रहा है। मसलन सबस्टेशन का दूसरा ट्रांसफार्मर खराब हो जाय तो पूरे मैक्लुस्कीगंज में ब्लैक आउट का सामना करना पड़ सकता है। खराब पड़े ट्रंसफॉर्मर की सूचना झारखण्ड बिजली बितरण निगम लिमिटेड के अंदर काम कर रहे कंपनी एमआरटी कंपनी को दिया गया। एमआरटी के टीम ने खराब पड़े ट्रंसफॉर्मर को पूरा जांच करने के बाद पुनः विधुत विभाग के वरीय पदाधिकारियों को अवगत कर दिया गया। जिसके बाद से विधुत विभाग के अधिकारियों व पदाधिकारी सभी मौन है। बताया जाता है मैक्लुस्कीगंज में लगे बिजली उपभोक्ता मोबाइल का रिचार्ज महीने पहले खत्म हो जाने बाद भी रिचार्ज नही किया गया है।

**बिजली विभाग के अधिकारी, अभियंता व प्रतिनिधि बेपरवाह :** मैक्लुस्कीगंज सब स्टेशन की खराब पड़े ट्रांसफार्मर की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिया गया था। जो की बताया जाता है बिजली विभाग में सक्रिय है। अथवा ग्रामीणों ने बताया कि सांसद व विधायक को सूचना ट्रंसफॉर्मर खराब हो जाने की खबर बीच बीच मे हमेशा दिया गया है। लेकिन सब जानते हुए भी सभी ने मौन धारण कर बैठे है। बताया जाता है कि स्थानीय विधायक समरीलाल मैक्लुस्कीगंज से पुराण नाता होने के कारण महीनों में एक दो बार मैक्लुस्कीगंज सब स्टेशन के नजदीक सूचना पर्यटन केंद्र के गेस्टहाउस में दिन रात बिताते हैं। और ग्रामीणों की समस्या का समाधान करते है। परंतु खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर हल अब तक नही कर सके।

**विधायक ने कहा जल्द बनेगा ट्रांसफार्मर :** वही इस संबंध में कांके विधायक से संपर्क करके पूछे जाने पर बताया कि मेरे संज्ञान में नही था। राँची लौटते ही समस्या का हल किया जायेगा। उन्हीने कहा कि मुझे खराब पड़े टांसफार्मर के विषय मे कोई सूचना किसी भी ग्रामीण व कार्यकर्ताओं के द्वारा नही किया गया। अगर शिकायत मिलती तो शिकायत का मौका नही देते। वही बिजली विभाग के एसडीओ को संपर्क करने से फोन नही उठाये।

## पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के मुरी में शुक्रवार को जीएल चर्च से कछ्छीपाड़ा तक जाने के लिए 600 फीट लंबा 8 फीट चौड़ा फेभर ब्लॉक पथ का शिलान्यास माननीय विधायक श्री सुदेश कुमार महतो के द्वारा किया गया! इस सड़क के निर्माण होने से लोगो को काफी सहुलियत मिली! बहुत दिनों से वहाँ कै लोगों की चाह थी की यह कच्ची सड़क जल्द से जल्द बन जाए! बरसात के समय बड़ी कठिनाई होती थी आने जाने मे वहाँ के लोगों को! आज वहाँ के लोगों का सपना पुरा हो गया!इस मौके पर सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बढ़ाईक, जिला उपाध्यक्ष बिना चौधरी, उप प्रमुख आरती देवी, उप मुखिया रेनू देवी, जयपाल सिंह, बृजेश प्रसाद समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

## मौसम का मिजाज बदला गर्मी से राहत मिली

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे सुबह धुप निकलते ही लोग अपने अपने घरों मे दुबक जाते है लेकिन दो दिनों से दोपहर बाद अचानक काले बादल छाते ही तेज आंधी तुफान के साथ बारिश शुरू हो जाती है! जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है! शुक्रवार को भी सुबह से कड़ाके की धुप एवं गर्मी से लोग परेशान हो गए लेकिन दोपहर होते ही धिरे धिरे काले बादल अपना रुप ले लिया और चारो तरफ धीर गया!और अचानक आंधी तुफान के साथ जोरदार बारिश हुई!इस आंधी तुफान से बंता मे चल रहे हरि नाम कीर्तन जिसका तोरण द्वार बंता के बिरसा चौक पर बने सड़क पर अचानक गिर पड़ा और सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई सड़क पुरा जाम हो गया! किसी तरह से लोगों द्वारा तोरण द्वार को सड़क से हटाकर किनारे किया गया! जिसके बाद आवागमन चालू हुआ! इस आंधी और बारिश से क्षेत्र मे बिजली भी गुल है समाचार लिखे जाने तक बिजली बहाल नही की गई थी।



## यह हमारे लिए बेहद गौरवशाली पल : राम अय्यर

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेशनलपेंशन सिस्टम (एनपीएस) केअंतर्गतसबसे तेज़ बढ़ती लेगसी पेंशन फंड मैनेजर एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लि. ने 15 मई 2023 को अपने एसेंट्स अंडर मैनेजमेंट में रु. 50,000 करोड़ का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के संपूर्ण स्वामित्व वाली इस सब्सिडियरी कंपनी की शुरुआत वर्ष 2013 में हुई थी और तब से कंपनी ने तेज़ दर (नीचे टेबल देखें) से विकास किया है। कंपनी का एयूएम साइज़ तैंतीस (33) महीनों में 400% बढ़ा है। कंपनी ने जुलाई 2020 में रु. 10,000 करोड़ का बेस एयूएम हासिल किया था। इस उपलब्धि पर बात करते हुए श्री राम अय्यर चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, एचडीएफसी पेंशन, ने कहा, यह हमारे लिए बेहद गौरवशाली पल है। हम रु. 50,000 करोड़ एयूएम का आंकडा पार करने पर काफी उत्साहित हैं। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हमने इस वर्ष अपने कारोबार के दस (10) वर्ष पूरे कर लिये हैं।

## अज्ञात वाहन ने किसान को मारी टक्कर

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग बकुलिया टाँड़ के पास अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को मारी टक्कर,गंभीर रूप से घायल। जानकारी के अनुसार बालूमाथ मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ के हेसालोंग बकुलिया टाँड़ के पास अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति जोरदार टक्कर मार दी। कार के टक्कर से मोटरसाइकिल चालक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति बिरजा उराँव लगभग (50 वर्ष) मैक्लुस्कीगंज के जोभीया का रहने वाला है। बताया जाता है कि बिरजा उराँव बकुलिया टाँड़ के तरफ से हेसालोंग के तरफ अपना आम बागान से झोला में आम लेकर रहे थे। वही मैक्लुस्कीगंज के तरफ से आ रहे (विपरीत दिशा) से कार ने मोटरसाइकिल चालक व्यक्ति को अपने चपेट मस ले लिया। कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मरते ही तेज गति से फ़रार हो गया। वही घायल व्यक्ति को स्थानीय ग्रामीणों के मदद से हॉस्पिटल पहुँचा गया। जहाँ स्तिथि दैनीय बनी है।


### कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक...............(DHS) दिनांक ........../05/2023

**Walk in Interview**

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 171(3) दिनांक 25.02.2023 द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित **"चलन्त ग्राम क्लीनिक"** के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी आयुष चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्रम | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | पद संख्या | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आयुष चिकित्सक | Bachelor in Ayurved/Homoeopath/Unani with working knowledge of computer. | 01 | रू0 21,000.00 (कुल 26 कार्य दिवस) | 09-00AM To 03:00 PM |
| 02 | चिकित्सा सहायक | B.Sc Nursing/GNM/or B.Sc Community Health or Bachelor/Diploma in Pharmacy from recognize university/Institution | 01 | रू0 15,000.00 (कुल 26 कार्य दिवस) | 09-00AM To 03:00 PM |
| 03 | सूचिबद्ध किये गये आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | | |
| 04 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | | |
| 5 | "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के द्वारा मिलकर स्वयं व्यवस्था की जायेगी। | | | | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण–पत्र एवं छाया प्रति के साथ **सिविल सर्जन कार्यालय सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा** में दिनांक 08.06.2023 (गुरूवार) को अपराह्न 01:00 बजे से 04:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

PR 298417 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D



### GOVERNMENT OF JHARKHAND
### URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
### NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्त आयोग | | | | | | | |
| 01 | 06 | UDD/NPB/08/23-24 | Installtion of Paver Block from B.More to Charmuhan Untari Road in Ward no. 03 | 677222.00 | 13550.00 | 5000 | 03 Month |
| 02 | 5,8,9 | UDD/NPB/09/23-24 | Installation of Paver Block & Grill from Madrsha Road to House of Sunil Pandey on the East Side of NH75 in the Ward no. 05,08,& 09 | 2499851.00 | 50000.00 | 5000 | 03 Month |
| 03 | 5,8,9 | UDD/NPB/10/23-24 | Installation of Paver Block & Grill from Madrsha Road to Chalia Nala near Mahabir Mandir on the West Side of NH75 in the Ward no. 05,08,& 09 | 2185420.00 | 43710.00 | 5000 | 03 Month |
| 14वें वित्त आयोग | | | | | | | |
| 04 | 05 | UDD/NPB/11/23-24 | Laying Paver Block Both Side of PCC Road from NH75 Hanuman Mandir Rehla to Community Toilet at Ward no. 05 | 5029299.00 | 100600.00 | 10000 | 03 Month |
| 05 | 03 | UDD/NPB/12/23-24 | Laying Paver Block Both Side of PCC Road from NH75 Rehla Thana to House of Munna Gupta via Shivtar Nursing Home at Ward no. 06 | 3596849.00 | 72000.00 | 10000 | 03 Month |
| 06 | Date Of Publication Of Tender On Website | | | 23.05.2023 5:00 pm | | | |
| 07 | Date Start Of Submission Of Bids | | | 23.05.2023 5:00 pm | | | |
| 08 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | | 03.06.2023 5:00 pm | | | |
| 09 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | | 05.06.2023 Till 01:00 pm at Bishrampur Thana | | | |
| 10 | Date Of Bid Opening | | | 05.06.2023 04:00 pm | | | |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | | Nagar parishad Bishrampur | | | |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | | | 9525633383 | | | |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | | 9771761820 | | | |

NOTE: - Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Nagar Prishad, Bishrmapur.

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 298361 District (23-24)_D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना।

**T. Reference No. :- 03/2023-24 Date 26.05.2023**

| Si. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200x165 mm dia x 90 mtr depth High Yield Drilled tube well with submersible motor Pump at Fire Station under Ramgarh District for the year 2023-24 (DMFT Head) | 2,57,470.00 | 5200.00 | 750.00 | 15 Days |
| 2 | Providing Drinking water facility with 2.00 HP Electric motor pump complete set & 200 mm/165 mm dia, 200 mtr deep HYDT at अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विधालय, Village – Mandu, Panchayat – Mandu chatti of Block –Mandu under Ramgarh District for the year 2023-24 (DMFT Head) | 7,01,352.00 | 14100.00 | 1250.00 | 45 Days |
| A) | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.06.2023 को 5.00 बजे अपराह्न। | | | |
| B) | बीड प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.06.2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | |
| C) | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय | 09.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। | | | |
| D) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.06.2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | |
| E) | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़। | | | |
| F) | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ | | | |
| G) | ई–प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का फोन न0 | 06553 -223193 | | | |
| H) | ई–प्रोक्युरमेंट प्रकोष्ट का हेलपलाईन न0 | 0651-2480345 | | | |

1. परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।
2. पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉची के पत्रांक 2133 रॉची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा।

नोटः– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़।

PR.NO.298420 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



### कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

पत्रांक ...543... (DHS) कोडरमा, दिनांक ...26/05/2023

**Expression of Interest (EOI)**

**आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य** योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना का वित्तीय वर्ष 2018–2019, 2019–2020, 2020–2021, 2021–2022, 2022–2023 का बैलेंस शीट और रिसिप्ट एवं पेमेंट से सम्बंधित अंकेक्षण कराया जाना है। फलस्वरूप निम्न पात्रता रखने वाले चार्टेड अकाउंटेंट्स से मुहरबंद EOI दिनांक 06/06/2023 के अपराह्न 4 बजे तक जिला आयुष्मान केंद्र, सदर अस्पताल कोडरमा, पिन– 825410 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा सीधे कार्यालय में EOI आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त EOI को जिला समिति के समक्ष दिनांक 09/06/2023 के अपराह्न 4 बजे उप विकास आयुक्त के सभागार में खोला जायेगा। EOI खोलने के समय Charted Accountant स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को रहना अनिवार्य है।

तकनीकी भाग

| क्रम संख्या | पात्रता | संलग्न हाँ या नहीं | पेज संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | EOI हेतु आवेदन शुल्क की राषि 5000/- है । जो DRHS RCH FLEXIBLE POOL KODERMA, Payble at BOI Koderma के नाम से देय होगा। (नन रिफन्डेबल) | | | |
| 2 | The firm should have a permanent office in the state of Jharkhand or a full time branch office in the state of Jharkhand | | | |
| 3 | The firm should have minimum existence of 15 year | | | |
| 4 | The firm should have minimum 3 fellow chartered accountants as full time partners | | | |
| 5 | The average turnover of the firm should be more than 50 Lakhs in last 3 financial year ending 22 | | | |
| 6 | The firm should be empanelled with C&AG | | | |
| 7 | 2019-20 (A.Y 2020-21) 2020-21 (A.Y 2021-22) एवं 2021-22 (A.Y 2022-23) का आयकर रिटर्न (ITR Return) and Self attested Copy of PAN card | | | |
| 8 | The firm should have a valid GST number for the state of Jharkhand and copy of April Month filed GST Return | | | |
| 9 | A notry undertaking for the firm should not be blacklisted by any GOVT organization or PSU | | | |


वित्तीय भाग

| क्रम संख्या | संसथान का विवरण | इकाई | दर सभी तरह के खर्च एवं कर सहित (प्रति वित्तीय वर्ष ) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर अस्पताल कोडरमा | Each | | |
| 2 | रेफेरल अस्पताल डोमचांच | Each | | |
| 3 | 4 सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र (CHC) | Each CHC | | |

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS कोडरमा

PR298423 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

## रानी अम्मा का सालाना उर्स मुबारक 31 मई से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजरत जोहरा बीबी र.अ. उर्फ रानी अम्मा (हजरत चुनाशाह बाबा की अहलिया) का सालाना उर्स मुबारक आगामी 31 मई बुधवार से शुरू होगा। उक्त जानकारी दरगाह कमिटी, चुनाशाह बाबा, बिष्टुपुर, जमशेदपुर के सचिव हाजी एस एम कुतुबुद्दीन ने दी। उन्होंने बताया रानी अम्मा का सालाना मुबारक 31 मई सुबह 7.30 बजे कुरानख्वानी के साथ शुरू होगा। बाद नामज-ऐ- ईशा रात 9.00 बजे नात ख्वानी और तकरीर का आयोजन होगा। वही रात 12.00 बजे से महफिले शमां का आयोजन होगा जो देर रात तक चलेगा और उसके बाद 1 मई को अहले सुबह 3.40 बजे चादर पोशी किया जाएगा। हाजी कुतुबुद्दीन ने बताया कि रानी अम्मा के उर्स मुबारक में दूर दराज से जायरीन अपनी मुराद लेकर आते है और उनके दरगाह में चादर पेश करते है। उन्होंने बताया कि हर साल हजरत चुनाशाह बाबा के उर्स के 20 दिन बाद रानी अम्मा का उर्स दरगाह कमिटी मनाती है।

## अचार संहिता मामले में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस हुए बरी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक व सांसद विशेष न्यायलय चाईबासा में सुनवाई हुई जिसमे पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस बरी हो गए। बताते चले की 2019 विधान सभा चुनाव के दौरान पूर्व मंत्री के ऊपर निराधार अचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था जिसकी सुनवाई विधायक व सांसद के विशेष न्यायलय में सुनवाई हुई और उन्हें बरी कर दिया गया । जिसकी खुशी में पश्चिम सिंहभूम जिला के आजसू नेताओं ने पूर्व मंत्री सहिस का जोरदार स्वागत किया । उक्त अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा की अदालत का सम्मान सभी को करना चाहिए और मैं भी करता हूं।क्योंकि देश की न्यायिक प्रक्रिया विश्व का सर्वोच्च न्यायिक प्रक्रिया है। इसमें थोड़ी विलंब होती है लेकिन न्याय जरूर मिलता है।

## सड़क दुर्घटना में घायलों को झामुमो नेता की पहल पर रिम्स में कराया गया भर्ती

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर जलडहर के समीप बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक मारुति वैन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार 3 व्यक्ति घायल हो गए थे। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने घायलों को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया था। इनमें से जलडहर निवासी दो घायल व्यक्ति सुनील सिंह व लक्ष्मण सिंह को झामुमो नेता सुभाष कर्मकार की पहल पर रिम्स भेज दिया गया। इस संबंध में झामुमो नेता ने बताया कि परिजनों द्वारा जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी को घटना की जानकारी देने के बाद उनके ही निर्देश पर गुरुवार को एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ रविंद्र कुमार से मुलाकात करते हुए बेहतर इलाज का अनुरोध किया गया था। लेकिन घायलों में लक्ष्मण सिंह की हालत काफी गंभीर बताए जाने पर गुरुवार को ही लक्ष्मण सिंह को रिम्स में भर्ती कराया गया। जबकि शुक्रवार को सुनील सिंह को भी रिम्स भेज दिया गया। वहीं बांगुड़दा निवासी गदाई सिंह का इलाज एमजीएम अस्पताल में जारी है और पहले से बेहतर है।

## बोड़ाम प्रखंड की ओर से बोंटा में पहाड़िया टोला में लगाया गया शिविर



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार शुक्रवार को बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बोंटा पहाड़िया टोला में 17 पहाड़िया परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ देने से संबंधित प्रखंड कार्यालय की ओर से शिविर किया गया। शिविर में बीडीओ नाजिया अफरोज, सीओ निवेदिता नियति, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो, ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान उपस्थित थे। मौके पर सबर जनजाति के लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और दवाइयां का वितरण भी किया गया। शिविर में लाभुको से आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान छात्र - छात्राओं को स्कूल बैग, पेंसिल, कॉपी, स्लेट आदि दिया गया। वहीं महिलाओं के बीच साड़ी और पुरुषों के बीच धोती का वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं एवं प्रत्येक परिवार को च्यवनप्रश, मल्टी विटामिन टेबलेट, ओआरएस, एंटी फंगल क्रीम, शैंपू पाउच, टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट, नेलकटर, कंघी, बच्चों एवं बड़ों को चप्पल वितरित किया गया ।

## टाटा आईपीएल के फाइनल मैच का सीधा प्रसारण का मजा ले एग्रिको फैन पार्क में



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में टाटा आईपीएल फैन पार्क का आयोजन होने जा रहा है. इस फैन पार्क में आगामी 28 मई को आईपीएल का फाइनल मैच चेन्नई सुपर किंग्स के साथ शुक्रवार को खेले गए दूसरे क्वालीफायर के विजेता से होगा. इस मैच का सीधा प्रसारण किया जाएगा, जहां प्रशंसक पहुंच कर मैच का आनंद ले सकते हैं. शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में इसको लेकर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया. इस दौरान बीसीसीआई की ओर से एल्विन गायकवार्ड और जेएससीए की ओर से मनोज कुमार और आशीष सिंह मौजूद रहे. प्रेस को संबोधित करते हुए एल्विन ने बताया कि आईपीएल की शुरुआत से लेकर अब तक 22 राज्यों में कुल 40 फैन पार्क का आयोजन किया जा चुका है. मैच के फाइनल के लिए देश भर में कुल पांच शहरों में फैन पार्क का आजोयन किया जा रहा है. इस फैन पार्क में 32/80 की बड़ी एलसीडी स्क्रिन पर मैच का सीधा प्रसारण किया जाएगा. फैन पार्क में आने वालों के लिए मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है. यहां फूड जोन से लेकर गेमिंग जोन भी रहेगा. इसके अलावा ब्रेक में क्विज का भी आयोजन किया गया है. सही जवाब देने वालों को क्रिकेटर्स की साइन की गई टीशर्ट दी जाएगी. उन्होंने कहा कि मैच का प्रसारण 7.30 बजे से होगा पर फैन पार्क में इंट्री 5.30 बजे होगी. इस फैन पार्क में लोगों की इंट्री फ्री होगी. इंट्री के लिए तीन तरह के रिस्ट बैंड बनाए गए है. जिसमें एक पुरुष के लिए एक महिला के लिए और एक बच्चों के लिए है. फैन पार्क में आने वालों को यह रिस्ट बैंड अपने कलाई में बंधना होगा. एल्विन ने बताया कि फैन पार्क में सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए है. लोग कोई भी नुकिली चीज या अन्य कोई वस्तु अंदर नहीं ले जा सकते.

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रुचि ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक, कहा

# बच्चों को अधिकार दिलाना व उनका संरक्षण हमारा लक्ष्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बीपीएल बच्चों का निजी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करायें, यह उनका अधिकारी है। जिला शिक्षा अधीक्षक से जिला के निजी विद्यालय एवं नामांकित बीपीएल बच्चों की सूची मांगी गई। जिला में घटित घटनाओ में छोटे बच्चे-बच्चियों को न्याय दिलाने हेतु त्वरित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्देश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजुर ने दो दिवसीय पूर्वी सिंहभूम जिला भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन समाहरणालय सभागार में पदाधिकारियों के साथ बैठक दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला शिक्षा अधीक्षक निशू कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक वीरेंद्र कु राम, सीडीपीओ नीतू कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी डॉ चंचल कुमारी, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी सरिता कुमारी, केजीबीवी प्रभारी बिंदु झा मौजूद रहे। रूचि कुजुर ने पिछले दौरे पर केजीबीवी पटमदा और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया था, दिए गए दिशा- निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा किया साथ में जिला में संचालित 9 कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय में पानी की व्यवस्था, सभी विषयों के शिक्षक हैं या नहीं इसकी जानकारी ली। उत्तखनन क्षेत्र में बाल श्रम रोकने और बाल नशा रोकने के लिए श्रम अधीक्षक और पुलिस प्रशासन से समन्वयन स्थापित कर कानून को सखूती से पालन कराने का निर्णय लिया गया।

## विधायक जी! तिरूलडीह डेली मार्किट का जलमीनार मरम्मती का कर रहा है इंतजार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह डेली मार्किट में स्थित जलमीनार अब सिर्फ सरकारी संपत्ति बनकर रह गया है। जलमीनार महीनों से खराब पड़ा हुआ है लेकिन सुध लेने वाला कोई नहीं है। सरकार द्वारा लोगों की सहूलियत के लिए जलमीनार तो लगा दिया गया है लेकिन उसके मेंटेनेंस की चिंता नहीं की। वही स्थानीय लोगो ने इसे कई बार अपने स्तर से भी पूर्व में मरम्मती करवा चुके है। लेकिन कुछ दिन चलने के बाद फिर खराब हो जाता है। लेकिन अब ये खराब पड़ा हुआ है। वहीं स्थानीय दुकानदारों ने भी कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों से भी मीनार की मरम्मती के लिए गुहार लगा चुके है लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। मालूम हो कि यह जलमीनार तिरुलडीह मार्केट में एकमात्र पेयजल का साधन है,जिससे पूरे मार्केट के लोग दुकानदार के साथ साथ राहगीर भी अपनी प्यास बुझाते है। परंतु जलमीनार की गुणवत्ता इतनी घटिया है कि बार बार खराब होती रहती है। जिससे लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में ये जलमीनार बस एक सरकारी संपत्ति बनकर खड़ा है। क्या क्षेत्र के विधायक या प्रखंड के अधिकारियों का ध्यान इस ओर जायेगा और तिरूलडीह डेली मार्किट का इकलौता जलमीनार फिर से लोगों का प्यास बुझाने लगेगा?

## उपायुक्त की अध्यक्षता में विवाह निबंधन से सम्बन्धित समीक्षा बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार मे उपायुक्त अरवा राजकमल के अध्यक्षता में विवाह निबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। मौके पर उपायुक्त ने विवाह निबंधन पंजीकरण कार्य में प्रगति लाने हेतु पंचायत स्तर पर विवाह निबंधन पंजीकरण प्रारम्भ करने की बात कही। उन्होंने जिला स्तर पर सभी प्रखंड के मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देने तथा पंचायत स्तर पर सभी पंचायत सेवकों को प्रशिक्षण देने करने के निदेश दिए। उपायुक्त नें कहा विभिन्न माध्यम से विवाह निबंधन के प्रति लोगो को जागरूक करे ताकि नवविवाहित महिलाओं को समाज कल्याण के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला रामकृष्णा कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी धनवीर लाकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला मृत्युंजय कुमार, नजारात उप समहर्ता अभय द्विवेदी, जिला संख्यकी पदाधिकारी, ई डिस्ट्रिक्ट मनेजर हेमंत कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## वज्रपात से रायपुर गांव में बिलम मांझी का दो घर जलकर खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** शुक्रवार की दोपहर आई तेज आंधी व बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। वहीं, कई जगह स्थानों पर इससे व्यापक क्षति भी हुई है। गम्हरिया प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत रायपुर गांव के कांकीकुली टोला में देर शाम तेज आंधी व तूफान के साथ हुए वज्रपात से विलम मांझी के घर के पुआल और खपड़े के घर के ऊपर बिजली गिरने से दोनों घर में आग लग गई। उक्त आगलगी में घर समेत उसमे रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। संयोगवश, उस समय घर के भीतर विलम मांझी और उसके परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ी दुघर्टना घट सकती थी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उक्त आग पर काबू पाया गया, किन्तु तबतक पूरा सामान जल चुका था।

## कैंसर मरीजों के लिए टाटा स्टील ने दिए एक करोड़ रु से ज्यादा का अनुदान

### कोल्ड रोलिंग मिल के कॉइल की नीलामी से कैंसर उपचार के लिए उल्लेखनीय राशि प्राप्त हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने आज भारत के भीतर और बाहर कैंसर मरीजों की जरूरतों को पूरा करने के अपने निरंतर प्रयासों के समर्थन और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में कोलकाता में टाटा मेडिकल सेंटर (टीएमसी) को 1,00,73,480 रुपये अनुदान में दिए। कलिंगानगर, ओडिशा में टाटा स्टील की नई अत्याधुनिक कोल्ड रोलिंग मिल कॉम्प्लेक्स यूनिट में उत्पादित कोल्ड रोल्ड स्टील के पहले 4 कॉइल्स (62 एमटी) की नीलामी के माध्यम से यह योगदान संभव हुआ। कोल्ड रोलिंग मिल को

TATA STEEL #WeAlsoMakeTomorrow

15 फरवरी, 2023 को चालू किया गया था, जो टाटा स्टील के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, यह उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता और उद्योग पर इसके स्थायी प्रभाव को प्रदर्शित करता है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, टाटा स्टीलियम वितरकों के बीच 4 मई, 2023 को एक नीलामी आयोजित की गई, जिसके परिणामस्वरूप 1 करोड़ रुपये से अधिक की उल्लेखनीय राशि प्राप्त हुई। 25 मई, 2023 को 1,00,73,480 रुपये का चेक टाटा स्टीलियम चैनल पार्टनर्स - मुंबई से नरेश स्टील, बैंगलोर से जी के इस्पात, और चेन्नई से श्री बालाजी - नीलामी में सबसे अधिक बोली लगाने वाले की उपस्थिति में टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता को अनुदान में दिया गया। इस कार्यक्रम में टाटा मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ. पट्टाथेइल अरुण के साथ-साथ प्रभात कुमार, वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग एंड सेल्स (फ्लैट प्रोडक्ट्स), टाटा स्टील और प्रवीण श्रीवास्तव, चीफ ऑफ मार्केटिंग एंड सेल्स (ब्रांडेड प्रोडक्ट एंड रिटेल), टाटा स्टील, टीएमसी और टाटा स्टील के अन्य सदस्यों के साथ शामिल हुए। डॉ. पट्टाथेइल अरुण ने अपनी ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा, टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता, टाटा स्टीलियम चैनल पार्टनर्स द्वारा प्रदर्शित उदारता और सेवा भावना के प्रति बहुत प्रसन्न और आभारी है। ये प्रयास हमें समुदाय का समर्थन, रोगियों को कैंसर के खिलाफ लंबी और महंगी लड़ाई में होने वाली कठिनाइयों को कम करने की दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## इडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने विसाखापटनम के लिए रवाना हुई जिला टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विसाखापटनम में आगामी 28 मई से आयोजित इडो-नेपाल कराटे ओपन चैंपियनशिप में भाग लेने शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिले की टीम रवाना हुई। टाटानगर स्टेशन से सीनी और चक्रधरपुर से आए कुल 61 बच्चों की टीम रवाना हुई। उक्त टीम में संस्कारोदय अकादमी गम्हरिया के भी कई बच्चे शामिल थे। इस दौरान उपस्थित संस्कारोदाय अकादमी के प्रधानाध्यापक सह संत कबीर सेवा संस्थान के जिला समन्वयक अमित पहुचे, कराटे प्रशिक्षक संगीता देवी, सुमित सिंह, उपेंद्र कुमार, संजू कुमारी आदि ने टीम में शामिल सभी बच्चों को माला पहनाकर उनका हौसला अफजाई कर विदा किया।

## प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रखंड कार्यालय सरायकेला स्थित सभा कक्ष में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी गगराई की अध्यक्षता में पंचायत समिति सरायकेला की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव पंचायत समिति सरायकेला मृत्युंजय कुमार के निर्देशानुसार प्रखंड समन्वयक द्वारा अब तक ली गई योजनाएं, क्रियान्वित योजनाएं और लंबित योजनाओं की जानकारी एवं आय व्यय का ब्योरा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी कारण विभागवार संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कुछ बिंदुओं पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को समिति द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया। प्रखंड परिसर के बाहर अवस्थित दुकानों में से खाली दुकान के आवंटन हेतु सूचना निर्गत किए जाने संबंधी जानकारी भी समिति सदस्यों को दी गई। प्रखंड प्रमुख द्वारा श्रम विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि सभी श्रमिक मित्रों के नाम और मोबाइल नंबर प्रखंड कार्यालय एवं पंचायत कार्यालय में सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जाए। समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में जो भी आंगनबाड़ी केंद्र अल्प मरम्मति के लिए हैं उनका मरम्मत समिति के फंड से कराया जाए।

## कुचाई में पीएम आवास योजना की हुई समीक्षा बैठक, 30 जून तक पूरा करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना पर एक समीक्षात्मक की बैठक डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी विपिन कुमार सिन्हा, जिला सामान्यवक सत्यवान कुमार, प्रखंड सामान्यवक बिना बाकिरा की उपस्थिति में की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में पाया गया कुचाई प्रखंड में वर्ष 2016 से वर्ष 2022 तक 4202 प्रधानमंत्री आवास बनानें की स्वीकृती दी गई। जिसमें से 4018 आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जो की 95.6 प्रतिशत पूर्ण है। जबकि 184 पीएम आवास अधूरा पड़ा है। जिसे आगामी 30 जुन तक पूर्ण करने का निर्देश दिया है। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आवास को ससमय पूर्ण कराये। जो लाभुक जान-बुझकर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नही कर रहे है, वे जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करे। अन्यथा कानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि सभी पंचायत सचिव, पंचायत स्वयसेवक, जन सेवक अपने क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन आवास को पूर्ण करवाएं और उसकी जानकारी दे। इस बैठक में मुख्य रूप से डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी विपिन कुमार सिन्हा, जिला सामान्यवक सत्यवान कुमार, प्रखंड सामान्यवक बिना बाकिरा, लेखापाल लक्ष्मी सोय, सहित पंचायत सचिव, स्वयंसेवक व आवास मित्र आदि

## एलआईसी के प्रशिक्षण केन्द्र में लोग सीख सकेंगे योगा, केंद्र निदेशक ने किया हॉल का शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय जीवन बीमा निगम के कदमा स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र (यहां झारखंड, बिहार व उड़ीसा के एलआईसी एजेंट सहित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है) स्थित सभागार के एक भाग को %योग प्रशिक्षण हॉल% के रूप में परिणत किया गया. इसका उद्घाटन प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक विवेकानंद प्रधान ने किया. मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय उपाधि से सम्मानित योग गुरु सह सरकार योगा एकेडमी के संचालक अंशु सरकार भी मौजूद थे. केन्द्र निदेशक श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान तनावपूर्ण और प्रदूषित माहौल में योग एक प्राकृतिक चिकित्सा के रुप में हमारे पूर्वजों द्वारा दिये गये एक अमूल्य देन है. मौके पर केन्द्र के अपर निदेशक बी मांझी व उप प्राचार्या शकुंतला मुर्मू ने भी योग के महत्व पर अपनी बातें रखी. अंशु सरकार ने लोगों से योग प्रशिक्षण लेने तथा स्वयं व पूरे समाज को स्वस्थ, निरोग व चिंतामुक्त रखने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया. इसके पूर्व श्री सरकार सहित अन्य अतिथियों का स्वागत पौधा व अंगवस्त्र देकर किया गया. ज्ञात हो कि गत कई वर्षो से श्री सरकार इस केंद्र में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं. मौके पर केन्द्र के सहयोगी कर्मचारियों को उनके समर्पण भाव तथा संस्थान को स्वच्छ रखने के लिये सम्मानित किया गया. मौके पर पी पी लेंका, टी मिंज, के पी कोंडला राव. गौतम कुमार सिन्हा, श्रीधर कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, योगशा सरकार, स्मिकी सरकार के अलावा शहर के कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे. धन्यवाद ज्ञापन बीएल दास ने किया.

## मानीकुई जंगल में हाथियों ने जमाया डेरा, ग्रामीणों में दहशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जंगली हाथियों का एक झुंड कांड्रा-चौका मार्ग पर मानीकुई के पास स्थित जंगल में अपना डेरा जमा लिया है। इससे पूर्व हाथियों का यह झुंड गुरुवार की शाम से रात तक चांडिल से कांड्रा की ओर जाने वाली सड़क किनारे जमा हुआ था। हाथियों के पहुंचने के बाद ग्रामीण व उक्त सड़क पर आवागमन करने वाले राहगीर भयभीत हैं। वहीं शाम के समय मानीकुई के तीखा मोड़ के पास सड़क के किनारे पहुंचे एक हाथी को देखने के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हाथियों के इस झुंड के जंगल मे डेरा जमा लेने से आसपास के गांवों के ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वहीं, चांडिल-कांड्रा और चौका-कांड्रा सड़क पर शाम ढलने के बाद आवागमन करने से लोग अब डरने लगे हैं। दोनों सड़कों के बीच स्थित जंगलों में आए दिन हाथियों का झुंड विचरण करते देखा जा रहा है।

## संपादकीय

# समूचे परिवहन का घाटा

**परिवहन** की पताका ओढ़े हिमाचल की सरकारी बसों को फिर से बचाने और आजमाने की कोशिश में प्रदेश सरकार की चिंताएं सामने आ रही हैं। कुछ रास्ते निकाले जा रहे हैं और एचआरटीसी के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए नई बसों के बेड़े और ई-बसों की ओर बढने का प्रयास भी हो रहा है। इसमें दो राय नहीं कि सार्वजनिक परिवहन पिछली भाजपा सरकार में कुछ हद तक उपेक्षित रहा और एचआरटीसी अपनी क्षमता व काबिलीयत हारती हुई दिखाई दी, लेकिन इसके बरअक्स निजी बसों ने जनता को परिवहन सहूलियतों की भरपाई की। अब वर्तमान सरकार अपनी ई-वाहन पॉलिसी के तहत इलेक्ट्रिक बसों के मॉडल पर एचआरटीसी की नाक बचाना चाहती है। परिवहन निगम को आत्मनिर्भर बनाने की कसौटियां अपनी जगह सही हैं, लेकिन समूचे परिवहन को घाटे से उबारने के लिए एक सशक्त व स्थायी ट्रांसपोर्ट पॉलिसी की जरूरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में साठ हजार के लगभग ट्रकों पर लगी पैनल्टी को माफ किया जा रहा है। कम से कम सरकार के आगामी कदमों में निजी क्षेत्र की वोल्वो बसें अपराधी घोषित हो चुकी हैं। इन्हें वोल्वो माफिया भी कहा जा रहा है, जबकि पिछले दो दशकों में यह साबित हो चुका है कि प्रदेश पर्यटन के फलक पर इन्हीं बसों ने एक शृंखला खड़ी की है। परिवहन और पर्यटन की तासीर में निजी क्षेत्र की सहभागिता का ही कमाल है कि हिमाचल में सैलानी आगमन निरंतर बढ़ रहा है। हालांकि यह मुसाफिर बसें नहीं हैं, फिर भी खास तौर पर दिल्ली का आना-जाना प्राइवेट वोल्वो ने सुगम, आरामदायक व अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुंचा दिया है। शिकायत यह है कि एचआरटीसी बनाम निजी वोल्वो की प्रतिस्पर्धा ने सरकारी बसों पर प्रश्न चस्पां किए हैं, तो अब कर प्रणाली को सख्त किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या एचआरटीसी को बचाने के लिए निजी बसों, खास तौर पर वोल्वो या पर्यटन बसों को इसके लिए आर्थिक अपराधी मान लिया जाए। सवाल यह भी है कि पर्यटन बसों को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समझने के बजाय इन्हें प्रादेशिक जज्बात से क्यों तोला जाए। निजी बनाम सरकारी बसों से किसी का घाटा पूरा नहीं होगा, बल्कि समूचे परिवहन का घाटा ही बढ़ेगा। हम यह नहीं कहते कि निजी वोल्वो को मनमानी करनी दी जाए, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि ये बसें वर्तमान में हिमाचल पर्यटन की वास्तविक ब्रांड हैं, जो हर दिन हजारों सैलानियों को विभिन्न डेस्टिनेशन स्थलों तक पहुंचाती हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि पर्यटन पार्टनर के रूप में निजी वोल्वो बसों के परिचालन की नीति कुछ इस तरह बनाई जाए कि इनके जरिए पड़ोसी राज्यों के अधिकतम सैलानी यहां आएं। ये बसें फिलहाल आल इंडिया परमिट के तहत उसी तरह पंजीकृत हैं, जिस तरह प्रदेश पर्यटन की बसें चल रही हैं। यह भी एक हकीकत है कि कई हिमाचली युवा अब वोल्वो बसों का संचालन कर रहे हैं, लेकिन इनकी बसें हरियाणा या चंडीगढ़ में पंजीकृत हो रही हैं। इस तरह एक वोल्वो बस की खरीद पर कुल जीएसटी का नुकसान हिमाचल उठा रहा है जो कि करीब तीस से पैंतीस लाख तक हो जाता है। हिमाचल भले ही प्रत्येक वोल्वो पर सालाना नौ लाख का शुल्क लगा दे, लेकिन इसके मुकाबले चंडीगढ़ हर साल 11 हजार, हरियाणा डेढ़ लाख, उत्तराखंड 72 हजार तथा अरुणाचल प्रदेश 42 हजार राज्य पथ कर वसूल रहे हैं।


पिछले दो दशकों में यह साबित हो चुका है कि प्रदेश पर्यटन के फलक पर इन्हीं बसों ने एक शृंखला खड़ी की है। परिवहन और पर्यटन की तासीर में निजी क्षेत्र की सहभागिता का ही कमाल है कि हिमाचल में सैलानी आगमन निरंतर बढ़ रहा है। हालांकि यह मुसाफिर बसें नहीं हैं, फिर भी खास तौर पर दिल्ली का आना-जाना प्राइवेट वोल्वो ने सुगम, आरामदायक व अंतरराष्ट्रीय मानकों तक पहुंचा दिया है। शिकायत यह है कि एचआरटीसी बनाम निजी वोल्वो की प्रतिस्पर्धा ने सरकारी बसों पर प्रश्न चस्पां किए हैं, तो अब कर प्रणाली को सख्त किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या एचआरटीसी को बचाने के लिए निजी बसों, खास तौर पर वोल्वो या पर्यटन बसों को इसके लिए आर्थिक अपराधी मान लिया जाए। सवाल यह भी है कि पर्यटन बसों को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समझने के बजाय इन्हें प्रादेशिक जज्बात से क्यों तोला जाए। निजी बनाम सरकारी बसों से किसी का घाटा पूरा नहीं होगा, बल्कि समूचे परिवहन का घाटा ही बढ़ेगा।


## कुछ अलग

# यह नोटबंदी नहीं है

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 रुपए का 'गुलाबी नोट' बंद कर दिया है। भविष्य में यह नोट चलन में नहीं होगा। अलबत्ता 30 सितंबर, 2023 तक देशवासी बैंकों में जाकर इस नोट को बदलवा सकते हैं अथवा अपने खाते में जमा कर सकते हैं। एक बार में 2000 रुपए के 10 नोट, यानी 20,000 रुपए, ही बदलवाए जा सकेंगे। खाते में कितनी भी राशि जमा की जा सकेगी। सिर्फ 'केवाईसी' की औपचारिकता पूरी करनी होगी। 'गुलाबी नोट' से जुड़ी बैंकों की प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी। फिलहाल सितंबर के बाद भी 2000 का नोट 'मान्य' होगा, ऐसा आरबीआई के शीर्ष अधिकारियों का कहना है। यह नोटबंदी इसलिए नहीं है, क्योंकि हमारे देश की करीब 10.8 फीसदी मुद्रा ही 2000 के नोट के रूप में है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने 8 नवम्बर, 2016 की रात्रि 8 बजे नोटबंदी की घोषणा की थी और रात्रि 12 बजे से ही 500 और 1000 रुपए के नोट 'कागज का टुकड़ा' हो गए थे, तब 86 फीसदी से अधिक मुद्रा के चलन पर असर पड़ा था। हालांकि तब भी 100, 50, 20 और 10 रुपए के नोट चलन में थे। फिर भी नकदी के संकट की भरपाई के लिए 2000 रुपए का नोट शुरू किया गया था। आरबीआई अब स्पष्ट कर रहा है कि 2000 का नोट 'अस्थायी बंदोबस्त' था। केंद्रीय बैंक ने बहुत पहले 'गुलाबी नोट' को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लिहाजा 2018-19 के बाद एक भी 'गुलाबी नोट' नहीं छापा गया। बीती मार्च, 2023 में 2000 के 181 करोड़ नोट ही चलन में बचे थे, जिनका कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपए बनता है। देश की करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में यह राशि नगण्य है। बहरहाल नोटबंदी या नोटबदली आरबीआई के अधिकार-क्षेत्र की प्रक्रिया है। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2013 में कुछ नोटों की सीरिज वापस ले ली गई थी। कोई हंगामा नहीं मचा। कोई सियासी दुष्प्रचार नहीं किया गया। अब तो प्रधानमंत्री मोदी की पढ़ाई पर सवाल किए जा रहे हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी को ज्यादा ही चिंता है। वे इसे 'राष्ट्रीय संकट' करार देने के मूड में हैं। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री चिदंबरम ने कहा है कि मूर्खता छिपाने के लिए यह 'गुलाबी नोट' लाया गया था। नोटबंदी का समग्र मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा। न्यायिक पीठ ने न तो इसे 'अवैध' करार दिया और न ही सरकार के आर्थिक निर्णय में कोई हस्तक्षेप किया। जो दल और नेता नोटबंदी को बेहद असंवैधानिक मान रहे थे, उन्हें सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद खामोश होना पड़ा। यह सवाल जिज्ञासा के स्तर पर जरूर किया जाना चाहिए कि नवम्बर, 2016 में 2000 रुपए का नोट लाया गया और 2018-19 के बाद एक भी 'गुलाबी नोट' छापा नहीं गया। आरबीआई ने इस नोट को समेटना शुरू कर दिया। यह नोट एटीएम से भी नहीं निकलता है। यह हमारा निजी अनुभव भी रहा है। आम आदमी बहुत कम इस्तेमाल करता रहा है। जांच एजेंसियों की ऐसी रपटें सामने आती रही हैं कि काला धन, हवाला आदि के छापों में जो नकदी बरामद किया गया है, उनमें 95 फीसदी 2000 और 500 रुपए के नोट ही होते हैं। बीते 6 साल में केंद्रीय बैंक ने 102 करोड़ रुपए मूल्य के 'गुलाबी नोट' नष्ट किए हैं। क्या यह नोट इतना 'अल्पकालिक' था? क्या बड़े भ्रष्टाचार, जमाखोरी, आतंकवाद की फंडिंग आदि के लिए ही यह नोट कारगर रहा? चूंकि 2000 का नोट बाजार से वापस लेने का निर्णय लिया गया है, लिहाजा उसके स्थान पर 500 और 200 रुपए के अधिक नोट बैंक ने छाप दिए होंगे।


प्रधानमंत्री मोदी ने 8 नवम्बर, 2016 की रात्रि 8 बजे नोटबंदी की घोषणा की थी और रात्रि 12 बजे से ही 500 और 1000 रुपए के नोट 'कागज का टुकड़ा' हो गए थे, तब 86 फीसदी से अधिक मुद्रा के चलन पर असर पड़ा था। हालांकि तब भी 100, 50, 20 और 10 रुपए के नोट चलन में थे। फिर भी नकदी के संकट की भरपाई के लिए 2000 रुपए का नोट शुरू किया गया था। आरबीआई अब स्पष्ट कर रहा है कि 2000 का नोट 'अस्थायी बंदोबस्त' था।


## अमेरिका में महंगाई अपने चरम पर है और इसे रोकने के लिए अमेरिकी फेडरल बैंक लगातार ब्याज दरों में इजाफा कर रहा

# विदेश व्यापार घाटे की चुनौती

डा. जयंती लाल भंडारी

**हाल** ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के कार्यक्रम में यह बात एक मत रेखांकित हुई है कि रूस-यूक्रेन युद्ध में तेजी से आने वाला समय देश से निर्यात के लिए काफी चुनौतीपूर्ण व कठिन होने जा रहा है। ऐसे में हमें जहां निर्यात के नए बाजार खोजने होंगे, वहीं कम जरूरी उत्पादों का आयात नियंत्रित करना होगा। तभी देश के विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी। गौरतलब है कि हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से उत्पादों का निर्यात 447 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 323 अरब डॉलर यानी कुल 770 अरब डॉलर रहा है। यद्यपि यह देश से निर्यात का सर्वोच्च स्तर है, लेकिन वर्ष 2022-23 में भारत का कुल व्यापार घाटा इससे पिछले वर्ष के 83 अरब डॉलर से बढ़कर 122 अरब डॉलर हो गया है। अब इस वर्ष व्यापार घाटे के और बढने की आशंका है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 उत्पाद निर्यात के लिहाज से बेहतर नहीं रहने वाला है। भारत अपने कुल उत्पाद निर्यात का सबसे अधिक करीब 17.50 फीसदी निर्यात अमेरिका को करता है, जो मंदी की चपेट में आता दिख रहा है। अमेरिका में महंगाई अपने चरम पर है और इसे रोकने के लिए अमेरिकी फेडरल बैंक लगातार ब्याज दरों में इजाफा कर रहा है। यूरोप की आर्थिक दशा भी ठीक नहीं चल रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोप के अधिकतर देश गैस व खाद्य संकट से जूझ रहे हैं जिससे वहां महंगाई बढने के साथ औद्योगिक उत्पादन भी कम हो गया है। संभवतया यही कारण है कि वाणिज्य विभाग की तरफ से चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कोई निर्यात लक्ष्य अब तक तय नहीं किया गया है। पिछले वित्त वर्ष में उत्पाद व सेवा निर्यात जिस ऊंचाई पर रहा है, इस बार निर्यात का उस मंजिल तक भी पहुंचना आसान नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर बढ़ते हुए आयात रोकना भी मुश्किल हैं। भारत का कुल आयात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 892 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 760 अरब डॉलर था। आयात में कमी लाना चुनौती दिखाई दे रही है। यद्यपि चीन और भारत के बीच सीमा पर लगातार तनाव बढ़ा हुआ है, लेकिन फिर भी विदेश व्यापार के क्षेत्र में भारत की चीन पर निर्भरता बनी हुई है। इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है। वर्ष 2021-22 में चीन से 54.57 अरब डॉलर मूल्य का आयात




किया गया था। किन्तु वर्ष 2022-23 में चीन से कुल आयात बढ़कर 98.51 अरब डॉलर हो गया है। जबकि वर्ष 2021-22 में चीन को किया गया निर्यात 21.26 अरब डॉलर था। जोकि वर्ष 2022-23 में घटकर 15.32 अरब डॉलर रह गया। ऐसे में पिछले वित्त वर्ष में चीन से व्यापार घाटा बढ़कर 83.19 अरब डॉलर हो गया है। निश्चित रूप से चालू वित्तीय वर्ष में विदेश व्यापार में घाटे को नियंत्रित करने के लिए आयात में कमी और निर्यात में वृद्धि करने के विभिन्न रणनीतिक कदम उठाने होंगे। हमें चीन सहित विभिन्न देशों से घटिया और कम गुणवत्ता मानक वाले आयात नियंत्रित करने होंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि सरकार ने उपभोक्ता की सुरक्षा व उनकी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े आयातीत हो रहे घटिया व कम गुणवत्ता के 2000 से अधिक उत्पादों को चिन्हित किया है। अब उनके आयात नियंत्रण पर ध्यान देना होगा। ऐसे उत्पादों में से इस वर्ष 643 उत्पादों के लिए गुणवत्ता मानक जारी करने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसका परिपालन आवश्यक है। गौरतलब है कि फुटवियर मेड फ्रॉम लेदर एंड अदर मटेरियल (क्वालिटी कंट्रोल) ऑर्डर 2022 के तहत देश में एक जुलाई से क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लागू किया जाना तय हुआ है। यह ध्यान रखा जाना होगा कि फुटवियर गुणवत्ता नियंत्रण के ऑर्डर एक जुलाई से अवश्य लागू किए जाएं और उसकी तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाए। इससे लाभ यह होगा कि देश में चीन, वियतनाम, इंडोनेशिया और बंगलादेश से होने वाले घटिया जूते-चप्पलों के आयात में बड़ी कमी आएगी। ज्ञातव्य है कि चीन से सबसे अधिक फुटवियर का आयात होता है। पिछले वित्त वर्ष में 2022-23 में चीन से 85.85 करोड़ डॉलर मूल्य के फुटवियर का भारत में आयात किया गया है। अब निर्यात बढ़ाने के लिए एक अप्रैल 2023 से लागू नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 का कारगर क्रियान्वयन जरूरी है। इसके तहत इन्सेंटिव की जगह टैक्स और विभिन्न शुल्क में राहत देते हुए निर्यात संबंधी काम को आसान बनाने की कई व्यवस्थाएं सुनिश्चित करके वर्ष 2030 तक देश से उत्पाद एवं सेवा निर्यात दो लाख करोड़ (दो ट्रिलियन) डॉलर तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। नई विदेश व्यापार नीति के तहत सरकार ने निर्यात के दायरे को बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने की घोषणा की है और वित्त वर्ष 2023-24 में 75 जिलों में एक्सपोर्ट हब बनाए जा सकते हैं। इससे निर्यात से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी दूर हो सकेगी। सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की पहचान का काम पहले ही पूरा कर चुकी है। जिला स्तर पर निर्यात सुविधा विकसित होने से उस जिले के उत्पाद को आसानी से निर्यात किया जा सकेगा। ई-कॉमर्स के माध्यम से होने वाले निर्यात के प्रोत्साहन के लिए अलग से ई-कॉमर्स जोन की स्थापना का भी ऐलान किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि नई एफटीपी के तहत आवेदनों का डिजटलीकरण हो तथा आवेदकों को स्वचालन प्रणाली के जरिए मंजूरी मिले। पहले निर्यात संबंधी विभिन्न मंजूरियों से तीन दिन से लेकर एक महीने का समय लगता था, अब यह मंजूरी एक दिन में दिए जाने संबंधी नियम का परिपालन हो। निःसंदेह इस समय जब वैश्विक आर्थिक एवं व्यापार चुनौतियों के बीच कुल वैश्विक निर्यात में भारत का योगदान करीब 1.8 फीसदी और वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा दो फीसदी से भी कम है, तब व्यापार घाटा कम करना सचमुच चुनौतीपूर्ण है। देश के विदेश व्यापार के सामने कई चुनौतियां मुंहबाए खड़ी हैं। देश में माल परिवहन की लागत बहुत ऊंची 13.14 फीसदी है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत लॉजिस्टिक खर्च के मामले में दुनिया में बहुत पीछे 44वें स्थान पर है। शोध और नवाचार के मामले में भारत दुनिया में 40वें क्रम पर है। देश की श्रमशक्ति नई डिजिटल कौशल योग्यता से बहुत दूर है। प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) के संतोषप्रद परिणाम अभी मिलना शुरू नहीं हुए हैं। चीन से व्यापार असंतुलन कम करने की बड़ी चुनौती भी सामने है। ऐसे में देश से निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने के लिए अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण की रफ्तार तेज करने के साथ-साथ युवा श्रमशक्ति को कौशल योग्यता से सुसज्जित करना होगा। देश की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों के कारगर क्रियान्वयन से लॉजिस्टिक लागत घटाना होगी।


2022-23 में भारत से उत्पादों का निर्यात 447 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 323 अरब डॉलर यानी कुल 770 अरब डॉलर रहा है। यद्यपि यह देश से निर्यात का सर्वोच्च स्तर है, लेकिन वर्ष 2022-23 में भारत का कुल व्यापार घाटा इससे पिछले वर्ष के 83 अरब डॉलर से बढ़कर 122 अरब डॉलर हो गया है। अब इस वर्ष व्यापार घाटे के और बढ़ने की आशंका है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 उत्पाद निर्यात के लिहाज से बेहतर नहीं रहने वाला है। भारत अपने कुल उत्पाद निर्यात का सबसे अधिक करीब 17 .50 फीसदी निर्यात अमेरिका को करता है, जो मंदी की चपेट में आता दिख रहा है।


# प्रदेश में पर्यटन की बुनियादी चुनौतियां

**मुख्यमंत्री** ने दिनांक 17 मार्च 2023 को वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान प्रस्तुत करते हुए इस बात पर बल दिया कि हमें आज के समय की वास्तविकताओं को समझते हुए, आने वाली परिस्थितियों के दृष्टिगत विकास की अवधारणा को बदलना होगा। यह भी कहा गया कि मुख्य चुनौती सिर्फ ढांचागत विकास की ही नहीं, अपितु गुणवत्ता युक्त सेवाएं प्रदान करना भी है। हिमाचल के संदर्भ में यदि बात की जाए तो इस बात से सभी सहमत हैं कि पर्यटन, जलविद्युत व बागवानी, ये तीनों प्रदेश के शक्ति बिंदु हैं व हिमाचल की पहचान हैं। जब से वर्तमान सरकार ने कार्य संभाला है, पर्यटन विकास को अपने ग्रोथ एजेंडा में सबसे ऊपर रखा है। स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, मालदीव जैसे कई देश हैं, जिनकी आर्थिकी का मुख्य आधार ही पर्यटन है। उन्होंने दीर्घकालीन योजनाएं बनाकर अपने पर्यटन का विकास किया है। यद्यपि हिमाचल को अपनी नैसर्गिक सुंदरता के लिए पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है, परंतु यह बात भी सत्य है कि इस पर्यटन रूपी हीरे को अभी तक पूरी तरह से नहीं तराशा गया है। हिमाच्छादित पहाड़, सुखद जलवायु, कल-कल बहती नदियां, हरे-भरे जंगल व सुरम्य घाटियां, नयनाभिराम ग्लेशियर, चन्द्रताल, नाको, रेणुका सी प्राकृतिक झीलें, मनमोहक दृश्यावलियां बरबस ही पर्यटकों को आह्लादित करती हैं। शिमला, डलहौजी, मनाली, धर्मशाला, मैकलोडगंज, कसोल, काजा, खजियार, सांगला घाटी, पराशर, कुफरी आदि उल्लेखनीय दर्शनीय स्थल हैं। इस वर्ष के बजट में पर्यटन विकास पर विशेष बल दिया गया है जिसके अंतगर्त हैलीपोटर्स का विकास, हैलीटैक्सी का संचालन व कांगड़ा जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स, आइस स्केटिंग व रोलर स्केटिगं रिंक का निर्माण, पर्यटन गांव की स्थापना तथा पौंग डैम में वॉटर स्पोटर्स, शिकारा, क्रूज व यॉट आदि की व्यवस्था करना शामिल है। हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर तथा एक पर्यटक के दृष्टिकोण से मेरा यह मानना है, कि यदि हम छोटी-छोटी कुछ जमीनी बातों पर ध्यान दें तो हिमाचल के पर्यटन को और पंख मिलेंगे। सबसे पहले मनाली की बात करते हैं, जहां पूरे भारत से पर्यटक वर्षभर आकर यहां की सुंदरता का आनंद लेते हैं। मनाली के प्रवेश द्वार पर ग्रीन-टैक्स बैरियर है। यह टैक्स बाहरी राज्यों के पर्यटकों से वसूला जाता है। इस धनराशि का उपयोग मनाली के प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने व पर्यटकों को गुणवता-युक्त सुविधाएं प्रदान करने पर होना चाहिए, परंतु जब इस प्रवेश द्वार से निकलने के पश्चात घंटों तक पर्यटक जाम में फंसा रहता है तो उसे बहुत निराशा होती है। हिडिम्बा रोड व क्लब हाऊस रोड जगह-जगह गड्ढों से भरे हैं। बाजार की खुली नालियों में बहता दुर्गन्धयुक्त गंदा पानी इस पर्यटन नगरी की सुन्दरता पर दाग लगाता है। गर्मियों के पर्यटन सीजन में यह स्थिति और भयावह हो जाती है। इसके अतिरिक्त पार्किंग मनाली की एक बहुत गम्भीर समस्या है। ग्रीन-टैक्स से इकट्ठी हुई धनराशि उपलब्ध स्थानों पर कम दरों की उचित पार्किंग व्यवस्था, सुन्दर व चौड़ी सडकों के निर्माण पर व गन्दे पानी के उचित निकास पर विशेष रूप से खर्च की जानी चाहिए। बर्फ के मौसम में बार-बार बिजली का गुल हो जाना भी यहां के पर्यटन को धक्का लगाती है। अतः बिजली आपूर्ति व्यवस्था का सदृढ़ीकरण भी आवश्यक है। इसी प्रकार बाहरी राज्यों से बहुत से पर्यटक कसौली में सुकून पाने आते हैं। यहां भी धर्मपुर से जब कसौली की ओर अन्दर प्रवेश करते हैं, तो सडकों की दयनीय स्थिति, धूल व गड्ढों से भरी सडकें पर्यटकों का स्वागत करती हैं। तंग व बदाहल सडकों के कारण यहां भी जाम आम समस्या है। खजियार व पराशर की झीलें सूखने के कगाार पर हैं व इन स्थलों पर जाने के लिए पर्यटकों को भी बहुत ही संकरे, ऊबड़-खाबड़ व पथरीले रास्तों से गुजरना होता है। कुफरी की बात करें तो वहां की धूल व ऊबड़-खाबड़ सडकें व घोड़ों के मल की दुर्गन्ध पर्यटकों को निराश करती है। कहीं भी कोई स्वच्छ शौचालय या जन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इस चर्चा से एक बात स्पष्ट होती है कि पर्यटन स्थल की साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय, उचित व सस्ती-पार्किंग तथा सुन्दर व चौड़ी सडकें पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं हैं। मात्र होटलों का निर्माण करना ही पर्यटन विकास नहीं है। ऐसा करने से अनावश्यक रूप से पर्यावरण सन्तुलन गड़बड़ा जाता है। सम्पूर्ण पर्यटन ईको सिस्टम का विकास आवश्यक है। पर्यटक चाहता है कि वह तय दिनों के अन्दर अपना प्रवास पूरा करे व उस पर्यटन स्थल के बारे में एक सुखद स्मृति लेकर जाए। इसके लिए स्थानीय प्रशासन को कुछ बातों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है- जैसे कि पर्यटक घंटों तक जाम में न फंसे, दलालों व अन्य बिचौलियों की ठगी व लूट-खसोट न हो। भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर मित्र-पुलिस द्वारा अराजक तत्वों की गुडांगर्दी व जेब-कतरों से पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। स्वच्छ व उचित संख्या वाले शौचालय उपलब्ध रहें। पर्यटकों को सही व सटीक जानकारी देने के लिए पर्यटन निगम द्वारा अपनी वेबसाईट पर, बड़े-बड़े होर्डिंग के माध्यम से व सूचना-केन्द्रों के माध्यम से जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। जहां पर्यटक प्रशासन से उचित व्यवस्थाओं की उम्मीद रखते हैं, वहीं उनका भी नैतिक कत्र्तव्य बन जाता है कि वे स्थानीय प्रशासन द्वारा उनके लिए तय नियम-कानूनों व निर्देशों का पालन करें, गन्दगी न फैलाएं, सभी चेतावनियों का पालन करें। यदि पर्यटक व्यवस्थाओं से सन्तुष्ट है तो वापस जाकर अपने दूसरे साथियों व मित्रों को वहां की जानकारी दे ताकि और अधिक संख्या में पर्यटक आएं, जिससे प्रदेश की आर्थिकी व रोजगार को बढ़ावा मिल सके।




हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर तथा एक पर्यटक के दृष्टिकोण से मेरा यह मानना है, कि यदि हम छोटी-छोटी कुछ जमीनी बातों पर ध्यान दें तो हिमाचल के पर्यटन को और पंख मिलेंगे। सबसे पहले मनाली की बात करते हैं, जहां पूरे भारत से पर्यटक वर्षभर आकर यहां की सुंदरता का आनंद लेते हैं। मनाली के प्रवेश द्वार पर ग्रीन-टैक्स बैरियर है। यह टैक्स बाहरी राज्यों के पर्यटकों से वसूला जाता है। इस धनराशि का उपयोग मनाली के प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित करने व पर्यटकों को गुणवता-युक्त सुविधाएं प्रदान करने पर होना चाहिए, परंतु जब इस प्रवेश द्वार से निकलने के पश्चात घंटों तक पर्यटक जाम में फंसा रहता है तो उसे बहुत निराशा होती है। हिडिम्बा रोड व क्लब हाऊस रोड जगह-जगह गड्ढों से भरे हैं। बाजार की खुली नालियों में बहता दुर्गन्धयुक्त गंदा पानी इस पर्यटन नगरी की सुन्दरता पर दाग लगाता है।


## नागरिक बोध

# बिचौलिया अच्छा है!

**दुनिया** कभी भी समानांतर नहीं चल सकती, इसलिए सदियों ने भी खुद के भीतर ऊंच-नीच के मानदंड गुजार दिए और जो आज भी जारी हैं। अपनी-अपनी औकात और हिसाब से लोग खुद को छोटा या बड़ा मान लेते हैं। खोदे गए सारे पहाड़ आज भी उस चूहिया को नहीं पकड़ पाए और न ही समाज उसे खोज पाया जिसने पहाड़ से लेकर इनसान तक का जीना हराम किया हुआ है। हराम के चक्करों में लोग देवता बन गए। कइयों ने तो भ्रष्टाचार की जीती हुई बाजी लौटा दी ताकि कोई उन्हें हराम से न जोड़ दे। हमें चूहिया का आर्ट इसलिए पसंद है क्योंकि वह अपने वजूद को साबित करती हुई किसी भी पहाड़ की खुदाई करवा सकती है। कई दफ्तरों के गोलमाल साबित होने से पहले चूहिया ही तो काम आती है। इसलिए अब खोदा पहाड़ नहीं, 'खोजा दफ्तर, तो निकली चूहिया' का अर्थ जनता जानती है। अब चूहिया बदल गई है, लेकिन लोग बाग खुदाई कर रहे हैं ताकि कहीं तो कुछ मिले। हर दफ्तर, हर संस्थान और हर सरकार में कहीं तो कोई चूहा या चूहिया बैठे हैं। जो खुदाई कर पाते हैं, वही तो मेहनती हैं। हैरानी तो यह कि जो खुदाई कर रहे हैं, उन्हें मेहनती नहीं माना जा रहा, बल्कि मेहनती वे हैं जिनकी मेहनत दिखाई नहीं, उगाही देती है। वैसे दिखाई तो भ्रष्टाचार भी नहीं देता, लेकिन इसके पीछे कहां कहां श्रम होता है, इसका अनुमान लगाना भी मुश्किल है। सदियों से मेहनत की भाषा ढूंढी जा रही है, लेकिन मेहनत वहां बोलती है जहां बिना पसीना बहाए कोई देश के श्रेय की खुदाई कर रहा है। बिना किसी पसीने के जो मंत्री बन जाए, असली मेहनत वहां है। मेहनत वहां है जहां कोई अपनी शर्म से भी श्रेय हासिल कर ले, यही आपदा में अवसर ढूंढने की मेहनत है। जो व्यक्ति आपदा, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, परिवारवाद, गिरोहवाद, जातिवाद और धर्म के विकार से न डरे, वह अवश्य ही मेहनती है। पुण्य कमाने की नालायकी को मेहनत मानें या गौर करें कि जो अदृश्य मेहनत से कमा लेने की करामात कर सकता है, उस बिचौलिए को अवतार मानें। बिचौलिया इस दुनिया का सबसे गोपनीय यथार्थ है। अपने रोजगार को गोपनीय बनाए रखना और गोपनीयता के साथ कमा लेना ही आज के युग की मेहनत है। सोचिए अगर बिचौलिया न होता तो नासिक का प्याज कोई इतने सस्ते में खा पाता। यह बिचौलिया ही है जो देशी आलू को पोटेटो चिप्स में इंपोर्टिड और आयातित लहसुन को देशी बना सकता है। आज की शिक्षा स्कूल से गायब होकर अकादमी की ट्यूशन को चमका रही है, तो यह बिचौलिया अच्छा है। बिचौलिया दारू बेच रहा हो या हीरा, देश के माल में स्वदेशीकरण की हवा मिला रहा है। बिचौलिया होना टॉप क्लास हुनर है, इसलिए इस प्रोफेशन की सेक्रेसी कभी पश्चाताप नहीं करती, वरना दूसरे व्यवसाय में डूबे लोग खुद को कोसते मिल जाएंगे। मेहनत का बिचौलिया कितना सरल व सहज है, इसे कभी सेहत के विज्ञापन की इज्जत पर देखिए।

## देश दुनीया से

# संसद के नये भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति को करना चाहिए या प्रधानमंत्री को?

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व सांसद राहुल गांधी ने संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू के हाथों कराए जाने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि संसद भारतीय गणराज्य की सर्वोच्च विधायी संस्था है और राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद है इसलिए उनसे उद्घाटन करवाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने तर्क दिया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सरकार, विपक्ष और हर नागरिक का प्रतिनिधित्व करती हैं और वह भारत की प्रथम नागरिक हैं, इसलिए संसद के नये भवन का उद्घाटन उनसे करवाना चाहिए। कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया है कि अगर संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति करती हैं तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करेगा। साथ ही कांग्रेस ने यह आरोप भी लगाया है कि मोदी सरकार संवैधानिक मर्यादा का बार-बार अनादर करती है और भाजपा-आरएसएस की सरकार के तहत भारत के राष्ट्रपति पद को प्रतीकात्मक बना दिया गया है। कांग्रेस नेताओं के इस बयान के बाद इस मुद्दे पर बहस चल पड़ी है कि संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति को करना चाहिए या प्रधानमंत्री को? लेकिन यह सवाल करने से पहले कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसके कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्रियों ने अपनी कितनी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का उद्घाटन राष्ट्रपति से करवाया था? इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है और उनकी उपस्थिति से किसी भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ जाती है लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि सीधे जनता के मतों से निर्वाचित हुई किसी भी सरकार को अपनी परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन करने का अधिकार होता है और उसे यह करना भी चाहिए क्योंकि चुनावों के दौरान उसे ही जनता के बीच जाकर अपनी उपलब्धियां बतानी है और अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करना है। देखा जाये तो राष्ट्रपति से नये संसद भवन का उद्घाटन कराने का सुझाव कांग्रेस ने इसलिए नहीं दिया है कि देश के संवैधानिक प्रमुख के लिए उसके मन में बहुत सम्मान है। देश को कांग्रेस नेताओं के वह अमर्यादित बयान याद हैं जो उन्होंने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनाये जाने पर और उनके निर्वाचन के बाद दिये थे। कांग्रेस यदि राष्ट्रपति और संविधान का बहुत सम्मान करती है तो वह बताये कि क्यों साल 2021 में संसद के सेंट्रल हॉल में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा संबोधित किए जाने वाले संविधान दिवस समारोह का बहिष्कार किया था? कांग्रेस के अलावा जो अन्य दल नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने का सुझाव देते हुए मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि वह देश के संवैधानिक प्रमुख के प्रति असम्मान व्यक्त कर रही है वह दल जरा बताएं कि क्यों उन्होंने इस साल संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार किया था? दरअसल नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने का सुझाव देने के पीछे कांग्रेस का प्रयास है कि किसी तरह नरेंद्र मोदी को नया इतिहास रचने से रोका जाये। कांग्रेस को पता है कि जब आने वाली पीढ़ियां नये संसद भवन के इतिहास को जानेंगी और जब उन्हें नये संसद भवन के द्वार पर यह लिखा हुआ मिलेगा कि यह परियोजना मोदी सरकार के कार्यकाल में बनी और पूरी हुई और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था तो उनके मन में सवाल उठेगा ही कि कांग्रेस ने दशकों के शासनकाल में देश को क्या दिया? सवाल उठेगा ही कि क्यों कांग्रेस शासनकाल में गुलामी के प्रतीकों पर ही गर्व किया गया? देखा जाये तो देश को पहला वॉर मेमोरियल, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और पहला प्रधानमंत्री म्यूजियम से लेकर ना जाने कितनी पहली परियोजनाएं देश को नरेंद्र मोदी ने ही दी हैं।


कांग्रेस नेताओं ने तर्क दिया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सरकार, विपक्ष और हर नागरिक का प्रतिनिधित्व करती हैं और वह भारत की प्रथम नागरिक हैं, इसलिए संसद के नये भवन का उद्घाटन उनसे करवाना चाहिए। कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया है कि अगर संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति करती हैं तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करेगा। साथ ही कांग्रेस ने यह आरोप भी लगाया है कि मोदी सरकार संवैधानिक मर्यादा का बार-बार अनादर करती है और भाजपा-आरएसएस की सरकार के तहत भारत के राष्ट्रपति पद को प्रतीकात्मक बना दिया गया है।

# मंत्री सत्यानन्द भोक्ता की अध्यक्षता में विस्थापित रैयतों की समस्याओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में विस्थापित रैयतों की समस्याओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिले में खनन कार्य कर रही सीसीएल मगध, सीसीएल आम्रपाली, एनटीपीसी समेत अन्य परियोजना में विस्थापित प्रभावित लोगों के प्रतिनिधियों से विस्थापित रैयतों की समस्याओं की जानकारी ली गई। प्रतिनिधियों ने समस्याओं की जानकारी देते हुए बताया कि कई परिवारों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है तथा रैयती नौकरी से योग्य लाभुकों को लाभ नहीं मिल पाया है तथा कुछ परिवारों का बकाया भुगतान पूर्ण नहीं हो पाया है। सभी समस्याओं की जानकारी लेने के उपरांत माननीय मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता ने सभी जिले में खनन कार्य कर रही सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सत्यापन का कार्य पूर्ण कर सभी विस्थापित परिवारों को मुआवजा उपलब्ध कराएं तथा भूमि अधिग्रहण और पुर्नवास नीति से उन्हें लाभान्वित किया जाए। बैठक में उपायुक्त अबु इमरान ने सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधियों को स्थानीय लोगों को नौकरी देने की बात कही तथा अपने स्थानीय क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण अथवा कोचिंग उपलब्ध कराने की पहल करने की भी बात कही।उक्त बैठक में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र। के विधायक श्री किसुन कुमार दास, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, अपर समाहर्ता चतरा पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी, सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि व परियोजना में विस्थापित प्रभावित लोगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सिमरिया विधायक ने किया एनआरईपी के तहत किए जाने वाला कार्य का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित बल बल गर्म कुंड मंदिर परिसर में एनआरइपी चतरा द्वारा किए जाने वाला कार्य को विधिवत शिलान्यास सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के माननीय विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा उद्घाटन किया गया। साथ में अंचलाधिकारी जयशंकर भी मौजूद थे। बताते चलें कि बल बल पर्यटन स्थल में मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शौचालय, स्नानागार, फेवर ब्लॉक, बैठने हेतु आरसीसी बेंच डेक्स एवं सोलर लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर उपस्थित भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा दुआरी पंचायत मुखिया जगदीश यादव लखन दांगी बबलू साव बिंदेश्वर यादव लालधारी यादव चतुरी साव रंजीत कुमार यादव विकास यादव राजेश यादव त्रिभुवन गुप्ता संतोष कुमार गुप्ता दिनेश गुप्ता एवं अनेकों लोग उपस्थित थे।

# पुलिस ने दो आरोपी को भेजा जेल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना पुलिस ने गणेशपुर पंचायत अंतर्गत आरा ग्राम में छापामारी कर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो लोगो को बालूमाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया द्य जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आरा ग्राम निवासी बासो साव का पुत्र मनदीप कुमार एवं नागो साव का पुत्र रघु साव शामिल है द्य जिनके विरूध में बालूमाथ थानां कांड संख्या77/2023 भारतीय दंड विधान की धारा 306/34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी द्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में बालूमाथ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सह अमरवाडीह पुलिस पिकेट प्रभारी प्रेम कुमार के साथ-साथ सहायक पुलिस अवर निरीक्षक मुख्तार अंसारी समेत कई सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व आरा ग्राम की एक युवती प्रेम प्रसंग में अपने घर से फरार हो गई थी और रांची जाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद परिजनों ने आत्महत्या के लिए उसकाने के लिए दोनों युवकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# वन रक्षी परिसर में महुआ के पेड़ गिरने से वन अध्यक्ष गंभीर रूप से हुआ घायल



**लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित फॉरेस्ट ऑफिस के परिसर में महुआ का विशाल पेड़ गिरने से लावालौंग निवासी, वन अध्यक्ष बसारत अंसारी बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं एक स्कूटी और एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।जानकारी के अनुसार चिलचिलाती धूप व गर्मी से बचने के लिए बसारत अपने दो अन्य साथियों के साथ कुर्सी लगाकर वन कार्यालय के बाहर स्थित महुआ के पेड़ के नीचे बैठा था। अचानक तेज आंधी और तूफान के कारण देखते ही देखते महुआ का पेड़ गिरने लगा। आवाज सुनकर दो लोग तत्परता से भाग खड़े हुए।वहीं बसारत भागने के क्रम में विशाल डाली की चपेट में आ गया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई।आनन-फानन में वन कर्मियों एवं सैकड़ों ग्रामीणों की मदद से पेड़ को हटाकर उसे निकाला गया।घटना के तुरंत बाद उसे लावालौंग के निजी डॉक्टर के पास प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसके परिजन रांची ले गए।खबर लिखे जाने तक बसारत की स्थिति गंभीर ही बनी हुई थी।

# वज्रपात से सेवानिवृत्त चौकीदार रामदयाल गंझू की मौत



**लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में अचानक आंधी तूफ़ान के साथ साथ बारिश के दौरान ठनका (वज्रपात) गिरने से सेवानिवृत्त चौकीदार रामदयाल गंझू की मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति नाथो सिंह भोक्ता बुरी तरह से घायल हो गया। उक्त विषय की जानकारी स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि रामदयाल व नाथो गंझू दोनों सिलदाग गांव के निवासी हैं।वे गुरुवार की सुबह लावालौंग में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी के लिए आए थे।खरीदारी के बाद दोनों अपने घर लौट रहे थे।इसी क्रम में बरतुआ गांव के समीप तेज आंधी तुफान और बारीश के कारण एक जामून के पेड़ के नीचे बचने लगे। इसी दौरान पेड़ के ऊपर जोरदार ठनका गिरा और रामदयाल की मौके पर ही मौत हो गई।बाजार से लौट रहे अन्य राहगीरों नें घटना की सूचना रामदयाल के परिजनों एवं थाना को दी।इसके बाद परिजन व थाना के कर्मी घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया।वहीं नाथो गंझू को सदर अस्पताल चतरा में भर्ती कराया गया।तत्काल उसकी स्थिति अच्छी बताई जा रही है।ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष वज्रपात तथा तूफान से लावालौंग प्रखंड में सैकड़ों जानमाल की क्षति होती है। रखेद में भी कुदरत का कहर प्रसाद गंजू के तीन मवेशियों जामुन के पेड़ के नीचे दब कर मौत हो गई। लावालौंग प्रखंड में आए दिन सबसे बड़ा वज्रपात तथा तूफान का कहर होतारहता है।

# गरीबी को पछाड़कर भारती बनी पंचायत में टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** मयूरहंड के करमा पंचायत अंतर्गत छगरिया निवासी करुणा सिंह की पुत्री भारती सिंह गरीबी को पछाडते हुए पूरे पंचायत में नंबर वन पर काबिज रही। भारती सिंह के मैट्रिक में अच्छे अंकों से पास करने मां पिताजी के साथ-साथ आसपास के लोगों ने अपनी प्रसन्नता को जाहिर किया है। बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली भारती सिंह बचपन से ही पढ़ाई में काफी मेधावी थी और यह गांव में ही रहकर पढ़ाई करते हुए 10वीं की परीक्षा पास की है। भारती सिंह ने प्रभात मंत्र से कहा मुझे शिक्षिका बनना पसंद है आगे की पढ़ाई इसी को ध्यान में रखकर करूंगी ताकि शिक्षा के माध्यम से समाज की सेवा कर सकूं।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन डीसी के माध्यम से सीएम हेमंत सोरेन को सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के निर्देश पर महासंगठन जिलाध्यक्ष उमा शंकर साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि झारखण्ड के तेली समाज सहित सम्पूर्ण पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की उपेक्षा केंद्र और राज्य सरकारें करती आ रही है। विगत दिनों राज्य सरकार द्वारा आरक्षण रोस्टर प्रकाशित की गई थी, जिसमें पिछड़ा जाति और अति पिछड़ा जाति को सात जिला में शून्य एवं शेष जिला में न्यूनतम कर दी गई है। इससे झारखण्ड के सभी पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज उपेक्षित एवं मर्माहत है। जबकि पहले से ही एक गहरी साजिश के तहत क्रिमिलियर के माध्यम से पिछड़ा और अति पिछड़ा जाति के आरक्षण को छीन लेने का प्रयास किया गया है। इतना ही नहीं जब सदियों से समाज में जात आधारित व्यवस्था बनी हुई है तो फिर जात आधारित जनगणना क्यों नहीं की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मांग किया गया कि पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिश के आधार पर पिछड़ा और अति पिछड़ा जाति को अविलम्ब आरक्षण दिया जाए, क्रिमिलियर को समाप्त करने के लिए अविलम्ब उचित कार्रवाई किया जाए, हरहाल में जितनी जल्द हो सके जात आधारित जनगणना कराया जाय।

# यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने वाले अभिनव प्रकाश से मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने वाले अभिनव प्रकाश से उनके घर जा कर मुलाकात की है। हंटरगंज प्रखंड के गोदोबार गांव निवासी मनोज सिंह के सुपुत्र अभिनव प्रकाश को मिठाई खिलाकर भारतीय सिविल सेवा सर्विसेज परीक्षा पास करने की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि अभिनव प्रकाश ने भारतीय सिविल सेवा सर्विसेज परीक्षा पास कर चतरा जिले के साथ साथ झारखंड का भी नाम रौशन किया है। इस मौके पर हंटरगंज के बीडीओ, सीओ, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, मंत्री मीडिया प्रतिनिधि गौतम कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# हवन यज्ञ के साथ हुआ पांच दिवसीय योग शिविर का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारीयातु :** बारीयातु प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत डाढा पंचायत के पुकचु गांव में पांच दिवसीय योग शिविर का, हवन यज्ञ के साथ शुक्रवार कोइ युवा भारत लातेहार जिला प्रभारी घनश्याम योगी के नेतृत्व में समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी जितेन्द्र सिंह की गरिमा पुर्ण उपस्थिति रही, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ को सम्पन्न कराया। यहां के ग्रामीणो ने प्रति दिन योग करने, गौ रक्षा एवं गाय का ही घी दूध उपयोग करने तथा, स्वदेशी चीजें उपयोग करने का तीन संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर धृतपाल गन्झु मुख्य योग शिक्षक के साथ बसंत नायक, दिलेश्वर यादव, देवनारायण यादव, चंद्रिका यादव महेश्वर यादव, राजेश यादव, किशोर यादव, सुरेश यादव सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला मुख्यालय में टेबल टेनिस क्लब का उद्घाटन उपायुक्त अबू इमरान ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय के जलछाजन भवन के ग्राउंड फ्लॉर में स्थित नव टेबल टेनिस क्लब का विधिवत उद्घाटन जिला के आन बान शान उपायुक्त अबू इमरान ने विधिवत फीता काट कर किया।वहीं उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने उपस्थित स्टेट लेवल महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के साथ टेबल टेनिस भी खेला। साथ ही खिलाड़ियों का प्रदर्शन देख सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। हैपकिडो के राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटे विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। बता दें कि उपायुक्त अबू इमरान का खेल के प्रति काफी रूचि रही है। जिसका नतीजा है कि सभी तरह का खेल स्पर्धा का आयोजन समय समय पर किया जाता रहा है। वहीं युवा खिलाड़ियो को हौसला बढ़ाने में निरन्तर आगे रहे हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी चतरा, आधुनिक सामुदायिक जिम के संचालक विकास केशरी, महिला एवं पुरुष खिलाड़ी समेत चतरा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक पंकज दुबे, विवेक सिंह, सचिव संजीत मिश्र एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# चक्रवाती तूफान की चपेट में आने से कई का उड़ा आशियाना, कई पशु पंक्षी की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** बीते गुरूवार को शाम अचानक आंधी और पानी मिश्रित तूफ़ान से क्षेत्र को तहस नहस कर दिया है। अचानक आयी चक्रवाती तूफान ने कितने इंशानो से लेकर पशु पंक्षीयों तक मौत के घाट उतार दिया है। वहीं खपरैल एवं क्रकेट से बने जुग्गी झोपडी को आंधी अपने जद में लेकर तहसनहस कर दिया है। इधर किसानों का लगा गरमा फसल भी काफी नुकशान हुआ है। और तो और कहीं कहीं गर्जन के साथ ठनका गिरने से इंशानो की मौत व घायल भी हो चुके हैं। इधर आंधी तूफ़ान के कारण क्षेत्र में बिजली गुल होने से क्षेत्र अंधकारमय हो चुका है। विभाग का कहना है कि आंधी के चपेट में बहुत से बिजली का खम्भा और तार टूट कर बिखर गया है। जिसे दुरुस्त करने की कार्रवाई जारी है। बहुत जल्द बिजली बहाल कर दी जाएगी।

# वर्षो बाद धनगड़ा तहसील भवन हुआ गुलजार




**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा अंचलाधिकारी विजय कुमार दास आम ग्रामीणों व भू रैयतों की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं। उनकी समस्याओं का निदान के लिए अपने राजस्व कर्मचारी, उपनिरीक्षको को पंचायत मुख्यालय में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। इनके निर्देश का अब असर दिखने लगा है आम लोगों की जमीन से संबंधित म्यूटेशन, एलपीसी, आय, आवासीय समेत जाति प्रमाण पत्र आसानी से बनने लगा है। बताया गया है कि धनगड़ा पंचायत मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने अंचलाधिकारी से मिलकर राजस्व कर्मचारी को धनगड़ा तहसील भवन में बैठने की मांग की थी जिसके बाद सीओ ने उक्त निर्देश दीया। मुखिया का प्रयास रंग लाया और वर्षो बाद धनगड़ा तहसील भवन गुलजार होने लगा है।धनगड़ा व पदमपुर पंचायत के एक दर्जन गांवो के विद्यार्थी व ग्रामीण प्रतिदिन अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे है। राजस्व कर्मचारी अभय रंजन बताते है की हल्का एक में काफी संख्या में ऑनलाइन त्रुटि,प लॉट गड़बड़ी, रेलवे संबंधित कार्य लंबित था जिसे निपटाने का प्रयास किया जा रहा है। पदमपुर मुखिया मंजू देवी, पसस सुदर्शन कुमार,उषा देवी समेत भूषण सिंह, लखन साहु, राजू यादव, पवन रजक चंद्रदेव साहु, जीवन राम, अजीत कुमार ने अंचलाधिकारी के प्रति आभार जताया है और कहा की अब बीस किलोमीटर दूर टंडवा नही जाना पड़ रहा है और न ही कोल वाहनों का धूल गर्दा मिल रही है।

# लोकप्रिय समाजसेवी का निधन, शोक

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया कला के समाजसेवी तथा चर्चित व हँसमुख चेहरा मोबिन अंसारी का निधन शुक्रवार को ईलाज के दौरान हो गया। वे 50 वर्ष के थे और यकृत संक्रमण से पीड़ित थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली सफदरजंग हॉस्पिटल ले जाया गया था और इलाज जारी था जहां उन्होंने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। समाजसेवी को स्थानीय कब्रिस्तान में नम आंखों से सैकड़ो की तायदाद में खाक-ए-सुपुर्द किया गया। मरहूम मोबिन मिलनसार और मृदुभाषी व्यवहार के थे और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे एक शानदार क्रिकेटर और फुटबॉलर भी रह चुके थे। मरहूम मोबिन को सभी वर्ग के लोग पसंद करते थे। उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि उन्होंने लगातार दो बार पंचायत समिति का चुनाव बड़े अंतर से जीता था। उनके इस प्रकार हुए अप्रत्याशित निधन से प्रखंड मुख्यालय में शोक की लहर है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है और उनके आत्मा की शांति के लिए दुआएं मांगी है।

# जब्त वाहनों की नीलामी को लेकर खनन विभाग ने निकाली निविदा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला खनन विभाग के द्वारा राजसात जप्त वाहनों की नीलामी को लेकर निविदा निकाली है। निविदा 27 मई को समाहरणालय सभागार उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष होगी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि लातेहार जिलान्तार्गत कोयला खनिज के अवैध, परिवहन, भंडारण में जप्त वाहनों की नीलामी की जाएगी, जिसके लिए निविदा आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया कि निविदा 27 मई को समाहरणालय सभागार में 3ः00 बजे उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी एवं निविदा में भाग लेने वालों को नीलामी में दिए गए शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा। निविदा में भाग लेने के लिए शर्त जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले संवेदकों को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, आयकर निर्टन की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो की दो प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छाया प्रति आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। संवेदक पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन से संबंधित थाना में मामला दर्ज नहीं हो, जिला खनन विभाग की ओर जप्त वाहनों की नीलामी को लेकर निकाली गयी निविदा में भाग लेने के लिए संवेदक पर किसी भी थाने में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर मामला दर्ज नहीं होना चाहिए एवं किसी भी विभाग के द्वारा उनका नाम संस्था का नाम काली सूची में दर्ज नहीं हो। वाहन का अनुमानित न्यूनतम सुरक्षित राशि अनुमानित नियंत्रण बाजार बिक्री का संवेदक को सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत प्रतिभूति का अग्रधन जमा करना होगा। इन जब्त वाहनों की होगी नीलामी 1.वाहन निबंधन संख्या- जेएच 03 एफ-8156, जेसीबी राशि अनुमानित बाजार मूल्य- 13 लाख, 64 हजार10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि-1 लाख, 36 हजार, 4 सौ 2.वाहन निबंधन संख्या-जेएच01एसी-6414, बाईक राशि अनुमानित बाजार मूल्य-20 हजार10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि-2 हजार 3.वाहन निबंधन संख्या-जेएच 01 आर-4796- बाईक,राशि अनुमानित बाजार मूल्य-10 हजार 10 प्रतिशत प्रतिभूति अग्रधन राशि-1 हजार।


# विधि विरुद्ध बच्चों के समस्याओं को लेकर की त्रैमासिक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सिविल कोर्ट परिसर में आज माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अध्यक्षता में विधि विरुद्ध बच्चों के समस्याओं को लेकर त्रैमासिक बैठक हुई जिसमें जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल,प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश-सह-चिल्ड्रन कोर्ट के स्पेशल जज श्री अखिलेश कुमार तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार,जुविनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, गुमला एवं लोहरदगा जिले के प्रभारी सिविल सर्जन, संप्रेक्षण गृह गुमला के अधीक्षक, मंडल कारा लोहरदगा के अधीक्षक, लोहरदगा बाल कल्याण आयोग के सदस्य,बाल संरक्षण पदाधिकारी, रिनपास के मनोचिकित्सक डॉक्टर अमित कुमार, स्पेशल जूविनाइल पुलिस यूनिट के उपाधीक्षक,प्रोबेशन ऑफीसर, जिला बाल संरक्षण आयोग में प्रतिनियुक्त पीएलबी आदि ने बैठक में भाग लिया। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने विधि विरुद्ध बालकों के समस्याओं को लेकर बातें रखीं। साथ ही साथ वैसे बच्चे जिनका देखभाल नहीं हो पा रहा है क्योंकि उनके माता-पिता जीवित नहीं है या दिव्यांग हैं उन बच्चों के परवरिश व विधालय में नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए विभिन्न पक्षकारों के बीच विचार विमर्श किया गया। विधि विरुद्ध ऐसे बच्चे जो 10 वीं या 12 वीं की कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं उनके आगे की पढ़ाई को लेकर चर्चा की गई। संप्रेक्षण गृह गुमला में अभी कुल 119 बच्चे संसीमित हैं जिसमें की लोहरदगा के 34 बच्चे हैं। ऑब्जर्वेशन होम गुमला के अधीक्षक ने जानकारी दी की इस बार दसवीं कक्षा में कुल 12 बच्चे उत्तीर्ण हुए जिसमें 10 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की साथ ही साथ कुल 34 बच्चे कक्षा आठवीं से लेकर 12 वीं तक में उत्तीर्ण हुए हैं। वैसे विधि विरूद्ध बच्चे जिन्हें न्यायालय द्वारा दोषी पाया जाता है उन बच्चों को स्पेशल होम धनबाद स्थानांतरित कर दिया जाता है। वैसे विधि विरुद्ध बच्चे जिनकी उम्र 18 से अधिक हो गई है उनके लिए प्लेस ऑफ सेफ्टी की व्यवस्था सिमडेगा में की जा रही है जहां पर लोहरदगा,सिमडेगा एवं गुमला के बच्चे जिनका आयु 18 वर्ष से ऊपर हो गई है जो किसी अपराध में संलिप्त हैं उन्हें वहां रखा जाएगा। सिविल सर्जन एवं रिनपास के प्रतिनिधियों से यह कहा गया कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक समझ के आकलन संबंधी रिपोर्ट संबंधित न्यायालय को त्वरित रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

# गोसाईबगि आहर नयाखाप में गलत तरीके से हुई अनुशंसा की जांच करवाने को ग्रामीणों ने भूमि संरक्षण पदाधिकारी को लिखा पत्र



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के नयाखाप गांव में गोसाई बागि आहर को जीर्णोद्धार करवाने के लिए गलत तरीके से कुछ ठेकेदारों द्वारा अनुशंसा करवाई गई है। ग्रामीणों का कहना है। कि खाता नंबर 34 प्लॉट नंबर 1447 में यह आहर पड़ता है। इस प्लॉट के आसपास अनुसूचित जाति का जमीन नहीं है। जबकि इस आहर के आसपास पिछड़ी जाति के लोगों का जमीन है।इस बात की जानकारी जब गांव के ग्रामीणों को पता चली। तो तुरंत लिखित आवेदन के अनुसार भूमि संरक्षण पदाधिकारी को आवेदन लिखकर जांच करने की मांग की है। एवं सही सलामत अनुशंसा करवाकर आहार का जिर्णोद्धार करवाने की बात चिट्ठी में लिखी है। ताकि ग्रामीणों को लाभ हो। विरोध करते ग्रामीण प्रमोद यादव, जानकी यादव, ब्रह्मदेव यादव, सिकंदर यादव, प्रदीप यादव, उमेश यादव, संजय यादव, भूलन यादव , प्रदीप यादव एवं दर्जनों उनके सहयोगी आवेदन दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी प्रोफेसर केपी शर्मा की माता के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने डोमचांच जाने के क्रम में बरही चौक पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुके और माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता भगवान केशरी, भाजपा मण्डल महामंत्री नवल किशोर सिंह, रितेश गुप्ता, गोपाल राणा, नरेश राणा, भाजपा यूथ मण्डल अध्यक्ष अमित सिंह, आकाश रजक, भाजपा एससी मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, अमित सिंह, सुबोध केशरी, शिव निषाद, अशोक निषाद, मनितोष यादव, सचिन यादव, रंजीत यादव, अनुज रविदास, इमरान खान, सिक्की यादव, कार्तिक कुमार, विक्रम पाण्डेय, राजू निषाद, कौशल निषाद, अमित सिंह उर्फ़ छोटू, सौरभ सिंह, गौरव मिश्रा, दिलीप यादव, बीरेंद्र रविदास, नंदू साव आदि उपस्थित रहें।

### पंचमाधव पंचायत भवन में प्रोजेक्ट राज पोल्ट्री का दिया गया प्रशिक्षण

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के पंचमाधव पंचायत भवन में बरही फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी के सदस्यों को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास विभाग एवं सहयोग होली क्रॉस कृषि विकास ट्रस्ट हजारीबाग के द्वारा प्रोजेक्ट वनराज पोल्ट्री का प्रशिक्षण 25 किसानों को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मौके पर केवीके से डॉक्टर बालेश्वर कुमार,गंगा प्रसाद ,चितरंजन महतो, जन जागरण केंद्र समन्वयक बरही राजेंद्र यादव, एहसान अंसारी, श्यामलाल यादव, रामचंद्र यादव, भुवनेश्वर ठाकुर, अशोक यादव, रमजान अंसारी,बिहारी महतो, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



### एकादशी उद्यापन कार्यक्रम में पहुंचे किशुन यादव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर निवासी इंद्रदेव यादव एवं वीरेंद्र यादव के आवास पर आयोजित एकादशी उद्यापन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर शुक्रवार संध्या आरती में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के किशुन यादव शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर प्रवचन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया मौके पर बासुदेव यादव, वीरेंद्र यादव, अर्जुन यादव,मनोज यादव ,सुरेंद्र यादव, महादेव यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



### ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी हजारीबाग चैप्टर ने किया बॉटनिकल शिक्षण भ्रमण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी द्वारा आयोजित सात दिवसीय समर कैंप के पांचवे दिन बॉटनिकल शिक्षण भ्रमण के लिए प्रतिभागियों को नावाडीह जंगल ले जाया गया। वनस्पति विज्ञान के जानकार एवं अन्नदा हाई स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक देवाशीष महतो ने बच्चों को विविध पेड़ पौधों के बारे में बताया। बच्चों ने अनेक पेड़-पौधे को पहचान की और उनके स्थानीय नाम, वैज्ञानिक नाम, उत्पत्ति स्थान, प्रकार, उपयोग आदि की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही हरबेरियम तैयार करने हेतु पत्तियों के प्रारूप को संग्रह किया। इसके साथ अनेक औषधीय पौधों की भी पहचान की गई। इस दौरान अनंतमूल, साल (सखुआ), आम, पीयल, बेल, महुआ, पलाश, बैंग साग, पुटुस, थेथर, पार्थेनियम आदि पौधों का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया गया। इसके पूर्व प्रतिभागियों को पारितंत्र, पौधों के प्रकार, पेड़-पौधों का महत्व, पौधों के उद्भव एवं विकास के बारे में बताया गया। समन्वयक राजेश कुमार ने कैंप के बारे में बताया गया कि इसका मुख्य उद्देश्य है बच्चों में वैज्ञानिक चिंतन का प्रचार-प्रसार करना, पर्यावरण संरक्षण, अंधविश्वास एवं चमत्कारों का पर्दाफाश करना आदि ताकि विज्ञान सिर्फ एक विषय के रुप में सीमित न रहे बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बने।

## टीबी मुक्त पंचायत को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान यक्ष्मा कार्यक्रम समन्वयक श्री आशीष आईन के द्वारा पीपीटी के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत बनाने से संबंधित पंचायती राज्य सदस्यों का उन्मुखीकरण हेतु टीबी बीमारी के लक्षण व बचाव से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए एवं सभी लोग इस में अपना योगदान दें। इस दौरान उपायुक्त टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने एवं इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदी के महत्व की सभी को जानकारी दी।

साथ ही उपायुक्त ने कहा की देश से टीबी रोग को खत्म करने के पंचायत स्तर से लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है अधिक से अधिक कार्यशाला या कार्यक्रमों के माध्यम से टीबी रोग के लक्षण व उनके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है, वहीं बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी व अन्य सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की।

बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, सभी अंचल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिरामल स्वास्थ्य से अजय नारायण दुबे, पंचायती राज्य के सदस्य संहिता ने उपस्थित थे।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा दो हाइवा किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अवैध बालू कारोबार के रोकथाम को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की द्वारा निरंतर करवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दो अवैध बालू लदा हाईवा परिवहन करते हुए बड़कागांव चौक से पकडा गया। इस संदर्भ अग्रिम कारवाई हेतु खनन पदाधिकारी को अंचलाधिकारी बड़कागांव के माध्यम से समर्पित की गई है। मौके पर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा के बड़कागांव थाना छेत्र से किसी भी तरह का अवैध कारोबार नही करने दिया जाएगा। अवैध कारोबार के रोकथाम को लेकर बड़कागांव पुलिस पूरी तरह से चौकस है।

## कोयलांचल अरगड्डा-सिरका व ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हुई बारिश, लोगों को गर्मी से मिली राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, जीएम ऑफिस, गिद्दी, रेलीगढ़ा समेत पास के गांव टोंगी, बुंडू, चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा, हेसला, मनुआ, फुलसराय के कई हिस्सों में शुक्रवार दोपहर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। लोगों ने बताया कि बीते एक सप्ताह से झुलसा देने वाले गर्म हवा से घर से बाहर निकलने में परेशानी हो रही थी। पसीने से लोग दिनोभर तरबतर हो जाया कर रहे थे। इससे सबसे ज्यादा बच्चे, बुजुर्ग, रोगी प्रभावित हो रहे थे। बारिश के बाद 40 डिग्री के तापमान गिरकर 29 डिग्री तक पहुंच गया। इससे आम लोगों समेत जीव-जंतुओं ने भी थोड़ी गर्मी से सुकून महसूस किया।



## पानी निकासी, बिजली जलापूर्ति को लेकर जदयू ने किया सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महानगर एक सभा वार्ड नंबर 20 में आहूत की गई। सभा की अध्यक्षता वार्ड 20 के जदयू वार्ड अध्यक्ष छोटन पासवान ने किया । इस सभा में जनता दल यूनाइटेड के कई नेता, महानगर अध्यक्ष यासिर अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रमोहन पटेल, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह ,वरिष्ठ नेता राकेश गुप्ता, जिला सचिव नजर उल्लाह अंसारी, जिला महासचिव प्रेम कुमार, उपाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ,महिला जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ,साबिर खान , उपस्थित थे तथा सभा को संबोधित किया। सभा का मुख्य उद्देश्य वार्ड 19 और 20 में पानी की निकासी वह बिजली जलापूर्ति इत्यादि समस्याओं से जूझ रहे यहां के निवासियों की आवाज प्रशासन तक पहुंचाना और समाधान करवाना । स्थानीय कई लोगों ने वृद्धा पेंशन और आवास के लिए बिचौलियों द्वारा शोषण किए जाने की बात कहीं । इन दोनों वार्ड के कई लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की और नीतीश कुमार और राज्यसभा सांसद खीरू महतो में अपनी आस्था व्यक्त की । मंच संचालन नजराना परवीन ने किया ।

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में विशेष शिविर का दूसरा दिन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बड़कागांव के सामुदायिक भवन एवं सूर्य मंदिर के प्रांगण को साफ सफाई किया गया। साफ सफाई में ग्रामीणों का भी सहयोग मिला। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्लास्टिक हटाओ स्वच्छता अपनाओ का नारा दिया। यह स्वच्छता अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो के नेतृत्व में संपन्न हुआ। दूसरे सत्र का विषय ङ्क युवा नेतृत्व था। इसके प्रशिक्षक सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला थे। इन्होंने युवा नेतृत्वकर्ता को खेल के माध्यम से नेतृत्व करने के बारे में बताते हुए कहा के खेल से नेतृत्वकर्ता के 3 गुण विकसित होते हैं। पहला उदासीन नेतृत्वकर्ता, दूसरा लोकतांत्रिक एवं सहयोगी नेतृत्वकर्ता, तीसरा तानाशाही नेतृत्वकर्ता। प्रोफेसर ललिता कुमारी ने नारी शिक्षा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर उपस्थित डॉक्टर बालेश्वर महतो, प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो, प्रोफ़ेसर ललिता कुमारी, स्वयंसेवकों में रणधीर कुमार, सचिन कुमार, राहुल कुमार, शशि सुनीता, नीतू, विनीता, बबीता, प्रियंका, आंचल ,सुमन ,लक्ष्मी इत्यादि लोग शामिल थे।



## रुद्र महायज्ञ को लेकर दिगवार में निकाली गई कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दिगवार काली मंदिर परिसर में शुक्रवार से श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया. इस दौरान मौके पर मौजूद वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा एवं वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। भव्य और अनोखी इस कलश यात्रा में करीब 1100 की संख्या में गाजे-बजे के साथ शामिल होकर कलशधारी इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने. इतना ही नहीं बल्कि कलश यात्रा के आगे- आगे चल रहा घोड़ा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. इस बीच श्रद्धालु देवी-देवताओं के जय घोष के साथ अति प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे. यहां बनारस से आए यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री द्वारा प्रधान यजमान बने रामकिशुन प्रसाद के अलावे समिति के अध्यक्ष खेमलाल महतो, सचिव विनोद कुमार कुशवाहा, सांस्कृतिक मंत्री हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि शशि प्रसाद सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया गया.पूजनोपरांत सभी कलशधारी अपने -अपने कलश में पवित्र जल को भरा. तत्पश्चात पूरे दिगवार ग्राम का नगर भ्रमण करते हुए यज्ञशाला मंडप पहुंचे.

जहां पूरे विधि -विधान के साथ कलशधारी कलशो को स्थापित किया. इधर कलश यात्रा से लौटने के बाद पंडितों द्वारा पंचांग पूजन, आचार्यदि वरण, मंडप प्रवेश, आरती, पुष्पांजलि आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया. जबकि रात्रि बेला में प्रयागराज झूसी की कथा वाचिका अंजनी गोस्वामी एवं रांची ठाकुर गांव से आई मानस की स्वर कोकिला शिव कुमारी देवी जी ने अपने कथा का वाचन किया. इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्य, उप समिति सदस्य समिति बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे।

## ऋत्विक कम्पनी के प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर शरत बाबू हत्या मामले का एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऋ त्विक कम्पनी के प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर शरत बाबू हत्या मामले का उदभेदन कर लिया गया है। इस संबंध मे पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने काण्ड का उद्भेदन एवं गिरफतारी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया था। उपरोक्त टीम द्वारा अनुसंधान करते हुए इस काण्ड के पीछे की साजिश तथा साजिशकर्ताओं के संदर्भ में पता लगाया गया। टीम द्वारा अनुसंधान करते हुए काण्ड में शामिल शूटर्स तथा रेकी करने वाले लोगों की पहले पहचान की गई फिर काण्ड का पूर्ण उदभेदन भी कर लिया गया। हत्याकाण्ड की साजिश अमन साहू एवं कथित मंयक सिंह के निर्देशन मे उसके गैंग के अत्यन्त सक्रिय सदस्य चन्दन साहू पिता लोकनाथ साहू, साकिन साकूल, थाना - पतरातू जिला रामगढ़ के द्वारा अपने अन्य साथियों जयमंगल मिश्रा पिता स्व उदयनाथ मिश्रा, मो जाहिर अंसारी उर्फ टैक्सी पिता इसराईल अंसारी, अमन साव पिता-बासूदेव साह, फिरोज अंसारी उर्फ छोटका पिता- सफीक अंसारी, वारिस असारी उर्फ मूसा, सभी साकिन- साकूल, थाना-पतरातू जिला रामगढ़ के साथ मिलकर रचा था। 23 मई को मामले के दो अभियुक्त मो0 जहीर अंसारी उर्फ टैक्सी तथा जयमंगल मिश्रा दोनों सांकुल थाना पतरातू जिला रामगढ़ निवासी को गिरफ्तार किया गया था। इसी कड़ी में मामले के एक और अभियुक्त अमन साव पिता-बासूदेव साव को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग भेजा गया। इससे संबंधित मामला बड़कागांव थाना कांड संख्या 156/23 दर्ज है।

## टी20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का 9वां मैच संपन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छावनी फुटबॉल मैदान में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल ञ्च20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 शुक्रवार को 9वां मैच संपन्न हुआ ।इस मैच में द ऑलराउंडर आर्मी बनाम ग्रीन गैलेक्सी के बीच खेला गया।द ऑलराउंडर आर्मी निर्धारित 20 ओवर के मैच में 18.1 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 121/10 रन बनाया,122 रन के टारगेट पर ग्रीन गैलेक्सी 5 विकेट के नुकसान पर 18 ओवर में 123/5 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत कर यह उनकी दूसरी जीत हुई ऑल राउंडर आर्मी तीन मैच में मात्र एक मैच ही जीत पाया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

द ऑलराउंडर आर्मी के मुख्य बल्लेबाज दिव्यम राज 38 रन शाने अली 16 रन मनीष कुमार 17 रन अमन कुमार 12 रन ही बना पाए वही गैलेक्सी के गेंदबाज सलाउद्दीन 3 विकेट वसीम, हर्ष कुमार दो-दो विकेट तथा अभिषेक कुमार को एक विकेट मिला जवाबी पारी खेलते हुए ग्रीन गैलेक्सी के अमन कुमार ने 49 बॉल में 58 रन अशोक कुमार सिंह 32 रन एवं अभिषेक 23रन बनाया द ऑल राउंडर आर्मी के गेंदबाज शाने अली एवं मयंक पांडे 2-2 विकेट अभिषेक कुमार 1 विकेट से ही संतोष करना पड़ा।

इस मैच का मैन ऑफ द मैच रहे अमन कुमार को मुख्य अतिथि टूर्नामेंट के प्रायोजक आलोक कुमार गुप्ता थे, उपस्थित आरसीए सचिव अरुण कुमार राय ,इस मैच का निर्णायक एंपायर शाहिद मिर्जा एवं सूरज कुमार टूर्नामेंट को व्यवस्था बनाए रखने में रवि मुंडा,आदित्य रजक,प्रिंस कुमार ओम कुमार स्कोरर समीर कुमार कॉमेंटेटर अंकित कुमार इत्यादि ने अहम भूमिका निभाई।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर भ्रमण व नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना(एन.एस.एस. )के तत्वाधान में महाविद्यालय इकाई द्वारा ÷पर्यावरण के लिए जीवन÷ के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता अभियान नगर भ्रमण बनासो ग्राम में निकली गई साथ ही बनासो चौक पर नुक्कड़ नाटक कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि- पर्यावरण संरक्षित है तो जन जीवन सुरक्षित है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्र ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण एवं जनसमूहों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जल,वायु, मिट्टी और ध्वनि से रिश्ता हमारा पुराना है 7 इसलिये इन्हें संरक्षित कर हमें इनको मित्र बनाना होगा। कार्यक्रम स्थल पर बनासो पंचायत के मुखिया,स्टेट बैंक के मैनेजर ,ग्रामवासी तथा पत्रकार अमूलचन्द्र पांडेय की उपस्थिति रही । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के सभी व्याख्याताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में उपस्थित व्याख्याताओं में से सहायक व्याख्याता बबली कुमारी, संजय कुमार चौरसिया, ओमकार नाथ शर्मा, जितेंद्र कुमार ,धीरेंद्र कुमार अशोक झा, एस0एच0यादव, अदृश मुखर्जी,अजित कुमार, वीरेंद्र देव, शशि भूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, चंदन कुमार,राजेश कुमार, सरोज कुमारी श्रीवास्तव, संतोष कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, लक्ष्मण कुमार, नाजरा खातून एवं बी0एड0 सत्र 2021-23तथा 2022-24 के स्वयं सेवक ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया ।




## रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम वार्षिक महामहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार को भव्य प्रथम वार्षिक महामहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम श्रीजी का जलभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया । स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया ।शांतिधारा किया गया ।पांडुशिला पर जलाभिषेक किया गया । पांडुशिला पर शांतिधारा किया गया । साथ जैन मन्दिर के बाहर प्रगाण मे राहगीरो के बीच (1000) महिला/पुरुष को भोजन वितरण (पुड़ी, चना, हलवा ) किया गया।वही मन्दिर मे सुबह 11ः00 बजे पंच परमेष्ठि विधान का आयोजन किया गया।पांच मंगल कलश एवम अष्ट प्रतिहार का महिलाओं के द्वारा स्थापना मांडला जी मे किया गया।मंगल स्तोत्र-सौ इंद्रों से वंद्य नित, पंचपरम गुरूदेव।तिनके पद अरविंद की, करूं सदा मैं सेव।त्रिभुवन में त्रयकाल में, जनज न के हितकार।नमूं नमूं मैं भक्तिवश, होवें मम सुखकार।

इस मौके पर समाज उपाध्यक्ष अरविन्द सेठी,समाज सचिव नागरमल गँगवाल, कोषाध्यक्ष जम्मू पाटनी, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र छाबड़ा, अशोक सेठी, रमेश सेठी, सुभाष पाटनी, देवेंद्र गंगवाल,ललित चुड़ीवाल,अंकित जैन, बिनोद पहाड़िया, राजेंद्र चूड़ीवाल , पदमचन्द छाबड़ा, मांगीलाल चूड़ीवाल,सुशील चूड़ीवाल,नितिन पाटनी, जीवन पाटनी ,महावीर प्रसाद गंगवाल,महेंद्र बगड़ा, टीकमचंद बगड़ा, सुमित जैन, प्रदीप पाटनी,अशोक काला,राजू सेठी, प्रमोद सेठी, बंटी सेठी,राजू पाटनी,सुनील पाटनी,सुनील सेठी,अजय पाटनी ,विनय जैन, विकी अजमेरा,सौरव अजमेरा,प्रकाश चंद अजमेरा,संजय सेठी,श्याम जैन,सुनिल छाबड़ा,विकाश सेठी, ललित गंगवाल, सुभाष पाटनी द्य महेश जैन ,निशांत सेठी, बबलू सेठी,सुभाष सेठी, सरवण सेठी,योगेश सेठी,अरविंद पाटनी,अमराव देवी पाटनी,अरुणा जैन, जीवनमाला गंगवाल, खुसबू चुड़ीवाल, ममता गंगवाल, उषा पाटनी, पुष्पा अजमेरा, स्वेता अजमेरा,कुसुम पाटनी ,सुनीता सेठी,सरिता छाबड़ा, अनीता चूड़ीवाल, प्रिया पाटनी, सुधा सेठी, स्वेता पाटनी, सुनीता चूड़ीवाल, मिथलेश जैन, किरण सेठी,रेखा पाटनी, मनीषा पाटनी, सरला सेठी, शारदा अजमेरा, उषा अजमेरा,प्रेम काला, स्वेता काला, बंटी पाटनी, उषा सेठी,बीना बगड़ा, कविता पाटनी,निशा बगड़ा, बीना सेठी, मीना सेठी,बबिता सेठी, गुणमाला सेठी,संजू सेठी आदि मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## पीडब्ल्यू स्किल्स भारत में टेक स्किलिंग के लिए सबसे बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू), भारत का अग्रणी एड-टेक प्लेटफॉर्म, अपने स्किलिंग वर्टिकल, पीडब्ल्यू स्किल्स द्वारा हासिल एक उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व अनुभव कर रहा है। हिंदी, अंग्रेजी और हिंग्लिश में उपलब्ध कोर्सेज़ करा, यह अब 1.5 लाख शिक्षार्थियों को तकनीकी कौशल सिखाने वाला सबसे बड़ा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बन कर उभरा है। इन शिक्षार्थियों में, 50,000 पेड बैचों में नामांकित हैं, जबकि शेष मुफ्त कोर्सेज़ से लाभान्वित हुए हैं। 30,000 शिक्षार्थी विशेष रूप से, हिंदी हार्टलैंड से आते हैं, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और अन्य राज्य शामिल हैं। महज पांच महीने के भीतर मील का पत्थर स्थापित करने वाली इस उपलब्धि को हासिल करना पीडब्ल्यू के मौजूदा कम्युनिटी और डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन की ताकत का प्रमाण है, जो इसकी ग्रोथ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। आधुनिक समय में प्रासंगिक तकनीकी कौशल वाले पेशेवरों की मांग और आपूर्ति के बीच बनी खाई को खत्म करने के मिशन के साथ, पीडब्ल्यू स्किल्स पहले से ही डेटा साइंस, जावा, ष्ट++, फुल-स्टैक वेब डेवलपमेंट में हाइब्रिड कोर्सेज़ और अन्य टेक्निकल कोर्स 3,500 से शुरू आकर्षक मूल्यों पर करा रहा है।

## अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल-20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का 9वां मैच संपन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छावनी फुटबॉल मैदान में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल ञ्20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 शुक्रवार को 9वां मैच संपन्न हुआ ।इस मैच में द ऑलराउंडर आर्मी बनाम ग्रीन गैलेक्सी के बीच खेला गया।द ऑलराउंडर आर्मी निर्धारित 20 ओवर के मैच में 18.1 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 121/10 रन बनाया,122 रन के टारगेट पर ग्रीन गैलेक्सी 5 विकेट के नुकसान पर 18 ओवर में 123/5 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत कर यह उनकी दूसरी जीत हुई ऑल राउंडर आर्मी तीन मैच में मात्र एक मैच ही जीत पाया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया।द ऑलराउंडर आर्मी के मुख्य बल्लेबाज दिव्यम राज 38 रन शाने अली 16 रन मनीष कुमार 17 रन अमन कुमार 12 रन ही बना पाए वही गैलेक्सी के गेंदबाज सलाउद्दीन 3 विकेट वसीम, हर्ष कुमार दो-दो विकेट तथा अभिषेक कुमार को एक विकेट मिला जवाबी पारी खेलते हुए ग्रीन गैलेक्सी के अमन कुमार ने 49 बॉल में 58 रन अशोक कुमार सिंह 32 रन एवं अभिषेक 23रन बनाया द ऑल राउंडर आर्मी के गेंदबाज शाने अली एवं मयंक पांडे 2-2 विकेट अभिषेक कुमार 1 विकेट से ही संतोष करना पड़ा।इस मैच का मैन ऑफ द मैच रहे अमन कुमार को मुख्य अतिथि टूर्नामेंट के प्रायोजक आलोक कुमार गुप्ता थे, उपस्थित आरसीए सचिव अरुण कुमार राय ,इस मैच का निर्णायक एंपायर शाहिद मिर्जा एवं सूरज कुमार टूर्नामेंट को व्यवस्था बनाए रखने में रवि मुंडा,आदित्य रजक,प्रिंस कुमार ओम कुमार स्कोरर समीर कुमार कॉमेंटेटर अंकित कुमार इत्यादि ने अहम भूमिका निभाई।

## उपायुक्त की पहल पर एक महीने में दस महिलाओं का हुआ सामान्य प्रसव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** चुरचू प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,जरबा का भवन वर्ष 2020 में तैयार हो गया था। परन्तु विभिन्न कारणों से उसे चालू नहीं किया जा सका था।उपायुक्त नैन्सी सहाय की पहल व उप विकास आयुक्त एवं सिविल सर्जन के प्रयासों के फलस्वरूप 13 अप्रैल 2023 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,जरबा में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारम्भ की गई एवं डीएमएफटी मद से चिकित्सकों की नियुक्ति कर इस क्षेत्र में आई गैप को भरने का सकारात्मक प्रयास प्रारंभ हुआ। इस क्रम में सर्वप्रथम डी.एम.एफ.टी मद से डॉ. सत्यम कुमार की नियुक्ति पीएचसी,जरबा में की गई। इसी दौरान राज्य सरकार की तरफ से भी जेपीएससी से नव नियुक्त डॉ0 सरोज कुमारी का पदस्थापन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जरबा में किया गया। वर्तमान में पीएचसी जरबा में ए.एन.एम.रीना कुमारी एवं आशा कुमारी, एमडब्ल्यूए सुभाष कुमार, एफडब्ल्यूए पूजा कुमारी एवं ड्रेसर पवन कुमार दास पदस्थापित हैं। इस केन्द्र में पिछले एक महीने में 10 महिलाओं का सामान्य प्रसव कराया गया एवं 233 मरीजों ने चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ लिया। उपायुक्त ने बताया कि भविष्य में इस केन्द्र के साथ साथ जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी आधुनिक उपकरणों की सहायता से स्वास्थ्य सेवाओं को और भी बेहतर करने की योजना है।



## दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन संस्था ने सीसीएल परिवार के प्रति जताया आभार

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के इतिहास में पहेली बार दिव्यांग जनो के सशक्तिकरण के लिए उनकी रोजगार के लिए कुजु सीसीएल परिवार ने बैटरी चलित टोटो वितरण किया गया। जिसने दिव्यांगजनो ने टोटो प्राप्त किया उनके चेहरे में मुस्कान देखने लायक था और साथ में दिव्यांग परिवारों में खुशी का लहर देखने लायक था। संस्था के डायरेक्टर वा सलाहकार समिति के सदस्य अतहर अली ने बताया कि सीसीएल परिवार ने हमेशा दिव्यांग जनों के उत्थान एवं उनकी सशक्तिकरण के लिए हमेशा दिव्यांगों को सहयोग करती है। इसके लिए आभार प्रकट करते हुए खासकर कुजू महाप्रबंधक, एस ओ पी साहब एवं सीसीएल परिवार के सीएसआर इंचार्ज प्रताप रंजन के द्वारा प्राप्त हुआ है। जो काबिले तारीफ है।

## हजारीबाग के तत्वावधान में मन का मिलन पखवाड़ा 29 मई से 14 जून 2023 तक होगा आयोजित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के तत्वावधान में प्रखंड स्तर पर 29 मई से 14 जून तक जागरूकता शिवरों का आयोजन किया जाएगा। डालसा सचिव गौरव खुराना ने बताया कि 29 मई को टाटीझरिया, 30 मई को सदर, 31 मई को कटकमसांडी, 1 जून को केरेडारी, 2 जून को पदमा व डाड़ी, 3 जून को चुरचू, 5 जून को बरही, 6 जून को बड़कागांव, 7 जून को कटकमदाग, 8 जून को दारू, 9 जून को इचाक, 10 जून को विष्णुगढ़, 12 जून को चौपारण, 13 जून को चलाकुशा एवं 14 जून को बरकट्ठा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आम लोगों को संविधान एवं विधि द्वारा प्रदान मौलिक अधिकार, सामान्य कानूनी प्रावधान सहित सरकार के द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया आदि के बारे में लोगों जानकारी दी जाएगी।

## मशहूर वेडिंग वियर ब्रांड मान्यवर और मोहे ने पूर्वी भारत के अपने सबसे बड़े स्टोर का रांची में किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** वैवाहिक परिधानों के चर्चित ब्रांड मान्यवर और मोहे ने झारखंड के रांची शहर में पूर्वी भारत का अपना सबसे बड़ा स्टोर खोला है। रांची क्लब के सामने स्थित यह स्टोर पुरुषों व महिलाओं के लिए पारंपरिक परिधानों और शादी के परिधानों के विकल्पों की महत्वपूर्ण रेंज पेश करता है।शहर में 17,000 वर्ग फीट का यह विशाल स्टोर तीन मंजिलों (मान्यवर के लिए दो तथा मोहे के लिए एक) में विभाजित है और शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न, कुर्ता, कुर्ता सेट, कुर्ता जैकेट सेट व एक्सेसरीज, के साथ 1000-1500 से अधिक यूनिक स्टाइल व डिजाइनों की पेशकश करता है। पुरुषों के लिए एक अद्भुत विविधता के साथ, यह ब्रांड लड़कों को चयन के लिए कई तरह के आउटफिट भी प्रदान करता है। महिलाओं के कलेक्शंस के लिए, मोहे के संग्रह में लहंगे (ब्राइडल एवं गैर-ब्राइडल), साड़ी, स्कर्ट-टॉप सेट एवं गाउन शामिल हैं।स्टोर एक परिष्कृत, बुटीक जैसा माहौल प्रस्तुत करता है जो डिस्प्ले किए गए सुंदर परिधानों को और भी खूबसूरत बनाता है। शादी के कलर-ब्लॉक्ड परिधानों और उत्सव के अनुकूल परिधानों की लाइन दीवारों पर सजी हैं, जबकि तीन मंजिला स्टोर के अंदरूनी भाग सॉफ्ट बीज एवं सुनहरे रंगों वाले हैं, जो वातावरण को सुखद बनाते हैं। विशेष रूप से डिज़ाइन की गई लाइटिंग से स्टोर को सेलेब्रेटरी रूप मिलता है और कपड़ों की बनावट निखर कर सामने आती है। यह शानदार सेटिंग शॉपिंग एक्सपीरियंस को बढ़ाती है और ग्राहकों को एक भव्य, उत्सवी माहौल में खुशियों व संस्कृति की दुनिया खोजने में मदद करती है। स्टोर में मान्यवर के नवीनतम कैंपेन वाले शानदार सेलिब्रिटी कलेक्शन मौजूद हैं, जो कि आपके शॉपिंग एक्सपीरियंस को अविस्मरणीय बनाते हैं और स्टोर की अपील को बढ़ाते हैं। सतैयारहोकरआए कैंपेन कलेक्शन में ट्रेंडिंग वेडिंग और फेस्टिव मेन्सवेयर शामिल हैं, जिन्हें करिश्माई रणवीर सिंह ने पहना और पेश किया है। महिलाओं के लिए, स्टोर कियारा आडवाणी अभिनीत सदुल्हनवालीफीलिंग कैंपेन से लिया गया है जो एक उत्कृष्ट ब्राइडल कलेक्शन पेश करता है। इस कलेक्शन में हर दुल्हन को उसके सबसे ख़ास दिन पर विशेष और सुंदर महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किए गए विभिन्न प्रकार के जटिल डिज़ाइन वाले लहंगे शामिल हैं।



## आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि भारत के नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को करेंगे। आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने संविधान, लोकतंत्र और संसदीय परंपरा के मद्देनजर देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से नये संसद भवन का उद्घाटन करवाने की मांग की है।जबकि सरकार ने महामहिम राष्ट्रपति को उद्धघाटन समारोह में आमंत्रित तक नहीं किया है।आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने सरकार के इस फैसले गलत करार देते हुए कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 79 के अनुसार संसद का गठन-संघ के लिए एक संसद होगी जो राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी, जिनके नाम राज्य सभा और लोक सभा होंगे। नये संसद भवन का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मु से कराया जाए। एक तो भारत के संवैधानिक सर्वोच्च पद राष्ट्रपति का है और वर्तमान राष्ट्रपति भारत का एक आदिवासी महिला है। राष्ट्रपति न केवल भारत में राज्य के प्रमुख हैं, बल्कि संसद का एक अभिन्न अंग भी है। राष्ट्रपति के पास संसद सत्र बुलाने से लेकर स्थगन करने और संबोधन का अधिकार है। संसद के किसी भी अधिनियम के प्रभावी होने के लिए राष्ट्रपति के सहमति की जरूरत होती है। भारतीय लोकतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए भारत के लोकसभा संसदीय भवन का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से होना चाहिए।ऐसा नहीं होता है तो आदिवासी संघर्ष मोर्चा इसे भारतीय लोकतंत्र एवं भारत की प्रथम नागरिक आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान मानती है और यह संविधान के खिलाफ है। मोदी सरकार की यह ऐतिहासिक साजिशपूर्ण कृत है, जिसका आदिवासी संघर्ष मोर्चा पुरजोर विरोध जारी रखेगी।

## नॉकआउट ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ी 27 को खेल गांव में चयन कार्यक्रम में होंगे सम्मिलित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के नॉकआउट ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ी 27 मई को झारखंड की राजधानी रांची मे स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित चयन प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम रांची के शहीद टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेल गांव में आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को दिल्ली एन.सी.टी मे आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में खेलने का अवसर प्राप्त होगा। यह प्रतियोगिता 6 जून से 12 जून तक आयोजित की गई है। जहां पर चयनित प्रतिभागी खेलो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।खिलाड़ियों को रांची रवाना होने से पूर्व शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई कर उन्हें बधाई दिया।मौके पर हर्ष अजमेरा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी झारखंड का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय में अपना परचम अवश्य लहराए। साथ ही कहा कि किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर आप सभी हमसे अवश्य संपर्क करें आपका बड़ा भाई स्वरूप मैं आपके साथ सदैव खड़ा हूं।मौके पर प्रशिक्षक रोशन कुमार चौहान ने हर्ष अजमेरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा तत्पर नजर आए हैं। बच्चे जिस मुकाम पर आज हैं उसके सच्चे हकदार आप हैं। साथ ही कहा कि 27 मई को रांची खेलगांव में चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई है इस प्रतियोगिता में चयनित होने वाले प्रतिभागियों को दिल्ली में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।खिलाड़ियों में प्रशिक्षक रौशन कुमार चौहान,वनीता पराशर,सौम्या अइकत, राखी सिन्हा,अदीति कुमारी नरगिस जहां, उदित किशोर, सुधांशु कुमार,विश्वजीत राज सिंह,अर्पित प्रकाश, पार्थ पांडे खिलाड़ी शामिल है।

## रविंद्र साहू रांची रोड मरार निवासी ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविंद्र साहू पिता स्वर्गीय गोपी साहू ग्राम मरार थाना व जिला रामगढ़ का निवासी हूं। मौजा मरार खाता संख्या 41 मेरी खतियानी भूमि है। जिसका मालगुजारी रसीद हमारे पिता वगैराह के नाम से निर्गत होते आ रहा है जो अंचल कार्यालय रामगढ़ के पणजी 2 के वॉल्यूम संख्या तीन के पृष्ठ संख्या 134 में दर्ज है?। उक्त भूमि पर बने बैरक मकान का रामगढ़ कैंटोनमेंट होल्डिंग टैक्स भी मेरी मां के नाम से कटते आ रहा है। उक्त भूमि श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा षड्यंत्र कर किरायानामा इकरारनामा नोटरी से करा कर हम लोगों की भूमि व मकान को हड़पना चाहता है। मेरे द्वारा अंचलाधिकारी रामगढ़ से सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के आधार पर यह प्रमाणित हो गया है कि उक्त भूमि मेरी खतियानी भूमि मेरी है। और उन लोगों के द्वारा जमा की गई कागजात प्रथम दृष्ट्या में फर्जी एवं गलत है। मेरे मरार रांची रोड हिरक नगर स्थित ग्रेफ कैंप आवास और उसके 94 डिसमिल जमीन को फर्जी दस्तावेज असामाजिक व्यक्तियों से करा कर जबरन हड़पने का प्रयास श्रीराम पावर एंड स्टील के निदेशक एवं कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है ।श्रीराम पावर एंड स्टील के कर्मचारी अपने गुंडा और हथियारबंद बाउसरों को लाकर घर पर रह रहे महिलाओं का गलत तरीके से वीडियो रिकॉर्डिंग तथा अभद्र व्यवहार छेड़छाड़ करते हुए लिया गया है ।विरोध करने पर कंपनी के वरीय कर्मचारी एवं कुछ संदिग्ध युवकों के साथ आकर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। कर्मचारी का कहना है पुलिस प्रशासन हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है हमारे कंपनी के मालिक का पुलिस तथा सरकार पर दबदबा है। उन्होंने आवेदन में पुलिस अधीक्षक से जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है।




### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग,
### भवन प्रमण्डल,डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 297933 Building (23-24)D है को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 298374 Building(23-24).D

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
**सूचना**

पत्रांक: ME/01/1203/2023/2312 दिनांक 26.05.2023

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा Empanelment of Interested Production House/Agencies से संबंधित Expression of Interest (Ref. No. 2248, दिनांक 19.05.2023) का प्रकाशन किया गया है। इस निविदा से संबंधित Pre Bid Meeting दिनांक 30.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, धुर्वा, राँची में की जाएगी।

ह0/–
(जयन्त कुमार मिश्र)
प्रशासी पदाधिकारी।

PR 298406 School Education and Literacy(23-24)D

### जिला परिषद, खूँटी
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2023-24, PR 297869 Diatrict(23-24)_D द्वारा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 29.05.2023 को संशोधित करते हुए दिनांक 03.06.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक निर्धारित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.06.2023 को अपराह्न 4.00 बजे उक्त योजनाओं के लिए गठित समिति के समक्ष खोला जायगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 298394 (District)23-24*D

### समाहरणालय, गढ़वा (जिला स्थापना शाखा)
**आम सूचना**

सरकार के सचिव, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1730 (3)/रा0, दिनांक–19.05.2023 के द्वारा झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) द्वारा इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 48 अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराते हुए सभी प्रमाण पत्रों की जाँच कर संतुष्ट होने के उपरांत नियुक्ति की कार्रवाई करने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में कुल 48 अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक–01.06.2023 एवं 02.06.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक समाहरणालय, गढ़वा के सभागार में निर्धारित की गई है।

अतः सभी अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने मूल प्रमाण पत्रों (दो स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित एवं नवीनतम दो पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड, फोटो मतदान पत्र पहचान के साथ निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होकर अपने–अपने प्रमाण पत्रों की जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
स्थापना उप समाहर्त्ता, गढ़वा।

PR.NO.298372 District(23-24):D

### कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा
**अतिअल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2023–24**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पंचायत सचिवालयों में सुदृढीकरण निधि से स्वीकृत क्रमांक–07 में ग्रुप संख्या 03 वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की क्रमांक–1 के अनुसार निबंधित संवेदको से F2 प्रपत्र पर मुहर बंद एकल बीड निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 02.06.2023 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 03.06.23 (अपराहन 3:00 बजे तक)
4 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 03.06.23 (अपराह्न 04:00 बजे )
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद्, कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6 निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखंड का नाम | क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 | Koderma | 1 | Boundary wall of panchayat bhawan pathaldiha vill pathaldiha panchayat pathaldiha block koderma district koderma | 2012900 | 40258 | 5000 | 3 माह |
| | | 2 | Repairing work of panchayat bhawan lokai with new Boundary wall at vill lokai panchayat lokai block koderma district koderma | | | | |
| | | 3 | Boundary wall of kharkota panchayat bhawan at vill kharkota panchayat kharkota block koderma district koderma | | | | |

निविदा की शर्तें WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता
जिला परिषद कोडरमा

PR 298429 Panchayati Raj (23-24)_D

### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़
**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित e-Expression of Interest "Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Ramgarh, Jharkhand जिसका PR No. 297461 Drinking Water and Sanitation (23-24)D है को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of commencement of availability of the tender document. | 20-05-2023 | 29-05-2023 |
| 2 | Last date to send requests for clarifications on the Tender. | 23-05-2023 | 01-06-2023 |
| 3 | Project briefing & Pre-bid meeting. | 25-05-2023 up to 01.00 PM | 03-06-2023 at 01.00 PM |
| 4 | Last date and time for submission of bids. | 31-05-2023 up to 4.00 PM | 09-06-2023 at 4.00 PM |
| 5 | Opening of Eligibility/Technical Bids. | 01-06-2023 up to 3.00 PM | 12-06-2023 at 3.00 PM |

नोटः– शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ

PR 298425 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–09/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.06.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.06.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू॰) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू॰) | अग्रधन की राशि (रू॰) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य कॉलोनी स्थित जिला मत्स्य पदाधिकारी के आवास का जीर्णोद्धार कार्य, Doranda,Ranchi | 24,98,500.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Two Months |

**नोट** : निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR.NO.298427 Building(23-24):D

# वज्रपात से मां-बेटी की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के तिलैया गांव में आज शुक्रवार करीब पांच बजे अचानक तेज बारिश के साथ बज्रपात होने से घटनास्थल पर ही मां बेटी की मौत हो गई।

घटना की जानकारी होते ही भाजपा नेता धर्मजीत सिंह पहुंचे और परिवार वालों को सांत्वना दिया।

# शहीद संदीप सिंह स्मारक सेवा समिति कार्यालय का विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी के चरककला गांव में आज



शुक्रवार को शहीद संदीप सिंह स्मारक सेवा समिति कार्यालय का टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद संदीप सिंह की शहादत कभी बेकार नहीं जाएगी एवं उनके सम्मान में कहीं कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन हरिहर प्रसाद सिंह ने किया जबकि मंच संचालन सुमन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया मौके पर विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम, झामुमो के फूलचंद किस्कू, कामेश्वर प्रसाद सिंह,पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी,कोल्हर मुखिया विजय कुमार मंडल,जाताखूंटी मुखिया आशा मुर्मू उनके प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक ने यूपीएससी में चयनित गगन को दी बधाई

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर विधानसभा के सरिया बाजार



निवासी सुभाष बर्नवाल के पुत्र गगन कुमार का यूपीएससी में सफलता हासिल करने पर पूर्व विधायक नागेंद्र महती ने बधाई दिया है, बताते चले की गगन को 556 वी रैंक मिली है इस अवसर पर गगन व उनके परिजनों के साथ ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मंगलवार को जैसे ही यूपीएससी का परिणाम घोषित हुआ, उसके साथ ही घर में खुशियों की बहार आ गई। आज इसी कड़ी बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो सरिया स्थित उनके आवास पहुंचकर मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं आशीर्वाद दिया। साथ ही पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने बताया की जब कोई झारखण्ड के बेटा बेटी को अच्छे मुकाम तक पहुंचता देखता हूं तो मेरा खुशी दोगुनी हो जाती है। इसलिए की हमने जिस झारखंड के बाल बच्चों झारखन्ड अलग राज्य आंदोलन का लड़ाई लड़ी आज झारखंड का बेटा बेटी ऊंचे पद पर आसीन हो रहे है। जो मुझे गर्व महसूस होता है।

# दसवीं परीक्षा में स्टडी सेंटर के छात्रों ने लाया शानदार अंक

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नवडीहा में स्थित स्टडी सेंटर नवडीहा के छात्रों ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अव्वल अंक प्राप्त कर सेंटर के साथ परिजनों का नाम रौशन किया। नवडीहा ग्रामीण क्षेत्र में आता है और यहाँ के प्रतिष्ठित संस्था (स्टडी सेंटर नवडीहा) के छात्रों ने झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा जारी दसवीं परीक्षा 2023 के परिणाम में शाहिल कुमार 389 (77.8प्रतिशत) ,बसंत कुमार वर्मा 387 (77.4 प्रतिशत), कृष्णा कुमार 379 (75.8 प्रतिशत), संध्या कुमारी 322 (64.4 प्रतिशत),सकुंतला कुमारी 315 (63 प्रतिशत) के शानदार अंक प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ शिक्षकों का नाम रौशन करने का काम किया है। वही सेंटर के संचालक बाबुल भारती ने कहा की बच्चो को बेहतर शिक्षा देने में कोई कमी नहीं छोड़ते है हमारे सेंटर में अनुसासन के साथ सरल तरीके से बच्चो को शिक्षा दी जाती है। बच्चो के बेहतर अंक से शिक्षकों को प्रोत्साहन मिलता है। इस सेंटर में संजीत, उमेश जैसे शिक्षक सेंटर की ताकत है जिनके मेहनत से यहाँ के बच्चे काफी आगे जा रहे है।

# मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा,



निताशा बारला के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 29मई से 14जून तक मन का मिलन पखवाड़ा के आयोजन को लेकर झरिया में पैरा वैधानिक स्वयंसेवको एवं डालसा की टीम डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान, राजेश कुमार सिंह के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से लोगों को बताया गया कि आगामी 29 मई से 14 जून 2023 तक विशेष कार्यक्रम के तहत मन का मिलन पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

## समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में जोरापोखर से आए अमित कुमार सिंह ने जोरापोखर में सरकारी जमीन के अवैध तरीके से बिक्री के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि मौजा जोरापोखर में मोहन यादव द्वारा सरकारी भूमि को अवैध तरीके से बेचा जा रहा है। उक्त प्लाट पर अंचल कार्यालय के द्वारा सरकारी



जमीन का बोर्ड स्थापित किया गया था। लेकिन मोहन यादव द्वारा दबंग ता पूर्वक सरकारी जमीन का खरीद बिक्री किया जा रहा है। उपायुक्त ने इस मामले को झरिया के अंचलाधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

इस दौरान पुटकी थाना क्षेत्र से आई अंजना देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का अंतिम किस्त की राशि का भुगतान अभिलंब करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि आवास निर्माण हेतु उन्हें 4 क़िस्त का भुगतान हो चुका है लेकिन योजना की अंतिम क़िस्त की भुगतान अब तक नहीं हो पाई है, जिस कारण घर में प्लास्टर का कार्य पूरा नहीं हो पाया। उपायुक्त ने इस मामले को धनबाद सदर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

# अनीता को किया सम्मानित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को राँची में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की नेशनल प्रेसिडेंट नीरा बथवाल के द्वारा धनबाद स्थित पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पौधा देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रेसिडेंट रेनू दुदानी भी मौजूद थी।

# एमआर अभियान के 45वें दिन 1 हजार से अधिक बच्चों को दिया गया टीका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मीजल्स रूबेला उन्मूलन को लेकर 12 अप्रैल से शुरू एमआर अभियान कार्यक्रम के 45वें दिन जिले के 1261 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया अब तक कुल 822075 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया जा चुका है। वही आज की बात करें तो आज का लक्ष्य 1217 बच्चों को टीका लगाना था, जिसके विरुद्ध 1261 बच्चों को आज टीका लगाया गया है। वहीं बाघमारा में 00, बलियापुर में 60, गोविंदपुर में 299, धनबाद सदर में 48, झरिया में 564, निरसा में 50, तोपचांची में 240, टुंडी में 00 बच्चों को एमआर का टीका लगाया गया।

# मासस व भाकपा माले के संयुक्त तत्वधान में बैठक संपन्न

## 30 मई को रणधीर वर्मा चौक पर होगा धरना-प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को मासस केंद्रीय कार्यालय धनबाद मे मासस एवं भाकपा माले की संयुक्त तत्वावधान मे जिला कमिटी की बैठक कॉ. नकुलदेव सिंह की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। सर्वसम्मति से सहमति बनी की 30 मई को आहूत धरना-प्रदर्शन धनबाद स्थित रणधीर वर्मा चौक पर व्यापक जन भागीदारी के द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शन मे केंद्र सरकार की जन विरोधी तथा फासीवादी नीतियों से देश की बर्बादी से उपजे ज्वलंत सवालो को देश के सामने रखा जायेगा। साथ ही रोजगार, स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन आदि के साथ खतियान आधारित नियोजन मे आरक्षण की मांग की जायेगी। बैठक मे माले राज्य कमिटि के सदस्य नागेंद्र कुमार, मासस के जिला सचिव दिलीप कुमार महतो, माले के जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, सुभाष चटर्जी, कृष्णा सिंह, सुभाष प्रसाद सिंह, हरेंद्र सिंह, विजय कुमार पासवान, राणा चट्टराज, विश्वजीत राय, कामता पासवान, बुटन सिंह, राजेश विरुआ आदि शामिल थे।

# महुदा के कुंजी घाट दामोदर नदी में रुकने का नाम नही ले रहा है बालू की अवैध तस्करी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** खनन विभाग के सकती बरतने के बाद भी बाघमारा प्रखंड के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत दामोदर नदी के कुंजी घाट में इन दिनों अवैध बालू का कारोबार रुकने का नाम नही ले रहा है। बताया जाता है कि महुदा क्षेत्र के दामोदर नदी के उक्त घाट में सुबह होते ही सैकड़ो की संख्या में ट्रैक्टर उतारकर बालू की भराई की जाती है । और जंगलों में बालू को इक्कठा करके रखा जाता हैं ।इस संबंध में एक ट्रैक्टर ड्राइवर ने अखबार में नाम नहीं छापने के शर्त में बताया की हम लोग तो मजदूर हैं हम लोग मजदूरी के रूप में ट्रैक्टर चलाते हैं ट्रैक्टर मालिक जहां जाने बोलता है और जहा रखने



बोलता है वही ले जाते है । दामोदर नदी में प्रत्येक दिन बालू की भराई करते हैं और फिर महुदा के अलावे अन्य क्षेत्र में ले जाते हैं। एक ट्रैक्टर बालू का लगभग तीन से चार हजार रूपए में बेचा जाता है ज्ञात हो कि इन दिनों दामोदर नदी उक्त घाट से दर्जनों ट्रैक्टर बालू का उठाव हो रहा है लेकिन खनन विभाग और प्रशासन के लोग कुंजी घाट के तरफ नजर उठा कर देखते भी नहीं है यदि इसे नहीं रोका गया तो आने वाले दिन में दामोदर नदी का कटाव और बढ़ जाएगा, नदी में खतरा बढ़ जाएगा।

# भाजपा धनबाद ग्रामीण जिला के संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को भाजपा धनबाद ग्रामीण जिला के संयुक्त मोर्चा का बैठक जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती उपस्थित हुए। बैठक में हर घर जनसंपर्क अभियान के वातावरण निर्माण और कार्यकर्ताओं की कड़ी तैयार करने हेतु 13 जून 2023 को निरसा और सिंदरी विधानसभा में और 14 जून को टुंडी विधानसभा में संयुक्त मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।इसके पुर्व 31 मई 2023 तक सभी 18 मंडलों



में इसी प्रकार संयुक्त मोर्चा का बैठक करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए बैठक में प्रभारी नियुक्त किए गए। शुक्रवार की बैठक में भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, किसान मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, जिला भाजपा महामंत्री निताय रजवार, मंत्री फिरोज दत्ता, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महादेव कुम्हार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. जहीरूद्दीन अंसारी, युवा मोर्चा के महामंत्री गुड्डु सिंह, जग्गू साव, किसान मोर्चा के महामंत्री शंकर महतो, सरोज महतो, अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री नरेंद्र हरि, मिथुन रविदास, ओबीसी मोर्चा के महामंत्री राजेश दास, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री नीतू शंकर आदि उपस्थित थे।

# हार्ट अटैक से एएसआई की इलाज के दौरान मौत



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह जिले में हार्ट अटैक आने के बाद इलाज के क्रम में एएसआई दरोगी सिंह की मौत हो गयी है। मृतक एएसआई दरोगी सिंह गिरिडीह के गावां थाना क्षेत्र के रहने वाले थे और फिलहाल देवघर में पोस्टेड थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह ड्यूटी के दौरान ही अचानक दरोगी सिंह की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए देवघर के सदर अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।देवघर से रांची जाने के क्रम में गिरिडीह के बेंगाबाद टोल टैक्स के समीप उनकी तबीयत और बिगड़ गई है। जिसके बाद उन्हें तुरंत गिरिडीह सदर अस्पताल लाया गया जहां उनकी मौत हो गई है। बताया जाता है कि मृतक एएसआई वर्ष 2016-17 में गिरिडीह जिले में पोस्टेड थे और जिले के गावां थाना इलाके के ही रहने वाले थे।

# डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डीआरएम चौक पर स्थापित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ असमाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ की घटना का हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने कड़ा विरोध किया है। बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का जायजा लेने आज संगठन के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ अंबेडकर चौक पहुंचे। बाबा साहेब का चश्मा क्षतिग्रस्त पाकर सभी ने घटना की निंदा की। कार्तिक हाड़ी ने कहा कि इस घटना के जिम्मेवार असमाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।कहा कि अगर प्रशासन द्वारा दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा संगठन जिला प्रशासन से असमाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए चौक के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग करती है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही संगठन की ओर से नया चश्मा लगाया जाएगा। इस मामले में कार्तिक हाड़ी ने संगठन की ओर से धनबाद के उपायुक्त को आवेदन देकर शरारती तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी, उपसंगठन सचिव बिनोद हाड़ी, युवा संगठन सचिव भरत हाड़ी, सूचना मंत्री श्रवण हाड़ी, नरेश हाड़ी आदि थे।

# टुंडी : शहीद श्याम लाल मुर्मू की 30वीं पुण्यतिथि मनाई गई

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह शहीद स्थल में आज शुक्रवार को झामुमो नेता श्याम लाल मुर्मू की की 30 वीं पुण्यतिथि बड़े ही उत्साह पूर्ण वातावरण में मनाई गई। प्राप्त समाचार के अनुसार आज श्याम लाल मुर्मू की 30 वीं पुण्यतिथि पर टुंडी विधायक ने शहीद बेदी में पहुंच कर पुष्प एवं धूप दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बताया जाता है कि श्याम लाल मुर्मू झामुमो के जुझारू एवं समर्पित नेता थे झामुमो के सुप्रीमो शिबू सोरेन के दाहिने हाथ के नाम से जाने जाते थे जिससे आज़ भी लोग उनके निजी आवास को शिबू आश्रम कहकर पुकारते हैं इनकी हत्या कुछ बर्ष पूर्व नक्सलियों ने कर दिया था। आज उनके पुण्यतिथि पर उनकी पत्नी



को विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस पुण्यतिथि में झामुमो के कई दिग्गजों ने उनकी शहीद स्थल में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उनके निजी सचिव बसंत महतो, झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, जिला सचिव मन्नू आलम,युदेशवर सिंह, जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम , प्रखंड प्रवक्ता कामेश्वर सिंह, जिला संगठन सचिव फूलचंद किस्कू,बीस सूत्री अध्यक्ष इन्द्रलाल बास्की, उपाध्यक्ष श्रवण टुडू, जिला कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, शहीद श्याम लाल मुर्मू की पत्नी बहाली मुर्मू, पुत्र प्रकाश मुर्मू, प्रदीप मुर्मू, अनवर अंसारी, बबलू सिंह समेत सैकड़ों झामुमो नेता उपस्थित थे।

# आजसू छात्र संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को आजसू छात्र संघ के द्वारा गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें सीयूएट झारखंड के 03 लाख गरीब छात्रो पर अनावश्यक रूप से किया गया आर्थिक प्रहार है इसके अलावे कोई लाभ नही है। झारखंड एक पिछड़ा राज्य हैं जंहा लाखो गरीब घर के बच्चे झारखंड बोर्ड जैक से पढ़ाई करते है जिनकी थोड़ी सी भी आर्थिक स्तिथि अच्छी होती है वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों से पढ़ाई करवाते है। इस वर्ष जैक बोर्ड की 12वीं के परीक्षा में शामिल छात्रो की संख्या लगभग 03 लाख है। CUET



के परीक्षा में शामिल होने का शुल्क झारखंड के कई विश्वविद्यालयों के नामांकन शुल्क से भी अधिक है। जंहा 1300-1400 रु में नामांकन हो जाता है वही सिर्फ CUET के परीक्षा में शामिल होने के लिए 1500रु0 का शुल्क चुकाना पड़ रहा है।इस एंट्रेंस परीक्षा के बाद फिर से चांसलर पोर्टल के माध्यम से ही नामांकन होना है। लेकिन जंहा इंटर के अंको से मेरिट तैयार की जाती थी वहीं अब CUET के स्कोर कार्ड से मेरिट बनेगी। इंटर में पास होने की अहर्ता मात्र रह जाएगी। यदि कोई छात्र CUET में अच्छा स्कोर कर जाता है और इंटर में फैल हो जाता है तो उसका नामांकन नही होगा ऐसी स्तिथि में छात्र का पैसा डूब जाएगा। जंहा जैक बोर्ड और केंद्रीय बोर्ड का अलग सिलेबस होता था वही आज दोनों का सिलेबस एक ही होगा।इसका परिणाम यही होगा कि दूषित शिक्षा प्रणाली का शिकार जैक बोर्ड के छात्र संसाधन से परिपूर्ण केंद्रीय बोर्ड के छात्रो से पिछड़ जाएंगे और गरीब घर के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाएंगे।

# पटना व गया से आनंद विहार के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा पटना एवं गया से आनंद विहार के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

1. गाड़ी संख्या 03255/03256 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल (सप्ताह में दो दिन)ः गाड़ी सं. 03255 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 28.05.2023 से 15.06.2023 तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को पटना से 22.20 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03256 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 29.05.2023 से 16.06.2023 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को आनंद विहार से 23.30 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी ।

2. गाड़ी संख्या 02391/02392 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल (सप्ताहिक)ःगाड़ी सं. 02391 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 27.05.2023 से 10.06.2023 तक प्रत्येक शनिवार को पटना से 22.20 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 02392 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 28.05.2023 से 11.06.2023 तक प्रत्येक रविवार को आनंद विहार से 23.30 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी ।

3.गाड़ीसंख्या 03635/03636 गया-आनंद विहार-गया सुपरफास्ट समर स्पेशल (सप्ताह में तीन दिन)ः गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल दिनांक 29.05.2023 से 14.06.2023 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

# साइकिल मिलने से छात्राओं को मिलेगा विशेष लाभ, तेज होगी अध्ययन की रफ्तार : विधायक

➲विधायक भूषण बाड़ा ने 150 छात्राओं को दिया साइकिल साइकिल मिलने से छात्राओं को मिलेगा विशेष लाभ, तेज होगी अध्ययन की रफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट प्रखंड के बंगरू पंचायत में विधायक भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को 150 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। लोटश आउटरिच इंटरनेशनल, नया सवेरा विकास केन्द्र हजारीबाग के द्वारा आयोजित साइकल वितरण कार्यक्रम में पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। मौके पर विधायक ने बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगा और उनके अध्ययन की रफ्तार भी तेज हो सकेगी। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्राओं को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि गांवो में संसाधन की कमी और आने जाने की समस्या के कारण कई बच्चे पढ़ना छोड देते हैं। इसमें बेटियों की संख्या अधिक है। लोटाश आउटरिच इंटरनेशनल, नया सवेरा विकास केन्द्र हजारीबाग संस्था ने बच्चियों की इस समस्या को समझा और साइकिल देकर इनकी पढ़ाई जारी रखने के लिए सराहनीय प्रयास किया है। मौके पर प्रमुख सोनी लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि केशवर सिंह,20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, बीस सूत्री सदस्य सतनारायण केशरी, महिला अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, एनएसभीके सचिव बीरेंद्र कुमार, संजय नागरची चिराश लकड़ा, गोस्सनर गुड़िया, कमला उराईन, प्रदीप सोरेंग, चंद्रिका देवी सुखराम भगत,पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा, संजय साहू, भुनेश्वर राम, कांति देवी सहित काफी संख्या में बालिकाएं उपस्थित थे।

# बाईपास सड़क निर्माण में कम मुआवजा देने से किसान नाराज : पवन तिग्गा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा जिला के सदर प्रखंड के ग्राम हिरही में ग्राम प्रधान हिरही आकाश कुजूर के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड पार्टी जिलाध्यक्ष पवन तिग्गा उपस्थित हुए। ग्रामीणों का बाईपास सड़क निर्माण में किसानों को जो प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा है उस मुआवजा की राशि से किसान भाई काफी असंतुष्ट है। झारखंड पार्टी उपायुक्त लोहरदगा से मांग करती है कि हिरही के जमीन रजिस्ट्री ऑफिस में प्रतिदिन रजिस्ट्री हो रही है वर्तमान रजिस्ट्री डीड को देखते हुए मुआवजा दिया जाए ताकि किसान विस्थापित ना हो पाए। यह नहीं तो जितना जमीन बाईपास निर्माण मे सरकार अधिग्रहण कर रही है उतना रकबा किसान को दिया जाए ताकि किसान विस्थापित नहीं होंगे और स्थापित होंगे। निम्नलिखित किसानों का जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। तुलसी भगत, जगरनाथ महतो,विनोद कुजुर, मंगल कुजुर,लगवा उरांव, सुरेश उरांव, संजय उरांव, लिटरु उरांव, सुखदेव उरांव, सूरज उरांव, विनोद हुजूर, प्रतिमा कुजुर, गणेश उरांव,जाति उरांव, सोहराई भगत, डोरी उरांव, लोहा उरांव, एतवा उरांव, बासु उरांव, बंधनों उरांव, महादेव भगत, गंगा भगत, बकाश्त मूईहरी, विश्वनाथ भगत,सनी उरांव, सुकरो उरांव, अमर उरांव, महिंद्र उरांव, दीनू उरांव, सोमा उरांव, जैनी उरांव, अजय खाखा सोमनाथ भगत आदि शामिल है।

# अंधी तूफान में गरीब का उजड़ा आशियाना, रहने की समस्या हुई उत्पन्न



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश आरम्भ कई गरीब परिवार का उजड़ा आशियाना सर छुपाने की समस्या हुई उतपन यह आलम भड़गाँव पंचायत के डोका करमटोली सहित अन्य गाँवो का समस्या है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत अन्तर्गत डोका करमटोली ग्राम में चार गरीब परिवार का घर का एलबेस्टर तेज आंधी तूफान में उड़ गया जिसे लोगो के बीच रहने की समस्या उतपन हो गई। यह आलम सेन्हा पंचायत ग्राम में भी देखने को मिला जहां गणेश यादव का गुहार घर तथा नईमा खातून का घर का एलबेस्टर तेज हवा उड़ा ले गया। बताया जाता है। कि डोका करमटोली निवासी स्व मघी उराँव का पुत्र सुरेन्द्र उराँव,तेवारी भगत पुत्र नारायण भगत,सुकरा उराँव का पुत्र लीलमोहन उराँव और मड़वारी उराँव का पुत्र विकास उराँव के घर का एलबेस्टर उड़ गया जिसे गरीब परिवार के बीच रहने की समस्या बना हुआ है। वही बताया जाता है। कि घर का एलबेस्टर उड़ने से किसी का हताहत होने की सूचना नही है। परंतु घर मे रखा धान,गेंहूँ,चावल सहित घरेलू उपयोग का अन्य चीजें भींग गया। जिसमें हजारों हजार का नुकसान होने की बात बताया जा रहा है। इसके अलावे उन सभी गरीब परिवार वालों को रहने के लिये काफी परेशानी उतपन्न हो गई।

# फलदार आम पेड़ में शरारती तत्वों ने लगाई आग अग्निशमन टीम ने पहुंच कर आग पर पाया काबू



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चमडु सप्ताहिक बाजार स्थित हरा भरा फलदार आम पेड़ में लगा आग सूचना पर अग्निशमन टीम पहुंच आग पर पाया काबू कोई हताहत नही। सेन्हा थाना क्षेत्र के चमडु सप्ताहिक बाजार परिसर में लगा विशाल फलदार आम पेड़ में किसी शरारती तत्वों के द्वारा आम के खोडहर में आग लगा दिया गया। जो धूं धूं कर 20 फिट ऊँचाई तक पकड़ लिया। जिसपर ग्रामीणों का नजर पड़ते ही प्रशासन को घटना की सूचना दिया गया। अगलगी सूचना पर अग्निशमन टीम घटना स्थल पहुंच आग बुझाने के दिशा में कदम उठाया और काफी प्रयास के पश्चात आग पर काबू पाया गया परंतु पूर्ण रूप से नही बुझा वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि चमडु में सप्ताहिक बाजार लगता है। और ऐसे स्थिति में अप्रिय घटना होने का खतरा बना हुआ है। बताया जाता है कि अगलगी से पेड़ कमजोर हो चुका है। और वह कभी भी गिर सकता है। साथ ही शंका जताया जा रहा है कि बाजार के समय मे पेड़ गिरने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावे बाजार के आसपास में बना मकान भी आग के चपेट में आ सकता है। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने अगलगी घटना की सूचना के पश्चात पेड़ काट कर हटाने की अनुमति रैयत को दिया है। ताकि अप्रिय घटना होने से रोका जा सके। फिलहाल कोई हताहत नही हुआ है। वहीं हरा भरा फलदार आम पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया

# अनाथ बच्चे की मदद के लिए सामाजिक विचार मंच आगे आया, किया आर्थिक मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला घाघरा प्रखंड के चाँची गांव पहुंचकर सामाजिक विचार मंच, लोहरदगा के लोगों ने अनाथ बालक अभिनव तिवारी एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि इस बालक के पिता की मृत्यु सड़क दुर्घटना में 17 मई को हो गई थी और लगभग दो वर्ष पूर्व कोरोना काल के वक्त उनकी मां का भी निधन हो गया था,इस कारण यह बच्चा अनाथ हो गया हैं,इनके दादा बेनी तिवारी की उम्र भी 85 साल है और इनके दादी भगवती देवी की उम्र 75 वर्ष हैं। जिसकी खबर पाकर सामाजिक विचार मंच के संयोजक मंडली के कवलजीत सिंह, विनोद सिंह, विक्रम कुमार, बरज सिंह, मनोज गुप्ता इनके गांव पहुंचे, गांव पहुंचकर 10,100 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की एवं बालक को आगे पढ़ाई के लिए हर मदद का भरोसा दिलाया और उनके परिजनों को यह भी बताया गया कि राज्य सरकार की स्पॉन्सरशिप स्कीम के तहत बच्चे की पढ़ाई की व्यवस्था की जा सकती है और मंच के लोगों ने वहीं से सीडब्ल्यूसी के मेंबरों से इस बारे बात भी की। दूसरी ओर उनके परिजनों को यह भी बताया गया कि पारिवारिक सदस्यता लाभ योजना के तहत भी इनको लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा, इसके अलावा निसहाय भत्ता प्रतिमाह से इनको सरकारी राशि दिलाने का प्रयास किया जाएगा और आगे बच्चे की पढ़ाई में मँच हमेशा इनके साथ सहयोग के लिए खड़ा रहेगा यह भी आश्वस्त किया। आज आर्थिक सहयोग करने वालों में श्री सीपी यादव, केशव पाठक, द्रौपदी कुजुर, धीरज कुमार, मदन साहू, संदीप घोष भी शामिल थे।

हॉकी सिमडेगा द्वारा पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे हैं खेल प्रतियोगिता

# प्रत्येक दिन सुबह शाम 105 बालक-बालिका हॉकी खिलाड़ियों को निशुल्क दी जाती है हॉकी प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बांसजोर प्रखंड और ठेठईटांगर प्रखंड सिमाना के सुदूरवर्ती इलाके में बसे कुरकुरा पहान टोली में स्थानीय युवकों ने अपने इलाके के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की है जिसके तहत गांव में खाली पड़ी जमीन को खुद से समतल कर मैदान का रूप दिया गया है और वहां 105 बालक बालिका हॉकी खिलाड़ियों को प्रत्येक दिन सुबह शाम गांव के ही तीन युवक पौलूस कीड़ों, सुरेश बा और अनमोल टोपनो के द्वारा सुबह शाम निशुल्क रूप से हॉकी का प्रशिक्षण दिया जाता है। हॉकी सिमडेगा द्वारा गांव की प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए चलाए जा रहे महा अभियान के तहत बांसजोर प्रखंड में आयोजित चयन प्रतियोगिता में पौलुस किड़ो और उनके साथी गए हुए थे तो उन्हें लगा कि वह भी अपने गांव के खिलाड़ियों को आगे बढ़ा सकते हैं और उन्होंने पूर्व हॉकी खिलाड़ी सलन मुंडू से बातचीत कर यहां प्रशिक्षण की शुरुआत की गांव के अभिभावकों से आपस में मीटिंग कर सभी लोगों से बच्चों के लिए स्टिक खरीदने का आग्रह किया गया और देखते ही देखते इस प्रशिक्षण स्थल से 4 किलो मीटर रेडियस के 105 बच्चे ट्रेनिंग करने पहुंच गए। ग्रास रूट पर हॉकी को हमेशा से प्रोत्साहित करने वाले हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोन्बेगी को जैसे ही पता चला कि कुरकुरा में काफी संख्या में खिलाड़ियों अभ्यास कराया जा रहा है तब वे आज अहले सुबह अपनी सहयोगी वेद प्रकाश भोक्ता जी के साथ प्रशिक्षण स्थल पहुंच गए और वहां पर 105 बच्चों को ट्रेनिंग दे रहे हैं तीनों प्रशिक्षकों के कार्य को देखकर काफी प्रभावित हुए और उन्हें हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# कैरो प्रखंड क्षेत्र में बाल-विवाह रोकथाम हेतू चलाया गया जागरूकता अभियान



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 मई गुरुवार को ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड के सढ़ावे पंचायत के ग्राम सढ़ावे और ऐडादोन में जिले में चल रहे न्याय की शुरुआत कार्यक्रम अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम पर किशोरियों एवं ग्रामीणों के बीच रैली एवं शपथ ग्रहण कराया गया। जिसमें संस्थान के फील्ड फैसिलिटेटर संदीप रविदास, वार्ड सदस्य आशा उराँव, सहायिका बारिया उराँव, बिजय यादव, स्वस्थय सहिया वीणा उराँव जलसहिया बसन्ती उराँव, गीता देवी, निकी कुमारी, किरण कुमारी प्रियंका कुमारी एवं भारी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।

# लोहरदगा में आंधी तूफान ने मचाया कहर, जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** तेज तपती गर्मी के बीच तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश ने मौसम में थोड़ी देर के लिए ही सही इस तेज तपती गर्मी से तो राहत मिली पर जिले के विभिन्न स्थानों में पेड़ पौधा सहित कितनों की आशियाना उड़ा ले गई। लोहरदगा के आसपास के इलाकों में दोपहर 12 बजे के आसपास मौसम के बदले मिजाज ने कहर कुछ इस तरह बारपाया कि कहीं पेड़ उखड़ पड़े तो कहीं घर की छते उड़ गई तेज आंधियो के साथ जोरदार बारिश से कुछ समय के लिए लोगो जीवन अस्त-व्यस्त हो गया कहीं लोगों की छते भी उड़े तो कहीं बड़े-बड़े पेड़ जमीन पर गिर कर धराशाई हो गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने ये संकेत पहले ही जारी कर दिया था तथा लोगो को अलर्ट रहने के निर्देश भी जारी किए थे। वही सदर प्रखंड क्षेत्र के भट्ठखिजरी अरकोसा के पास एक बड़े पेड़ के गिरने से यात्रियों का आवागमन बाधित हो गया। शहरी क्षेत्र की बात करे तो मैना बगीचा स्थित हिंडाल्को गेट के पास चारदीवारी गिर कर धरासायी हो जिसे भी रास्ते पर आने जाने वाली गाड़ियों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। हालांकि शहरी क्षेत्र होने के कारण रास्ते को जल्द ही साफ कर आवागमन प्रारंभ कराई गई। वही क्षेत्र मे बिजली को लेकर पिछले कई दिनों से लोग परेशान है,वही फिर से इस आंधी तूफान ने लोगो का जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक कोई हताहत की सूचना नही मिली है।

# नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलने से इस क्षेत्र के लोग हैं आक्रोशित : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य सरकार ने आदर्श विद्यालय योजना के तहत विकसित किए गए 80 उत्कृष्ट विद्यालय का नाम परिवर्तन कर दिया है अब सभी विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जाएंगे। इसी क्रम में लोहरदगा नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम परिवर्तन कर उसके स्थान पर अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा कर दिया गया है। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड के मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलकर उसके स्थान पर नदिया हिंदू सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा करने की मांग किए। श्री साहू ने कहा कि नदिया हिंदू हाई स्कूल की स्थापना आजादी से पूर्व 1931 ईस्वी में हुआ था। बिड़ला ने स्कूल बनाने के लिए जमीन दिया था। मौजा नदिया था इसलिए उस समय के लोगों ने इस स्कूल का नामकरण नदिया हिंदू हाई स्कूल के नाम से किया था। अब झारखंड सरकार ने इस स्कूल का नाम बदलकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा कर दिया है। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि जिस स्कूलों में महापुरुषों का नाम है उस महापुरुषों के नाम नहीं हटाकर उसके बाद सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जोड़ा जाएगा। श्री साहू ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम इस क्षेत्र के जन भावनाओं से जुड़ा हुआ है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बांसजोर प्रखण्ड में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष बर्थलोमी तिर्की ने किया।संचालन बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष प्रसन्न लुगुन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है, बाबा भीमराव अम्बेडकर के बनाए संबिधान को तार तार किया जा रहा है।देश के आजाद होते ही कांग्रेस की सरकार ने गरीबों के लिए एक से बढ़कर एक कानून लाकर गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया, बहुत सारी योजनाओं को लाया जैसे इन्दिरा आवास योजना,बृध्दा पेंशन योजना, किसान समृध्दि योजना, युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना, गम्भीर बीमारी योजना आदि लाकर सशक्त बनाने का कार्य किया है।

# ग्राम पंचायत का विकास के लिये मुखिया व पंचायत सचिव करें प्रमुख योजनाओं का चयन



**सेन्हा-लोहतदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना के अन्तर्गत मुखिया व पंचायत सचिव को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड पंचायती राज स्वशाति परिषद व प्रदान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक संजीव कुमार और रामस्वारथ महतो ने वितीय वर्ष 2023-24 के लिये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना के माध्यम से जल, स्वच्छता, गरीबी मुक्त आजीविका, हरित ग्राम, बाल हितैषी, बुनियादी सुविधा, बिजली, सड़क सहित अन्य विकास योजनाओं का परीक्षण दिया गया। तथा सभी मुखिया और पंचायत सचिव को ग्राम पंचायत का विकास के लिये योजना चयन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया शोभा देवी, अनिल उराँव, बसन्ती देवी, दिलीप उराँव, राजश्री उराँव, धनवाज उराँव, पार्वती उराँव, पंचायत सचिव भैया भगत, आनन्द सिंह, महिपाल उराँव सहित सभी लोग उपस्थित थे।

# पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के बंद को सफल बनाने के लिए जिलावासियों का आभार : रितेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्थानीय को आरक्षण हेतु हेमन्त सरकार की भेदभावपूर्ण नीति के विरुद्ध पिछड़ी जाति वर्ग संघर्ष समिति के आहवाहन पर राज्य के सात जिलों में आज बुलायी गयी बंद को शत प्रतिशत समर्थन प्राप्त हुआ एवं बंद सफल रही। लोहरदगा ज़िला में आज सुबह सात बजे से ही पिछड़ी जाति वर्ग समिति के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता द्वारा बाजार में घूम घूमकर व्यवसायियों से निवेदन कर पूरा ज़िला में बंद को सफल बनाने हेतु व्यवसायियो से समर्थन मांगा गया, जिस कारण सभी के सहयोग से आज का बंद शत प्रतिशत सफल रहा। बंद की सफलता का शुभ संकेत यह भी रहा कि पिछड़ी जाति वर्ग के लोग एकजुट तो हो ही रहे हैं साथ ही साथ आंदोलित भी हैं। सरकार द्वारा पिछड़ी जाति को दिए जानेवाला 27त्न आरक्षण को लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा, दुमका में रह रहे पिछड़ी जातियों को भी देने का काम जल्द से जल्द करना चाहिए तथा इसको लागू करने हेतु सकरात्मक कदम भी उठाये।अन्यथा आगे की रणनीति में झारखण्ड राज्य के सम्पूर्ण व्यवसाय व आवागमन ठप करने के साथ साथ इससे भी कड़ा आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने को मजबूर होगी। जिसका सम्पूर्ण जवाबदेही राज्य सरकार की होगा। ज्ञात हो कि झारखण्ड सरकार द्वारा गजट जारी कर राज्य के 17 जिलों में रह रहे स्थानीयों को वर्गीकृत कर आरक्षण दिया गया है,जिसमे पिछड़ी जाति भी शामिल है।परन्तु बाकि बचे सात जिलों में रह रहे आदिवसी,हरिजन व जनरल वर्ग के लोगो को आरक्षण तो दिया गया परन्तु पिछडों के आरक्षण को शून्य कर दिया गया,जो सरकार की भेदभावपूर्ण नीति को दर्शाता है। अतः झारखण्ड सरकार को आज के बंद से यह संकेत दिया गया कि हम पिछड़ी जाति वर्ग विशेष की लोग अपने साथ हुए अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे तथा अन्याय खिलाफ पूरी ताकत से आवाज़ उठाएंगे। आज के बंद को सफल बनाने में पिछड़ी जाति वर्ग संघर्ष समिति लोहरदगा ज़िला अध्यक्ष रितेश कुमार, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पंकज, महासचिव मनोज साहू, प्रवक्ता रोहित साहू, उपाध्यक्ष दीपक साहू, बजरंग साहू, केंद्रीय कार्यकरिणी के राजकिशोर महतो, संदीप कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता मन्ना सक्रिय सदस्य विनोद साहू, राजकुमार साहू, अभय महतो, बाल्मीकि कुमार इत्यादि सदस्य शामिल रहें।

# राजेंद्र बहादुर पाल ने मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर अधिवक्ता व पीएलबी के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सिविल कोर्ट परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभा कक्ष में 26 मई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में मिडिएटर, एलएडीसी अधिवक्ता,प्रो बोनो अधिवक्ता, टेले ला अधिवक्ता और पीएलवी की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं को जाना। साथ समस्या पर उचित सलाह दी। बैठक में उन्होंने 29 मई से 14 जून तक चलने वाले मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवाड़ा के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सिविल कोर्ट परिसर में एक पखवाड़े तक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से वादों के निष्पादन के बारे में जानकारी दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा वादों के निष्पादन की अनूठी पहल है। जो आम लोगों के लिए लाभकारी व कल्याणकारी साबित होगी। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता में भाग लेने वाले दोनों पक्षकारों की बातें गोपनीय रहती है। इसमें भाग लेना पक्षकारों की सहमति पर निर्भर है। दोनों पक्षकार मिलकर विवाद का समाधान ढूंढते हैं। इससे दोनों का समय, धन व व्यक्तिगत संबंधों की रक्षा होती है। वहीं 27 मई को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन को लेकर ब्लॉक स्तर पर किए गए तैयारी पर चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने माह जून में झालसा द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों पर चर्चा किया । वहीं बताया गया कि माह जून में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस,12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस,21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और 26 जून को नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं मिडियटर अधिवक्ताओं ने मध्यस्थता के बारे में विस्तार से बतलाया। इस अवसर पर झालसा, रांची द्वारा प्रदान किये गये शैक्षणिक फिल्मों को भी सभी को दिखलाया गया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि नालसा व झालसा के द्वारा निर्देशित कार्यो व योजनाओं को हमसब अपने प्रयासों से धरातल पर उतार रहे हैं किंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है।

# खेल का मैदान हमें विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहने का सीख देता है : बीडीओ

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कैरो गाँव में युवा सद्भावना मंच के तत्वधान में जिला प्रशासन के निर्देश पर 26 मई शुक्रवार को बैडमिंटन मैच का आयोजन किया गया। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में कैरो पंचायत के 2 टीमों ने भाग लिया जिसमें कैरो की टीम ने उतका को 2-1 से हराया। मैच का उद्घाटन करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि युवा खेल से जुड़े इससे मानसिक, शारीरिक बौद्धिक व चरित्र निर्माण के साथ आपसी समरसता स्थापित करने में मदद मिलती है, खेल का मैदान हमें विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहने की सीख देता है। आगे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महोदय ने कहा कि सद्भावना मंच की ओर से बॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन के अलावा संगीत, ललित कला व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता है। साथ उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के कार्यक्रमों की प्रशिक्षण निशुल्क कराया जा रहा है।

**चलते चलते एक नजर**

## सिलाई कटाई प्रशिक्षण संपन्न, प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रमाण पत्र

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जामा दुमका के तत्वाधान में महिलाओं के लिए 30 दिवसीय महिला सिलाई कटाई का प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान कुल 34 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रशिक्षण समापन के दौरान प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को भारत सरकार के एनसीवीटी युक्त प्रमाण पत्र भी दिया गया। आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि झारखंड को संवारने में सखी मंडल से जुड़ी महिलाऐं भी अहम भूमिका निभा रही हैं।भारत सरकार के आजीविका मिशन के तहत् गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को इस तरह का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही उन्होनें कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं की पुरूषों पर आत्मनिर्भरता खत्म होगी ,खुद को स्वावलंबी बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। आरसेटी के संकाय सदस्य अमरदीप कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को सफल उद्यमी बनने के सारे गुण बताएं, जिसमें उद्यमी की दक्षता, बाजार सर्वेक्षण,समय प्रबंधन, समस्याओं का समाधान,योजना प्रारूप,तथा बैंकों के विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बतलाया। बोकारो से आई महिला प्रशिक्षिका अनिता शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को साधारण ब फैंसी ब्लाउज, पेटीकोट, सलवार, नाईट सूट, अनारकली सूट, पटियाला सूट, स्कूल यूनिफॉर्म, बेबी फ्रॉक, घंघरी, बाबा सूट, लेगिंज और लेडीज जींस के साथ साथ करीब 18-20 तरह के डिजाइनों की जानकारी दी ताकि महिलाएं घर में रहकर अपने काम करते उद्यमी बन सके। इस मौके पर कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार सिंह तथा संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

## स्वाति प्रसाद का नया गाना एक जून को होगा रिलीज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** रांची की रहने वाली उभरती प्लेबैक सिंगर स्वाति प्रसाद का नया गाना रांची के छोरे एक जून को रिलीज हो रहा है। गाना उनके यूट्यूब चैनल स्वाति प्रसाद ऑफिशियल पर जारी होगा। सोशल मीडिया पर गाने को लेकर पोस्टर सामने आया है। गाने में रांची के अलग-अलग जगह, भोजन, संस्कृति, परंपरा, झारखंड संगीत वाद्ययंत्र का प्रयोग किया गया है। रांची के छोरे ÷ गाने के माध्यम से रांची की सुंदरता, शहर के रमणीक स्थल, खान पान, रहन सहन और यहां के लोगों की ऊर्जा को दर्शाने का काम कर रही है। गाने में लोगों को फिरायालाल, चर्च कॉम्प्लेक्स, टैगोर हिल, जगन्नाथ मंदिर समेत शहर के विभिन्न रांची के चौक चौराहों की जिंदगी लोगों को देखने को मिलेगा। इसके अलावा ढाबे के तड़का दाल से लेकर मांदर की थाप और स्थानीय वाद्य यंत्रों की सुर ताल सब कुछ एक रंग बिरंगे ताजे गुलदस्ते की तरह देखने को भी मिलेगा। झारखंडी भाषा, पहनावा और बोल चाल एक नए फ्लेवर के साथ रिलीज होने वाला है। स्वाति प्रसाद इस नये गाने को लेकर काफी उत्सुक है। उन्होंने बताया कि इस गाने में उन्होंने स्वयं गाया और संगीत दिया है। उन्होंने रांचीवासियों के साथ झारखंडवासियों को इस गाने को प्यार देने की अपील की है। ज्ञात हो कि स्वाति ने टीवी के पॉपुलर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति के टाइटल ट्रैक में अपनी आवाज दी है। इसके अलावा उन्होंने आइजीटी में उपविजेता का ताज हासिल किया था।

# चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट में हर 20 दिन पर एक ग्रामीण की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित कोल्हान के जंगलों में करीब 20 दिन में आईईडी ब्लास्ट में एक व्यक्ति की मौत हो रही है। पिछले छह महीने के दौरान आईईडी ब्लास्ट में नौ निर्दोष ग्रामीण की मौत हो गई और 15 से अधिक सुरक्षाबल के जवान और ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**कब-कब हुई आईईडी ब्लास्ट में मौत**



**25 मई:** चाईबासा जिला के टोंटों थाना क्षेत्र के लूइया जंगल में कांडे लागूरी की मौत।

**18 मई:** चाईबासा के टोंटों थाना क्षेत्र के रेंगडाहातू में नारा कोड़ा की मौत।

**28 अप्रैल:** चाईबासा के ही गोईलकेरा थाना क्षेत्र के पाताहातू में जेना कोड़ा की मौत।

**25 मार्च:** चाईबासा के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चिड़ियाबेड़ा में गुरुवारी तामसोय की मौत।

**01 मार्च:** चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के ईचाहातू में कृष्णा पूर्ति की मौत।

**21 फरवरी:** चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मेरालगढ़ा में हरिश्चंद्र गोप की मौत।

**28 दिसंबर 2022:** चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के छोटाकुदडा में सिंगराय पूर्ति की मौत।

**20 नवंबर 2022:** चाईबासा जिला के टोंटों थाना क्षेत्र के रेंगडाहातू में चेतन कोड़ा की मौत।




## आशा लकड़ा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को भाजपा की राष्टीय मंत्री सह रांची की पूर्व मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने राष्टपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने स्मृति चिह्न व पुस्तक भेंट कर राष्टपति का अभिवादन किया।

## एनटीसीए ने चीता परियोजना संचालन समिति का किया गठन, डॉ राजेश को बनाया गया अध्यक्ष



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश में चीता परियोजना की समीक्षा, प्रगति, निगरानी और सलाह के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने चीता परियोजना संचालन समिति का गठन किया है। इस समिति में ग्यारह सदस्य हैं जिसमें ग्लोबल टाइगर फोरम के महासचिव डॉ. राजेश गोपाल को अध्यक्ष बनाया गया है।इसके साथ पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक आर. एन. मेहरोत्रा, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून पूर्व निदेशक पी.आर. सिन्हा, डॉ. एच.एस. नेगी, डब्ल्यूआईआई के पूर्व संकाय सदस्य डॉ. पी.के. मलिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान एंव डब्ल्यूआईआई सोसाइटी, देहरादून के पूर्व डीन जी.एस. रावत, मित्तल पटेल सामाजिक कार्यकर्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्य जीव संरक्षक, मध्य प्रदेश, प्रो कमर कुरैशी, वैज्ञानिक, भारतीय वन्यजीव संस्थान, महानिरीक्षक, एनटीसीए, सुभोरंजन सेन, एपीसीसीएफ-वन्यजीव शामिल हैं। इस समिति का कार्यकाल दो साल के लिए होगा और हर महीने इसकी बैठक की जाएगी। इस समिति में आवश्यकता पड़ने पर परामर्श के लिए चार अंतरराष्ट्रीय चीता विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है। इसमें दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा वन्यजीव विशेषज्ञ प्रो एड्रियन टॉरडिफ, नामीबिया की , सीसीएफ डॉ. लॉरी मार्कर, दक्षिण अफ्रीका के डॉ. एंड्रयू जॉन फ्रेजर, और विन्सेंट वैन डैन मर्व( प्रबंधक, चीता मेटापोपुलेशन प्रोजेक्ट, द मेटापोपुलेशन इनिशिएटिव, दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं।

## महंगाई व बेरोजगारी रोकने में विफल रही मोदी सरकार : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई, बेरोजगारी रोक पाने में विफल रही है।

राहुल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि भाजपा सरकार ने बीते 09 वर्ष में कोई काम नहीं किया। इस सरकार ने झूठे वादें कर जनता को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि महंगाई,नफ़रत और बेरोज़गारी के लिए प्रधानमंत्री मोदी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



राहुल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की बुरी हाल है। किसान परेशान हैं। मोदी सरकार किसानों की आय दोगुना करने में विफल रही है। देश में भ्रष्टाचार चरम पर है और सरकार सिर्फ चंद व्यापारियों के हित के लिए काम कर रही है। मोदी सरकार चीन और राष्टीय सुरक्षा के मामले में विफल है। विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। कोरोनाकाल में यह सरकार पूरी तरह असहाय दिखी। करोड़ो लोगों को मिसमैनेजमेंट के कारण पलायन करना पड़ा था।।राहुल ने कहा कि मोदी सरकार के पास 09 वर्ष के शासनकाल में कुछ भी दिखाने को नहीं है।

इस सरकार ने चुनावी फायदे के लिए देश में डर का माहौल बनाने का काम किया है।

# भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग बहुत मजबूत और भरोसेमंद : डॉ. मनसुख मांडविया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग मजबूत और भरोसेमंद है। इसकी वजह से देश न केवल महामारी के दौरान दवाओं की अपनी मांग की आपूर्ति कर सका, बल्कि 150 देशों को दवाएं भेजी भी। डॉ. मनसुख मांडविया शुक्रवार को फार्मा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र पर 8वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। फार्मास्युटिकल्स विभाग द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से भारत को फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस सेक्टर में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उत्पादों के विनिर्माण केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. मांडविया ने राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 का अनावरण किया और चिकित्सा उपकरणों के लिए निर्यात संवर्धन परिषद का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने सामान्य सुविधाओं के लिए चिकित्सा उपकरण समूहों के लिए सहायता (एएमडी-सीएफ) नामक एक योजना भी शुरू की। इस योजना का उद्देश्य चिकित्सा उपकरण समूहों में सामान्य बुनियादी सुविधाओं की स्थापना और उन्हें मजबूत करना और चिकित्सा उपकरणों के लिए परीक्षण सुविधाओं को मजबूत करना है।

डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत को विश्व का फार्मेसी कहा जाता है, आने वाले वर्षों में देश न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि वैश्विक मांग को भी पूरा करने में अधिक योगदान देगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगर हमें दुनिया की फार्मेसी बने रहना है, तो हम फार्मास्युटिकल उत्पादों की गुणवत्ता में कोई ढिलाई नहीं बरत सकते, हमारे उत्पादों को वैश्विक बाजार में सस्ता और प्रतिस्पर्धी भी होना चाहिए।

## एकजुट रहना समय की मांग : अजहर

**रांची:** मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी अध्यक्ष मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड ने कहा कि भारत की आजादी अखंड राष्टवाद की मजबूती से हासिल हुई है।

आजादी आंदोलन के महान मुजाहिदीन इमाम-उल-हिंद मौलाना अबुल कलाम ने एक मौके पर देश को यह संदेश दिया था कि हमें सांप्रदायिक सद्भाव के बिना भारत की आजादी नहीं चाहिए। यदि हमें भारत की स्वतंत्रता के लिए छह साल और इंतजार करना पड़े तो हम करेंगे। लेकिन हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, आदिवासियों और दलितों के आपसी भाईचारे और संबंधों को बर्बाद और कमजोर नहीं होने देंगे। आज नए-नए प्रचार के माध्यम से स्वतंत्र भारत को आहत और कलंकित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। देश के प्रति वफादारी और प्रेम की आवश्यकता है कि मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए बलिदान देना गर्व की बात मानी जाती है।

## नए संसद भवन का विरोध देशवासियों के स्वाभिमान का अपमान : धर्मेन्द्र प्रधान

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर.** नये संसद भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का कांग्रेस व अन्य राजनीतिक पार्टियों के बहिष्कार करने की घोषणा करने पर केन्द्रीय शिक्षा व कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इन पार्टियों पर जम कर निशाना साधा । उन्होंने कहा कि यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के स्वाभिमान और जनादेश का अपमान है। गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने एक ट्विट कर कहा कि नए संसद भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का बहिष्कार करना कांग्रेस और उनकी जैसी विचारधारा का समर्थन करने वाली अन्य पार्टियों की वैचारिक दरिद्रता और राजनीतिक दिवालिएपन का परिचय है। लोकतंत्र का मंदिर देशवासियों के स्वाभिमान, संकल्प, सामर्थ्य और आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का प्रतीक है। इसका बहिष्कार कर कांग्रेस 140 करोड़ देशवासियों के स्वाभिमान और जनादेश का अपमान कर रही है।



मंत्री प्रधान ने सवाल किया कि, क्या कांग्रेस पर देश और मोदी विरोध इतना हावी हो गया है कि ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर भी खोखली राजनीति कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अतीत में कांग्रेस सरकारों की गयी ऐतिहासिक ग़लतियों को एक-एक कर के सुधार रहे हैं। क्या कांग्रेस की कुंठा इस बात से है। वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में जनता ने परिवारवादी पंजे से देश की बागडोर छीन कर मोदी को सौंप दिया। क्या इसलिए कांग्रेस लगातार नए संसद भवन का विरोध और बहिष्कार कर रही है। उन्होंने कहा कि अमृत काल के महत्वपूर्ण कालखंड में जब भारत लोकतंत्र का एक गौरवशाली अध्याय लिखने जा रहा है, कांग्रेस व अन्य कई राजनीतिक पार्टियां नकारात्मक राजनीति के अवसर ढूंढ रही हैं। देश की जनता सब समझती है। कांग्रेस अपने इस अनुचित कदम पर गंभीरता से विचार करे। लोकतंत्र के ऐसे अपमान के लिए देश कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों को कभी माफ़ नहीं करेगा।

## समृद्धि हाइवे का दूसरा चरण राष्ट्र को समर्पित, शिर्डी से नागपुर तक 600 किमी हिस्सा वाहनों के लिए खुला



**एजेंसी**

**मुंबई :** राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिरडी में समृद्धि हाइवे के दूसरे चरण का लोकार्पण किया। इससे समृद्धि हाइवे का शिर्डी से नागपुर तक का 600 किलोमीटर का मार्ग आम नागरिकों के लिए खोल दिया गया है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि दिसंबर तक मुंबई से नागपुर तक का पूरा मार्ग बनकर तैयार हो जाएगा और इसे आम नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा। मौके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि शिरडी से इगतपुरी तक 80 किमी सड़क का काम पूरा हो चुका है। इस हाइवे से मुंबई और आसपास के शहरों से शिरडी जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा और समृद्धि हाइवे से 23 जिले जुड़ जाएंगे। मुंबई से नागपुर तक के 701 किमी में से 600 किमी के हाइवे को आवागमन के लिए खोल दिया गया है और इस राजमार्ग पर आज से यातायात शुरू हो गया है। इससे पहले पिछले दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिरडी और नागपुर के बीच 520 किलोमीटर लंबे समृद्धि राजमार्ग के पहले चरण का लोकार्पण किया था। आज समृद्धि हाइवे के दूसरे चरण का लोकार्पण किया जा रहा है। इसी वर्ष जनवरी तक यह हाइवे पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा।

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस हाइवे के निर्माण में बहुत समस्याएं आई थीं। जमीन देने के लिए किसानों ने आंदोलन किया था लेकिन जिस गांव में जमीन देने के लिए आंदोलन किया गया था, उस गांव के लोगों ने बाद में सबसे पहले जमीन दी थी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बहुत जल्द यह हाइवे मुंबई से नागपुर तक आम जनता के लिए तैयार हो जाएगा और इसका लाभ राज्य की जनता को होगा।

## एनएचआरसी ने प.बंगाल सरकार को पटाखा विस्फोट मामले पर नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली :** राष्टीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पश्चिम बंगाल में एक और पटाखा विस्फोट में दो व्यक्तियों की मौत के मामले पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग ने 4 सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। राष्टीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है कि पश्चिम बंगाल में एक और पटाखा विस्फोट होने पर 23 मई को मालदा शहर में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। कथित तौर पर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि पुलिस चौकी और नगर पालिका से कुछ ही मीटर की दूरी पर पटाखों और कार्बाइड की अवैध जमाखोरी देखी जा सकती है। राज्य में ऐसे तीन विस्फोट हो चुके हैं, जिनमें पिछले 08 दिनों में 16 लोगों की मौत हुई है। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री, यदि सत्य है, तो यह विस्फोट के पीड़ितों के मानव अधिकारों का उल्लंघन है।

# उप्र में तीन साल में क्रियाशील होंगे 22 एयरपोर्ट : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**एजेंसी**

**कानपुर :** उत्तर प्रदेश में जहां आज 11 हवाई अड्डे प्रचलित हैं, आने वाले तीन साल में 11 अतिरिक्त हवाई अड्डों की हम शुरुआत करेंगे। कुल 22 हवाई अड्डे उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। चित्रकूट, मुरादाबाद, झांसी, गाजीपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, सहारनपुर या श्रावस्ती, इन सभी जगहों पर एयरपोर्ट की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह बातें शुक्रवार को कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन के अवसर पर भारत सरकार के नागर विमानन मंत्री (सिविल एविएशन मिनिस्टर) ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही।

उन्होंने कहा कि कानपुर के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि जल्द ही कानपुर को राजधानी दिल्ली से जोड़ने के लिए कदम उठाया जाएगा। यही नहीं, अभी हमने 59 नए रूट घोषित किए हैं और भविष्य में 122



नए रूट घोषित किए जाएंगे। कानपुर को पंतनगर के साथ, अलीगढ़ के साथ, मुरादाबाद के साथ और श्रावस्ती के साथ जोड़ने की हमारी कल्पना है।

**प्रतिवर्ष 10 लाख यात्री कर सकेंगे इस टर्मिनल का इस्तेमाल**

अपने संबोधन की शुरुआत में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज कानपुर के लोगों की आंखों में एक नई चमक दिख रही है। इस चमक के पीछे दो कारण है। पहला, अभी जो नगर निकाय चुनाव हुए उसमें उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार अब ट्रिपल इंजन सरकार में परिवर्तित हो चुकी है। दूसरा कारण, कानपुर में बहुप्रतीक्षित एयरपोर्ट के विस्तृतीकरण और आधुनिकीकरण की जो मांग थी, उसे आज पूरा करते हुए नया एयरपोर्ट टर्मिनल जनता को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पांच अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं और आने वाले समय में जेवर और अयोध्या भी इससे जुड़ेंगे। यह श्रंखला अभी जारी है और इसी श्रंखला में कानपुर का एयरपोर्ट एक बहुत महत्वपूर्ण अंग के रूप में उभरा है। यहां छोटे से एयरपोर्ट से शुरुआत हुई थी और आज 16 गुना बढ़कर 65 हजार स्क्वायर फीट का एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ है। आने वाले समय में जिस टर्मिनल से केवल तीन हजार लोग गुजरते थे, वहीं अब प्रतिवर्ष 10 लाख यात्री इस टर्मिनल से अपने आवागमन की सुविधा तय कर पाएंगे। ये सुविधा सिर्फ कानपुर नहीं बल्कि आसपास के आठ जिलों को प्रभावित करेगी।

**600 प्रतिशत बढ़ा कानपुर में विमानों का आवागमन**

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्व की सरकारों से तुलना करते हुए कहा कि जिस कानपुर में पूर्व सरकार के समय में 2014 में हर हफ्ते केवल चार विमानों का आवागमन होता था। वहीं आज 600 प्रतिशत बढ़कर 28 विमानों का आवागमन होता है।